आज का तापमान

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 30°C | 14°C |

इनसाइड न्यूज

मिशन शक्ति ने प्रशासन और समाज को नया संदेश दिया: डॉ दिलीप...

उत्तर प्रदेश पेज: 05

लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस

बुधवार 19 फरवरी, 2025 / पेज: 12 / मूल्य: ₹3.00/- लखनऊ वर्ष: 16, अंक: 128

www.janexpresslive.com/epaper



'शिंदे द्वारा मंत्रालय में चिकित्सा सहायता... 12

# श्रद्धालुओं का सैलाब, हर तरफ जाम

## महाकुंभ: रोड पर गाड़ियां तो संगम में नावों का जाम, जेटी ओवरलोड हुई तो पुलिस ने बेरिकेडिंग कर भीड़ रोकी, मधुमक्खियों का हमला

जन एक्सप्रेस। प्रयागराज

महाकुंभ में अब सिर्फ 8 दिन बचे हैं, लेकिन श्रद्धालुओं की भीड़ कम नहीं हो रही है। एक ओर सड़कों पर गाड़ियां रेंग रही हैं तो दूसरी ओर संगम में नावों का जाम लग गया। 37 दिनों में 55.31 करोड़ श्रद्धालु स्नान कर चुके हैं। संगम आने वाले रास्तों पर लंबा जाम लगा है। पुलिस डायवर्जन के लिए टीन शेड लगा रही है। अरैल घाट पर वीआईपी जेटी में मानक (40) से ज्यादा लोग चढ़ गए हैं। ये सभी वीआईपी कोटे से दाखिल हुए थे। पुलिस ने कुछ लोगों को उतारा। बेरिकेडिंग कर भीड़ को जेटी की ओर आने से रोका। वहीं, महाकुंभ आ रही एक कार में आग लग गई। घटना बैरहना मुहल्ले की है। कार काफी जल गई। अभिनेत्री जूही चावला ने भी संगम में स्नान किया और कहा कि मेरी जिंदगी की सबसे अच्छी सुबह थी। केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी संगम में डुबकी लगाने पहुंचे। अरैल घाट पर मधुमक्खी का छत्ता टूट गया। इससे घाट पर स्नान कर रहे श्रद्धालु बचते हुए संगम से बाहर निकलते नजर आए। पुलिस बाहर से आने वाली गाड़ियों को शहर में एंट्री से पहले ही रोक रही है। वहां से शटल बस और ई-रिक्शा चल रहे हैं, लेकिन भीड़ ज्यादा होने के चलते श्रद्धालुओं को संगम तक पहुंचने के लिए 10-12 किमी पैदल चलना पड़ रहा है।



### मिर्जापुर और लखनऊ मार्ग पर आठ किमी तक वाहनों की कतार

इससे पहले, महाकुंभ मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को लगातार तीसरे दिन सोमवार को भी जाम से जूझना पड़ा। सबसे खराब स्थिति मिर्जापुर और लखनऊ मार्ग पर रही। यहां पर आठ से 10 किलोमीटर तक गाड़ियों की कतारें लगीं रहीं। वहीं, संगम से अपने घरों को लौट रहे श्रद्धालुओं को भी घंटों जाम से जूझना पड़ा। हालांकि, पिछले तीन दिन के मुकाबले शहरवासियों को जाम से थोड़ी राहत मिली है। प्रवेश प्वाइंट पर करीब छह किमी से अधिक जाम लगा रहा। कुछ वाहनों को प्रयागराज-वाराणसी हाईवे की ओर भेज दिया गया। सिकरी से लगा जाम मलाक हरहर तक रहा। यहां बेला कछार पार्किंग में वाहनों को पार्क कराया गया। फाफामऊ तक रुक-रुक गाड़ियां चलती रहीं। शहर में अलोपीबाग चुंगी, बांगड़ चौराहा, दारागंज, लेप्रोसी, झूंसी, अंदावा, नए यमुना पुल, पुराने यमुना पुल, मेडिकल चौराहा, तेलियरगंज, फाफामऊ, चौफटका, धूमनगंज, सोहबतिया बाग, समेत कई क्षेत्रों में वाहन दिनभर रुक-रुक कर चल रहे थे।

### भारी भीड़ से वीआईपी जेटी एक ओर झुकी, लोगों को उतारा गया

अरैल घाट पर वीआईपी जेटी में मानक (40) से ज्यादा लोग चढ़ गए हैं। ये सभी वीआईपी कोटे से दाखिल हुए थे। अब मेला के एडीएम विवेक चतुर्वेदी माइक से बोल रहे हैं कि 40 से ज्यादा लोग नहीं जाएंगे, चाहें कितनी भी देर जेटी रोकनी पड़ जाए। जेटी (मोटरबोट) पर मानक से ज्यादा घुसने वाले वीआईपी कोटे के लोगों को पुलिस बाहर निकाल रही है। ज्यादा भीड़ की वजह से जेटी मामूली रूप से एक तरफ झुक गई। हादसे की आशंका को देखते हुए जेटी को रवाना नहीं किया गया है। अब भीड़ को उतारा जा रहा है। मेला एडीएम ने रिजर्व जेटी पर भारी भीड़ को देखते हुए कहा है कि एंट्री प्वाइंट पर अब सबको रोक दिया जाए और रिजर्व जेटी तक ही न आने दिया जाए।

### इन सीमाओं पर रही जाम की स्थिति

- मिर्जापुर-प्रयागराज मार्ग पर रात 1.30 बजे तक जाम लगा रहा, इसके बाद स्थिति सामान्य हुई। सुबह आठ बजे से फिर कठौली से डिगिया तक वाहन रेंगते रहे।
- प्रयागराज-लखनऊ-रायबरेली मार्ग पर छह किमी से अधिक जाम लगा रहा। सिकरी से लगा जाम मलाक हरहर, फाफामऊ तक रुक-रुक गाड़ियां चलतीं रहीं।
- चित्रकूट-प्रयागराज मार्ग पर थोड़ी राहत रही। शंकरगढ़ से निजी समेत अन्य बसों को शहर में प्रवेश नहीं दिया गया। यहां बने पार्किंग पर ही वाहनों को रोका गया।
- प्रयागराज-वाराणसी मार्ग पर जाम की स्थिति सामान्य रही। वाराणसी की ओर से आने वाले वाहनों को सरायइनायत और फिर अंदावा पार्किंग में रोक दिया गया।
- जौनपुर की ओर से प्रयागराज आने वाले वाहनों को रहीमापुर, सहसों के पास रोक दिया गया। कुछ ही वाहनों को मेले तक प्रवेश दिया गया।
- प्रतापगढ़ से प्रयागराज आने वाले वाहन मलाक हरकर तक आ सके। इसके बाद यहां से फाफामऊ तक गाड़ियां रेंगती रहीं।
- कानपुर-प्रयागराज मार्ग की स्थिति सामान्य रही। कौशाम्बी कोखराज से गाड़ियां शहर में प्रवेश कीं।

### संगम जाने वाले रास्तों पर आस्थावानों का तांता

मिनटों का सफर घंटों में हो रहा है। श्रद्धालु जाम में फंसने के कारण बेहाल नजर आ रहे हैं। संगम जाने वाले रास्तों पर आस्थावानों का तांता लगा है। सड़कों पर हर तरफ जन ज्वार नजर आ रहा है। संगम जाने और आने वाले सभी रास्ते श्रद्धालुओं की भीड़ से खचाखच भरे हैं। जंक्शन के अलावा प्रयाग स्टेशन, झूंसी, रामबाग प्रयागराज, नैनी, छिवकी और फाफामऊ स्टेशनों पर भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ है। रेलवे की ओर से तैयार कराए गए सारे होल्डिंग एरिया और रैन बसेरे फुल हो गए हैं। श्रद्धालु सड़कों पर बैठककर ट्रेनों का इंतजार कर रहे हैं।

### चौफटका पुल, नेहरू पार्क के पास भी जाम

सोमवार सुबह नौ बजे से ही चौफटका पुल, सुलेमसराय, हाईकोर्ट पानी टंकी, नेहरू पार्क रोड समेत अन्य जगहों पर भीषण जाम लग गया। चौफटका पुल खचाखच भरा हुआ था। शहर में आने वालों से ज्यादा जाने वाले श्रद्धालुओं का रेला था। वहीं, शहर के सरकारी कार्यालय के खुलने के कारण भी अधिक भीड़ रही। करीब 11 बजे तक लोग जाम से जूझते रहे। इसके बाद जाम की स्थिति थोड़ा सामान्य हुई।

### महीनेभर में 3660 एमएलडी पानी साफ कर गंगा में छोड़ा

महाकुंभ के दौरान गंगा को निर्मल बनाए रखने के लिए प्रयागराज नगर निगम और उत्तर प्रदेश जल निगम द्वारा जियो-ट्यूब तकनीक का उपयोग कर 23 अनटैप्ड नालों के अपशिष्ट जल को शोधित किया जा रहा है। 1 जनवरी से 4 फरवरी तक 3 हजार 660 एमएलडी पानी साफ कर गंगा में छोड़ा गया है।

### राज्यसभा सांसद डॉ. के. लक्ष्मण बोले, विपक्ष राजनीति कर रहा

महाकुंभ में शामिल होने पर राज्यसभा सांसद और भाजपा ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. के. लक्ष्मण ने कहा- दक्षिण भारत से लाखों की संख्या में श्रद्धालु यहां आ रहे हैं। सनातन धर्म में अपनी आस्था के लिए बहुत से लोग यहां आ रहे हैं। लेकिन, बहुत दुख की बात है कि विपक्ष इस पर भी राजनीति करने की कोशिश कर रहा है। सरकार ने व्यवस्थाएं अच्छी की हैं।

### नैनी साइड लगा लंबा जाम

नैनी साइड नया यमुना ब्रिज चौराहा से लेकर सेंट्रल जेल से भी आगे तक करीब डेढ़ किलोमीटर लंबा जाम लगा हुआ है। 20 से ज्यादा शटल बसें और हजारों वाहन इस जाम में फंसे हुए हैं। ये इलाका अरैल घाट की तरफ जाता है, जहां आज पहले की अपेक्षा ज्यादा भीड़ है।

### महाकुंभ 'मृत्यु कुंभ' में बदल गया: ममता

प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ पर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि महाकुंभ मृत्यु कुंभ में बदल गया है। उन्होंने हाल की भगदड़ की घटनाओं पर कहा कि महाकुंभ में वीआईपी को खास सुविधाएं दी जा रही हैं, लेकिन गरीबों को इससे वंचित रखा जा रहा है। वे सुविधाएं के लिए तरस रहे हैं। ममता ने यह बयान विधानसभा में बजट सत्र के दौरान दिया। इससे पहले लालू प्रसाद यादव कुंभ को फालतू कह चुके हैं।

# रामलला दर्शन मार्ग पर उड़ रहे ड्रोन को टीम ने गिराया



जन एक्सप्रेस। अयोध्या

यूपी के अयोध्या में रामलला के दर्शन मार्ग पर उड़ रहे ड्रोन को गिराया गया है। ड्रोन एक शादी समारोह में उड़ाया जा रहा था। भीड़ वाले इलाके में ड्रोन की सूचना पर एंटी ड्रोन सिस्टम से तत्काल ड्रोन को गिरा दिया गया। घटना सोमवार की रात आठ बजे की बताई जा रही है। राम मंदिर को एंटी ड्रोन सिस्टम से लैस किया गया है। 2.5 किमी के क्षेत्र में कहीं भी उड़ रहे ड्रोन को एंटी ड्रोन सिस्टम से गिराया जा सकता है। ड्रोन कैमरा उड़ाने वाले की तलाश में पुलिस जुटी है। बम डिस्पोजल दस्ते ने ड्रोन कैमरे की सघन जांच की है। सब कुछ सामान्य पाया गया। जांच में पता चला है कि ड्रोन राम जन्मभूमि परिसर के आसपास भीड़ का फोटो और वीडियो ले रहा था जो कि एंटी ड्रोन सिस्टम के जरिए नेटवर्क खत्म होने के बाद गिरा था। इसके ओनर की पहचान हो चुकी है। मामले में एक अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। जल्द ही ड्रोन उड़ाने वाले की भी गिरफ्तारी हो सकती है। बताया जा रहा है कि यूट्यूबर गुड़गांव का रहने वाला है।

### अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज

मामले में थाना राम जन्मभूमि में अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ है। एसपी सुरक्षा बलरामाचारी दुबे ने बताया कि एंटी ड्रोन सिस्टम से ड्रोन को गिरा दिया गया। कोई भगदड़ जैसी स्थिति नहीं बनी थी। थाना राम जन्मभूमि की पुलिस जांच कर रही है।

# मिल्कीपुर से जीते चंद्रभानु पासवान ने विधायक पद की शपथ ली, विधानसभा अध्यक्ष ने दिलाई शपथ

जन एक्सप्रेस। अयोध्या

अयोध्या जिले की मिल्कीपुर विधानसभा सीट से जीत दर्ज करने वाले भाजपा नेता चंद्रभानु पासवान ने विधायक पद की शपथ ली। उन्हें विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण के बाद उन्होंने सदन की कार्यवाही में भाग लिया। यूपी विधानसभा का बजट सत्र मंगलवार से प्रारंभ हो गया है। सत्र का पहला दिन हंगामेदार रहा। सत्र का प्रारंभ राज्यपाल के अभिभाषण से हुआ लेकिन हंगामे के कारण राज्यपाल अपना पूरा अभिभाषण नहीं पढ़ सकीं। सदन में विपक्ष के इस व्यवहार की सत्ता पक्ष के लोगों ने आलोचना करते हुए इसे निंदनीय करार दिया।

# महाकुम्भ से साकार हुई एक भारत-श्रेष्ठ भारत की अवधारणा: राज्यपाल

## राज्यपाल के अभिभाषण के साथ ही यूपी विधानसभा के बजट सत्र 2025 का हुआ आगाज

- महाकुम्भ की उपलब्धियों से राज्यपाल ने की अभिभाषण की शुरुआत
- महाकुम्भ में स्वच्छता, सुरक्षा तथा सुव्यवस्था के नए मानक गढ़े गए: राज्यपाल
- कहा, महाकुम्भ में देखने को मिला आस्था एवं आधुनिकता का अद्भुत संगम
- महाकुम्भ में आयोजित हुई मंत्रीपरिषद् की बैठक को राज्यपाल ने बताया ऐतिहासिक



जन एक्सप्रेस। राज्य मुख्यालय

राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने मंगलवार को उत्तर प्रदेश राज्य विधान मण्डल के वर्ष 2025 के प्रथम सत्र के लिए बुलाई गई दोनों सदनों के समवेत अधिवेशन को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने प्रदेश सरकार की ओर से प्रयागराज में कराए जा रहे दिव्य-भव्य महाकुम्भ का विशेष उल्लेख किया और इसे एक भारत, श्रेष्ठ भारत की अवधारणा को साकार होना बताया।

### सुरक्षा तथा सुव्यवस्था के नए मानक गढ़े गए

राज्यपाल ने कहा कि उनकी सरकार को इस वर्ष दिव्य एवं भव्य महाकुम्भ आयोजन का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। महाकुम्भ-2025 में स्वच्छता, सुरक्षा तथा सुव्यवस्था के नए मानक गढ़े गए हैं। महाकुम्भ में आस्था एवं आधुनिकता का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है।

### महाकुम्भ ने दिया समता व समरसता का संदेश

राज्यपाल ने कहा कि यह आयोजन जहां एक ओर अनेकता में एकता को



दर्शाता है, वहीं दूसरी ओर समता व समरसता का संदेश भी दे रहा है, जिससे 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' की अवधारणा साकार हो रही है। अब तक लगभग 50 करोड़ से अधिक श्रद्धालुजन पावन त्रिवेणी में आस्था की पवित्र डुबकी लगा चुके हैं।

### शोक संतप्त परिजनों के प्रति व्यक्त की संवेदना

राज्यपाल ने मौनी अमावस्या पर घटी दुर्भाग्यपूर्ण घटना पर शोक प्रकट करते हुए कहा कि इससे हम सभी अत्यन्त दु:खी हैं। इसमें कुछ श्रद्धालु गंभीर रूप से घायल हो गए, जिसमें से कुछ श्रद्धालुओं की दु:खद मृत्यु भी हो गई। असमय काल-कवलित हुए लोगों के प्रति उन्होंने विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की तथा शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की।

### मंत्रिपरिषद् की बैठक को बताया ऐतिहासिक

राज्यपाल ने इस बात का विशेष उल्लेख किया कि महाकुम्भ प्रयागराज 2025 के शुभ अवसर पर पावन त्रिवेणी तट पर 22 जनवरी, 2025 को मंत्रिपरिषद् की ऐतिहासिक बैठक भी आयोजित की गई, जिसमें प्रदेश हित में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

# लखनऊ और गोरखपुर की नजदीकी बढ़ाएगा गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे

गोरखपुर और अयोध्या के रास्ते से जाने वाले मार्ग की तुलना में लगभग 30 से 40 किलोमीटर की दूरी बढ़ा देता है, लेकिन किसी भी तरह की बाधा न होने के कारण यात्रा का समय कम हो जाएगा

- गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे पर जल्द ही गाड़ियाँ दौड़ने लगेंगी, उद्घाटन मार्च में होने वाला है
- बेलघाट के पास पहुँच मार्ग को सुरक्षित करने का काम अपने अंतिम चरण में है

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे बहुत कारगर साबित होने जा रहा है। एक्सप्रेसवे के पूरी तरह चालू हो जाने के बाद गोरखपुर से लखनऊ तक की यात्रा मात्र 3.5 से 4 घंटे में पूरी हो जाएगी। हालांकि एक्सप्रेसवे गोरखपुर और अयोध्या के रास्ते से जाने वाले मार्ग की तुलना में लगभग 30 से 40 किलोमीटर की दूरी बढ़ा देता है, लेकिन किसी भी तरह की बाधा न होने के कारण यात्रा का समय कम हो जाएगा। जानकारी के अनुसार गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे पर जल्द ही गाड़ियाँ दौड़ने लगेंगी, इसका उद्घाटन मार्च में होने वाला है। बेलघाट के पास पहुँच मार्ग को सुरक्षित करने का काम अपने अंतिम चरण में है। सेतु निगम तीन स्तरीय बैरियर बना रहा है। इससे लखनऊ




### पहले इसका उद्घाटन जनवरी के पहले सप्ताह में होना था

पहले इसका उद्घाटन जनवरी के पहले सप्ताह में होना था, लेकिन बेलघाट के पास पहुंच मार्ग में समस्या के कारण इसमें देरी हुई, जहां सरयू नदी के बहाव के कारण मार्ग बाधित हो गया था। अब, पहुंच मार्ग को सुरक्षित करने का काम अपने अंतिम चरण में है।

### 7,283 करोड़ रुपये की लागत से बना 91 किलोमीटर लंबा लिंक एक्सप्रेसवे

गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे सहजनवा के पास जैतपुर से शुरू होकर आजमगढ़ जिले के सलारपुर में पूर्वांचल एक्सप्रेसवे से जुड़ता है। 7,283 करोड़ रुपये की लागत से बने 91.35 किलोमीटर लंबे इस एक्सप्रेसवे से गोरखपुर, अंबेडकरनगर, संतकबीरनगर और आजमगढ़ जिलों के लोगों को सीधा फायदा होगा।

और गोरखपुर के बीच की दूरी कम हो जाएगी और यात्री मात्र 3.5 घंटे में लखनऊ पहुंच सकेंगे। एक्सप्रेस-वे के किनारे दो यूटिलिटी सेंटर बनाए जाएंगे, जिनमें सभी जरूरी सुविधाएं होंगी।

### दो यूटिलिटी सेंटर बनाए जाएंगे

आगरा और यमुना एक्सप्रेसवे की तरह गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे पर भी दो यूटिलिटी सेंटर बनाए जाएंगे। इन केंद्रों को 30 एकड़ में बनाने की योजना है, जिनमें पेट्रोल पंप, सीएनजी पंप, होटल, रेस्तरां और वाहन मरम्मत के लिए गैराज की सुविधा होगी।

### पहला यूटिलिटी सेंटर गोरखपुर क्षेत्र में, दूसरा आजमगढ़ में होगा

पहला यूटिलिटी सेंटर गोरखपुर क्षेत्र में होगा, जबकि दूसरा आजमगढ़ में। लखनऊ, दिल्ली, वाराणसी और प्रयागराज तक यात्रा को आसान बनाने वाले गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे पर भविष्य में यातायात में उल्लेखनीय वृद्धि होने की उम्मीद है। इसे ध्यान में रखते हुए पिछले महीने यूपीडा बोर्ड की बैठक में दोनों यूटिलिटी सेंटर बनाने का निर्णय लिया गया था।

# समाजवादी पार्टी के लोग अपने बच्चों को इंग्लिश स्कूल में पढ़ाएंगे और दूसरों के लिए उर्दू की वकालत करते हैं: सीएम योगी

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

- समाजवादियों का चरित्र दोहरा हो चुका है, ये देश को कठमुल्लापन की ओर ले जाना चाहते हैं: सीएम
- भोजपुरी, अवधी का विरोध क्यों कर रहे सपा के लोग बच्चों को मौलवी बनाना चाहते हैं: सीएम
- सपा हर अच्छे काम का विरोध करती है, ये यूपी की सांस्कृतिक विरासत के विरोधी हैं: योगी



उत्तर प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र के पहले दिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विपक्ष, विशेष रूप से समाजवादी पार्टी, पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि सपा अपने बच्चों को इंग्लिश मीडियम स्कूलों में पढ़ाएगी और जब सरकार आम जनता के बच्चों को बेहतर सुविधाएं देने की बात करती है, तो ये लोग उर्दू थोपने की वकालत करने लगते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सपा देश को कठमुल्लापन की ओर ले जाना चाहती है, जो कतई स्वीकार्य नहीं होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश की स्थानीय बोलियों-भोजपुरी, अवधी, ब्रज और बुंदेलखंडी को विधानसभा की कार्यवाही में स्थान देने के फैसले का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि इन बोलियों को हिंदी की उपभाषाएं मानते हुए सरकार इनके संरक्षण और संवर्धन के लिए प्रतिबद्ध है। सीएम योगी ने कहा कि हमारी सरकार इन भाषाओं के लिए अलग-अलग अकादमियों का गठन कर रही है, ताकि ये समृद्ध हों। ये हिंदी की बेटियां हैं और इन्हें उचित सम्मान मिलना चाहिए। यह सदन केवल विद्वानों के लिए नहीं है, बल्कि समाज के हर वर्ग की आवाज को यहां स्थान मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि जो लोग भोजपुरी, अवधी, ब्रज और बुंदेलखंडी का विरोध कर रहे हैं, वे दरअसल उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत के विरोधी हैं। उन्होंने समाजवादी पार्टी को निशाने पर लेते हुए कहा कि इनका चरित्र ही दोहरा हो चुका है। सीएम योगी ने कहा कि ब्रजभाषा इतनी समृद्ध है कि संत सूरदास ने इसी भाषा में अपनी रचनाएं दीं। इसी तरह, संत तुलसीदास जी ने अवधी में रामचरितमानस की रचना की, जो न केवल उत्तर भारत बल्कि प्रवासी भारतीयों के लिए भी संकट काल में संबल बनी। उन्होंने कहा कि जो लोग आज भोजपुरी, अवधी और ब्रज भाषा का विरोध कर रहे हैं, वे दरअसल भारत की सांस्कृतिक विरासत और परंपराओं के विरोधी हैं। यह दुखद है कि जब इन भाषाओं को सम्मान दिया जा रहा है, तब कुछ लोग इसका विरोध कर रहे हैं।

### हर अच्छे कार्य का विरोध करते हैं समाजवादी: सीएम योगी

सीएम योगी ने विपक्ष पर कटाक्ष करते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी का स्वभाव ही यह बन चुका है कि वे हर अच्छे कार्य का विरोध करेंगे। उन्होंने कहा कि आप लोग प्रदेश और देश के हित में किए जाने वाले हर सकारात्मक कदम का विरोध करते हैं। यह नहीं चलेगा। उन्होंने कहा कि विधानसभा सचिवालय ने जब स्थानीय भाषाओं को मान्यता दी तो समाजवादी पार्टी ने इसका भी विरोध किया। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि सपा का यह दोहरा रवैया जनता को समझ में आ रहा है और उन्हें समाज के सामने एक्सपोज किया जाना चाहिए।

### देश को कठमुल्लापन की ओर ले जाना चाहते हैं समाजवादी: सीएम योगी

सीएम योगी ने कहा कि उनकी सरकार भोजपुरी, अवधी, ब्रज और बुंदेलखंडी को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि इन भाषाओं को सम्मान दिलाने के लिए भोजपुरी अकादमी, अवधी अकादमी और ब्रज अकादमी की स्थापना की जा रही है। यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम अपनी मातृभाषाओं को सहेजें और उन्हें आगे बढ़ाएं। विपक्ष का यह विरोध बताता है कि वे न केवल विकास के विरोधी हैं, बल्कि हमारी संस्कृति के भी विरोधी हैं। ये लोग अपने बच्चों को इंग्लिश स्कूल में पढ़ाएंगे और दूसरे के बच्चे के लिए अगर वह सुविधा सरकार देना चाहती है तो कहते हैं कि नहीं उर्दू पढ़ाओ इसको। यानि ये बच्चों को मौलवी बनाना चाहते हैं। देश को कठमुल्लापन की ले जाना चाहते हैं यह नहीं चल सकता है।

### हार की हताशा को सदन में हावी न होने दें

यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने बजट सत्र (2025-26) के आरंभ से पहले पत्रकारों से बातचीत की। इस दौरान विपक्ष से सकारात्मक सहयोग की उम्मीद जताते हुए कहा कि हार की हताशा को सदन में हावी न होने दें, बल्कि सदन की कार्यवाही को सुचारू रूप से संचालित करने में योगदान दें। इस दौरान कहा कि विपक्ष किसी भी मुद्दे पर चर्चा करना चाहता है तो सरकार उसके तथ्यात्मक जवाब देने के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने कहा कि सदन आरोप-प्रत्यारोप का नहीं, बल्कि सार्थक चर्चा का मंच होना चाहिए, क्योंकि असंसदीय आचरण से किसी समस्या का समाधान नहीं हो सकता।

### 20 फरवरी को प्रस्तुत होगा यूपी का बजट

मुख्यमंत्री ने बताया कि बजट सत्र के दौरान 20 फरवरी को वर्ष 2025-26 का सामान्य बजट प्रस्तुत किया जाएगा। इस दौरान राज्य के विकास से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा होगी। 5 मार्च तक चलने वाले इस सत्र में जनहित के विषयों के साथ-साथ विधायी कार्य भी संपन्न किए जाएंगे।

# प्राथमिक विद्यालय पूरे बसावन दास में संकुल बैठक संपन्न



जन एक्सप्रेस । अमेठी

प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना सर्व शिक्षा अभियान के अंतर्गत निपुण लक्ष्य की प्राप्ति हेतु जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी के निर्देश के क्रम में माह फरवरी की संकुल बैठक मंगलवार को प्राथमिक विद्यालय पूरे बसावन दास तिलोई में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रधानाध्यापक धीरेन्द्र प्रताप सिंह प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिलाध्यक्ष, उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने किया। प्रधानाध्यापिका प्रज्ञा तिवारी ने प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिलाध्यक्ष, उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ अमेठी का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत व अभिनन्दन किया। बैठक का संचालन शशि कुमारी सिंह नोडल शिक्षिका ने किया। नोडल शिक्षिका ने बैठक के एजेण्डा के अनुसार परियोजना संबंधी समस्त प्रकार की जानकारियों से शिक्षकों को अवगत कराया। उन्होंने बताया कि निपुण भारत के साथ-साथ कक्षा एक में रेडीनेस कार्यक्रमचलाया जा रहा है।जिसे हम लोगों को पूर्ण निष्ठा व लगन से करना है। और समय से निपुण लक्ष्य की प्राप्ति करनी है। साथ ही कार्य पुस्तिका भरने के बारे में विस्तार से जानकारी दी। बैठक में निपुण रेडीनेस कार्यक्रम, शिक्षण पाठ योजना, शैक्षिक नवाचार, टी एल एम निर्माण, शत-प्रतिशत नामांकन हाउस होल्ड सर्वे सहित कई बिंदुओं पर चर्चा परिचर्चा की गई। शशि कुमारी सिंह ने कार्य योजना के अनुसार प्रत्येक विद्यालय से एक शिक्षक को पूर्व से दिये गये टापिक पर सम्प्रेषण हेतु आमंत्रित किया। बैठक में रविकांत मिश्र, शहाना बानो, रईस फातमा एवं शौकत अली ने शिक्षण सहायक सामग्री के माध्यम से पढ़ाने की नवीनगतिविधियों से शिक्षकों के बीच में जानकारी प्रदान किया। राम सिंह संकुल शिक्षक ने परियोजना के बारे में विस्तार से बताते हुए शिक्षकों से निपुण लक्ष्य की प्राप्ति पर जोर दिया। उन्होंने कहा सभी शिक्षक योग्य हैं। आप सभी मेहनत करके बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करें और विद्यालय निपुण बनायें। जिलाध्यक्ष प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ अमेठी ने सभी शिक्षकों से अनुरोध किया कि जो कुछ भी यहां हम चर्चा-परिचर्चा में जो सीखते हैं, और जो भी परियोजना के दिशा-निर्देश हैं। उनका अक्षरशः पालन करते हुए अपने-अपने विद्यालयों में नन्हे-मुन्ने बच्चों को गुणवत्ता परक शिक्षा प्रदान करने का पूर्ण प्रयास करें।बैठक में प्रधानाध्यापिका प्रज्ञा तिवारी ने सभीका धन्यवाद व आभार व्यक्त किया।

# सुरक्षा व्यवस्था को लेकर डीएम व एसपी ने तपेश्वर नाथ धाम मंदिर का किया स्थलीय निरीक्षण



जन एक्सप्रेस । अमेठी

आगामी महाशिवरात्रि पर्व के दृष्टिगत शांति, सुरक्षा व कानून व्यवस्था को लेकर जिलाधिकारी निशा अनंत व पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने मंगलवार को संयुक्त रूप से पीढ़ी स्थित तपेश्वर नाथ धाम मंदिर का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। एवं संबंधित अधिकारियों तथा मंदिर कमेटी के सदस्यों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान डीएम व पुलिस अधीक्षक ने मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सीसीटीवी कैमरे, प्रकाश की पर्याप्त व्यवस्था, पार्किंग, पीने हेतु पानी, शौचालय, पब्लिक एड्रेस सिस्टम, साफ सफाई सहित अन्य व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने मंदिर कमेटी के सदस्यों से महाशिवरात्रि पर्व के दृष्टिगत तपेश्वर नाथ धाम मंदिर में लगने वाले मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की अनुमानित संख्या के बारे में जानकारी ली। तथा उसी के अनुसार समस्त व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने को कहा। जिलाधिकारी ने कहा कि महाशिवरात्रि पर्व पर मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की परेशानी ना हो इसके लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्व में ही सुनिश्चित कर ली जाएं। उन्होंने कहा कि मेले के दौरान पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था एवं पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। इस दौरान उप जिलाधिकारी तिलोई अमित सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी तिलोई, डीपीआरओ मनोज त्यागी, मंदिर कमेटी के सदस्यगण सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## 3,858 घरों तक अगले माह से शुरू होगा विद्युतीकरण

जन एक्सप्रेस । अयोध्या

काफी समय से विद्युतीकरण से वंचित जिले के 3,858 घर अब बिजली से रोशन होंगे। केंद्रीय उर्जा मंत्रालय से स्वीकृति के बाद कार्यदायी संस्था नामित है, जो अगले माह से काम शुरू करेगी। कार्य पूर्ण करने के लिए संस्था को एक वर्ष का समय दिया गया है।

पिछले कुछ वर्षों में जिले के अलग-अलग इलाकों में ग्राम सभाओं का विस्तार हुआ है। लोग खेत-खलिहानों आदि में मकान बनाकर जीवनयापन शुरू किए तो उनके घरों तक पूर्ण रूप से बिजली नहीं पहुंच सकी थी। कई लोग इधर-उधर से जुगाड़ करके बिजली जलाते थे। बहुत से परिवार अब तक अंधेरे में ही जीवन गुजारने को विवश हैं। इसे लेकर वह जन प्रतिनिधियों व अधिकारियों का दरवाजा खटखटा रहे थे, लेकिन बजट के अभाव में उन्हें लाभ नहीं मिल रहा था। 405 मजरों के 3,858 परिवार इसी श्रेणी में चिह्नित हुए थे। लंबे समय से मंडल भर में व्याप्त इस समस्या से निजात के लिए सरकार ने ठोस पहल की।

# ए.सी.एस. ग्लोबल स्कूल में आयोजित हुआ वार्षिक सांस्कृतिक उत्सव 2025



जन एक्सप्रेस । रायबरेली

रायबरेली एम्स क्षेत्र के विशिष्ट विद्यालय ए0सी0एस0 ग्लोबल स्कूल में विगत दिवस वार्षिक सांस्कृतिक उत्सव 2025 का आयोजन किया गया, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कमांडर हरि कृष्ण बाजपेई जी जज/ एडवोकेट भारतीय नौसेना एवं विशिष्ट अतिथि डॉ अजय श्रीवास्तव जी रहे। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा कक्षावार सांस्कृतिक, रोचक, मनोरंजक, ज्ञानवर्धक और देशभक्ति तथा तकनीकी से ओत प्रोत प्रस्तुतियां दी। स्व0 बाबू अमरेश चंद्र श्रीवास्तव जी के तेल चित्र पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्वलन से कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। सर्वप्रथम गणेश वंदना तथा नर्सरी के बच्चों द्वारा मां की थीम पर मां मुझे अपने आंचल में, एल0के0जी0 चंदा ने पूछा तारों से, यूकेजी के बच्चों ने चंद्रयान 1 से चंद्रयान 3 की सफल लैंडिंग पर भारत के तिरंगे झंडे के साथ सफल लैंडिंग पर आधारित कार्यक्रम प्रस्तुत कर मन मोह लिया। सोशल मीडिया के दुष्प्रभाव, दादा- दादी, मां पापा भाई बहन के रिश्तों पर विभिन्न कार्यक्रम, रैंप वॉक, रोल प्ले में महात्मा गांधी, इंदिरा गांधी, नरेंद्र मोदी, रानी लक्ष्मीबाई जैसे अहम किरदार की प्रस्तुति छात्र/छात्राओं द्वारा दी गई। शैक्षिक सत्र 2023-24 के मेधावियों को और 100त्न हाजिरी के लिए छात्र/छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। वर्तमान सत्र के प्रत्येक कक्षा के मेधावियों को विभिन्न क्षेत्र में प्रतिभा के लिए पुरस्कृत किया गया। शहर के नामचीन अधिवक्ताओं को विद्यालय मंच पर सम्मानित किया गया, प्रत्येक शिक्षक, कर्मचारी, ड्राइवर्स, कंडक्टर्स को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि द्वारा उद्बोधन में ओजस्वी भाषण देते हुए कड़ी मेहनत पर बल दिया गया, सुभाष चंद्र बोस की देशभक्ति उनकी सैन्य क्षमता का हवाला देते हुए देश हित में सभी बच्चे कार्य करने और आगे बढ़ने का नारा देते हुए विद्यालय के प्रयासों की भूरी भूरी प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे क्षेत्र में विद्यालय खोल अच्छी अंग्रेजी माध्यम की शिक्षा दी जा रही है जो प्रशंसनीय है विद्यालय की कॉर्डिनेटर श्रीमती रागिनी शुक्ल को भारतीय नौसेना का प्रतीक चिन्ह मुख्य अतिथि द्वारा दिया गया। मुख्य अतिथि द्वारा सभी छात्र/छात्राओं को सम्मानित किया गया।

कमांडर हरि कृष्ण बाजपेई जी और डा अजय श्रीवास्तव जी का नागरिक अभिनंदन किया गया, सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह और अंग वस्त्र प्रबंधक अनिमेष श्रीवास्तव एडवोकेट द्वारा देकर सम्मानित किया गया भव्य कार्यक्रम में संचालन शिक्षिका सुश्री दीक्षा सिंह और कक्षा 7 की छात्रा कु0 श्रेया सिंह द्वारा किया गया।

समारोह में मुख्य रूप से बच्चू दादा, आनंद गुप्ता, लाल आशकिरण प्रताप, शशिकांत शुक्ला, अनुज अवस्थी, सौरभ शुक्ला, शुभम श्रीवास्तव, विवेक श्रीवास्तव, विक्की श्रीवास्तव, आनंद दीक्षित, संजय चौहान, संजय सिंह, विकास सिंह, नागेंद्र सिंह, किशन श्रीवास्तव अभिषेक श्रीवास्तव, विवेक शर्मा सहित तमाम अधिवक्ता पत्रकार समाजसेवी और विद्यालय के सम्मानित अभिभावक उपस्थित रहे कार्यक्रम का सफल आयोजन श्रीमती रजतिमा श्रीवास्तव, संगीता, लाला प्रसाद, बबीता, सुधा, सीमा, अंजलि, पूजा, सिंपी, दीपाली, शबनम, रूबी, नीलम, रूही, मुस्कान आदि के सहयोग से संपन्न हुआ।

# डीएम की अध्यक्षता में यूपी बोर्ड परीक्षा की प्रशिक्षण बैठक सम्पन्न

- डीएम ने यूपी बोर्ड की परीक्षा को सुचितापूर्ण, शांतिपूर्ण, पारदर्शी एवं नकलविहीन संपन्न कराने के निर्देश दिये



जन एक्सप्रेस । रायबरेली

जिलाधिकारी हर्षिता माथुर की अध्यक्षता में राजकीय इंटर कॉलेज रायबरेली में माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश प्रयागराज द्वारा वर्ष 2025 की हाईस्कूल/इंटरमीडिएट की परीक्षाओं को सुचितापूर्ण, शांतिपूर्ण, पारदर्शी एवं नकलविहीन संपन्न कराने हेतु तैनात किए गए जोनल/सेक्टर, स्टैटिक मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापक के साथ प्रशिक्षण बैठक संपन्न हुई प्रशिक्षण बैठक में जिला विद्यालय निरीक्षक संजीव कुमार सिंह ने बताया कि 24 फरवरी से 12 मार्च तक संचालित होने वाली हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की परीक्षा के लिए जनपद रायबरेली में 109 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा दो पालियों में होगी, प्रथम पाली का समय प्रातः 08:30 बजे से 11:45 बजे एवं द्वितीय पाली का समय अपरान्ह 02:00 बजे से 05:15 बजे तक रहेगा। परीक्षाओं को सुचितापूर्ण, शांतिपूर्ण, पारदर्शी एवं नकलविहीन संपन्न करने के लिए जनपद को 07 जोन एवं 20 सेक्टर में विभाजित करते हुए जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट नियुक्त किए गए हैं तथा प्रत्येक परीक्षा केंद्र में स्टैटिक मजिस्ट्रेट केंद्र, व्यवस्थापक व वाह्य केंद्र व्यवस्थापक नियुक्त किए गए हैं। यूपी बोर्ड परीक्षा हाईस्कूल में कुल विद्यार्थी 37,951 जिसमें बालक 19,439 व बालिकायें 18,512 शामिल है तथा इंटरमीडिएट में कुल विद्यार्थी 34,964 जिसमें बालक 17,298 व बालिका 17,666 शामिल है। कुल परीक्षार्थियों की संख्या 72,915 है। उन्होंने बताया कि परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज में कन्ट्रोल रूम बनाया गया है, जिसमें परीक्षा केन्द्रों की लाइव स्ट्रीमिंग की जायेगीजिलाधिकारी ने कहा कि सभी नामित जोनल/सेक्टर मजिस्ट्रेट आवंटित परीक्षा केंद्रों का समय-समय पर आकस्मिक निरीक्षण करते हुए केंद्र पर प्रभावी नियंत्रण रखेंगे तथा अपने संबंधित परीक्षा केंद्रों के स्टैटिक मजिस्ट्रेट की मॉनिटरिंग करते हुए परीक्षा केंद्रों पर प्रत्येक परीक्षा तिथि एवं पाली पर उनकी उपस्थिति में सुनिश्चित कराएंगे। बोर्ड परीक्षा में तैनात जोनल एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट अपने क्षेत्र में सतत् भ्रमणशील रहकर अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे जिलाधिकारी ने कहा कि जोनल मजिस्ट्रेट परीक्षा अवधि में शान्ति व्यवस्था बनाये रखने एवं केन्द्रों पर अवांछित भीड़ इकट्ठा न होने देने के दृष्टिगत पुलिस दल के साथ परीक्षा अवधि में अपने जोन के परीक्षा केन्द्रों में नियमित दौरा करेंगे। जोनल मजिस्ट्रेट द्वारा परीक्षा केन्द्रों से न्यूनतम 01 किमी की परिधि में फोटो कापियर्स एवं स्कैनर का संचालन परीक्षा अवधि में पूर्णतया प्रतिबंधित कराया जाना सुनिश्चित करेंगे। सेक्टर मजिस्ट्रेट प्रत्येक दिन दोनों पालियों की परीक्षाओं में केन्द्रों का अनिवार्य रूप से निरीक्षण करेंगे। परीक्षा केन्द्रों में नकल की रोकथाम के लिये सेक्टर मजिस्ट्रेट का सम्पूर्ण उत्तरदायित्व होगा तथा सेक्टर मजिस्ट्रेट स्थानीय पुलिस के सहयोग से नकलविहीन एवं शांतिपूर्ण परीक्षा कराने हेतु समस्त कार्यवाही सुनिश्चित करायेंगे। प्रत्येक केंद्र पर नियुक्त स्टैटिक मजिस्ट्रेट परीक्षा केन्द्र पर नकल विहीन शांतिपूर्ण एवं शुचितापूर्ण परीक्षा कराने के लिये व्यक्तिगत रूप से उत्तरदायी होंगे। स्टैटिक मजिस्ट्रेट अपने परीक्षा केन्द्रों पर प्रत्येक दशा में न्यूनतम 01 घण्टे पूर्व उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे, जिससे स्ट्रांग रूम तथा प्रश्नपत्र रखे डबल लॉक अलमारी को निर्धारित समयान्तर्गत खोला जा सके। परीक्षा केन्द्र के स्ट्रांग रूम में किसी भी अधिकारी/कर्मचारी का मोबाइल फोन के साथ प्रवेश वर्जित रहेगा इस मौके पर अपर जिलाधिकारी (प्रशासन सिद्धार्थ, अपर पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिन्हा सहित समस्त जोनल सेक्टर स्टैटिक मजिस्ट्रेट, केन्द्र व्यवस्थापक आदि उपस्थित रहे।

## पंचायत उपचुनाव के लिए बूथों पर पहुंची पोलिंग पार्टियां

जन एक्सप्रेस । अयोध्या। मया बाजार ब्लॉक के दो गांवों में ग्राम प्रधान पद का उपचुनाव कराने के लिए पोलिंग पार्टियां बूथों पर पहुंच गईं। हर पार्टी के साथ दो-दो पुलिकर्मी भी मौजूद रहे। पंचायत उपचुनाव के लिए बुधवार को सुबह सात से शाम पांच बजे तक मतदान होगा। इसके लिए सुरक्षा के सख्त इंतजाम किए गए हैं। मया बाजार ब्लॉक के भिटौरा और वंदनपुर ग्राम पंचायत के चार-चार बूथों पर मंगलवार दोपहर तीन बजे तक पोलिंग पार्टियां पहुंच गईं। पोलिंग पार्टियों की रवानगी विकास भवन से हुई। हर पार्टी में एक पीठासीन अधिकारी के साथ तीन मतदान अधिकारी शामिल हैं। भिटौरा में 2518 और वंदनपुर में 2594 वोटर अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

# राजनैतिक एवं सामाजिक बदलाव लायेगा पीडीए-इं.वीरेन्द्र यादव



जन एक्सप्रेस । रायबरेली

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के आह्वान पर विगत 27 जनवरी से 26 फ़रवरी तक एक माह चलने वाले पीडीए चर्चा कार्यक्रम जनपद की विधानसभाओं के अनेकों सेक्टरों में आयोजित किए गये पीडीए जनपंचायतों को सम्बोधित करते हुए जिला अध्यक्ष इं.वीरेन्द्र यादव ने कहा कि पीडीए का उद्देश्य समाज के शोषित वंचित पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यक लोगों को उनके हक़ अधिकार मिले एवं समता, समानता स्थापित हो। आम आदमी को उसके आर्थिक, सामाजिक एवं शैक्षिक अधिकार मिले।पीडीए चर्चा कार्यक्रमों को स्वतः आम लोगों का समर्थन मिल रहा है पीडीए आने वाले समय में राजनैतिक एवं सामाजिक बदलाव लायेगा। पीडीए जन चर्चा कार्यक्रमों को वरिष्ठ नेता मुनेश्वर पासी, ओपी यादव, रज्जू ख़ान, राजेश मौर्या, जगदेव यादव, ब्रजेंद्र चौधरी, राकेश यादव, विजय बहादुर यादव, देवता दीन पासी, अमरदेव यादव, जमुना प्रसाद, बबलू लोधी, अरुण यादव, दीपू शुक्ला, चंद्रप्रकाश आज़ाद, भानू पटेल, आलोक यादव, मिथुन लोधी, रामू अनाड़ी आदि ने जनपद के अनेकों सेक्टरों में पीडीए की जनपंचायतों को सम्बोधित कर पिछड़ों, दलितों, अल्पसंख्यकों एवं आधी आवादी की एकजुटता पर बल दिया। उपस्थित लोगों ने समाजवादी पार्टी सरकार में हुए कार्यों को याद किया इस अवसर पर बड़ी संख्या में लोग एवं महिलाएँ उपस्थित रही।

# सपा के बागी विधायक पर लगा जमीन कब्जा करने का आरोप, पीड़ित परिवार ने दिया विकास भवन में धरना

- विधायक ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा, मेरे खिलाफ यह बदनाम करने की राजनीतिक साजिश



जन एक्सप्रेस । रायबरेली

समाजवादी पार्टी (सपा) के बागी विधायक व भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता डा. मनोज पांडेय पर जमीन कब्जाने का गंभीर आरोप लगाया गया है। पीड़ितों ने विकास भवन पहुंचकर धरना देकर बागी विधायक के साथ ही स्थानीय प्रशासन को भी कटघरे में खड़ा कर दिया हैइतना ही नहीं पीड़ितों के समर्थन में जिला पंचायत अध्यक्ष रंजना चौधरी भी उतर आई। उन्होंने साफ लहजे में कहा कि यह सपा की सरकार नहीं है। भाजपा सरकार में गरीबों को सम्मान मिलता है। ऊंचाहार विधायक जमीन पर कब्जा कर रहे हैं। इसकी शिकायत पीड़ितों ने प्रशासन के आला अफसरों तक से की, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई उधर, विधायक डा. मनोज पांडेय ने घटना पर सफाई देते हुए जमीन कब्जाने के आरोपों को निराधार बताया है। मामला ऊंचाहार विधानसभा क्षेत्र के टांघन, चिलौली, जगतपुर का है। यहां के रहने वाले दर्जनों शिकायतकर्ताओं ने सोमवार को विकास भवन पहुंचकर राजनीतिक महकमें में खलबली मचाते हुए ऊंचाहार विधायक के खिलाफ मोर्चा खोल दियाबैनर में विधायक की तस्वीर लगाकर विरोध प्रदर्शन कर रहे बैजनाथ, अमृतलाल, शोभा देवी, गेंदालाल, पवन ने बताया कि उनके कुछ हिस्से की जमीन पर ऊंचाहार विधायक द्वारा जबरन कब्जा किया जा रहा है। इसकी शिकायत जिला प्रशासन से की गई थी, लेकिन राजनीतिक पहुंच के चलते उनकी कोई सुनवाई नहीं हुई। न्याय मिलने के बाद ही धरना समाप्त किया जाएगाउधर, समाजवादी पार्टी ने एक्स पर ट्वीट करते हुए लिखा है कि, भाजपा सरकार में जो पीडीए नहीं है वो कुछ भी नहीं कर सकता है, मुख्यमंत्री और आरएसएस ने खुला लाइसेंस दिया हुआ है। रायबरेली में सत्ता संरक्षित विधायक मनोज पांडे दलितों की जमीन पर कब्जा कर रहे हैं, भाजपा की ही जिला पंचायत अध्यक्ष सच्चाई बता रही हैं। हक, अधिकार और जमीन सब छीन लेना चाहते हैं। विकास भवन में धरने पर बैठे ग्रामीणों के आरोपों के साथ ही राजनीतिक सरगर्मी बढ़ गई। दूसरी तरफ बचाव में सपा बागी विधायक मनोज पांडे ने प्रेस कांफ्रेंस कर पत्रकारों से रूबरू होते हुए बताया कि उन्होंने आज तक कोई जमीन कब्जा नहीं किया है। मैंने अपने पूरे जीवन में पहली बार 88 लाख रुपये की जमीन का क्रय किया है। मेरे ऊपर जो भी आरोप लगे हैं वह निराधार है। उनके खिलाफ राजनीतिक षडयंत्र रचा गया है मैंने रायबरेली जिलाधिकारी से पूरे मामले की जांच कराने को कहा है।

# रायबरेली में चेन स्नैचिंग गैंग का पुलिस ने किया पर्दाफाश



जन एक्सप्रेस । रायबरेली

रायबरेली पुलिस ने दो अलग-अलग चेन स्नैचिंग गैंग का भंडाफोड़ किया है। पहला गैंग तमिलनाडु से है, जबकि दूसरा यूपी के सुल्तानपुर, आजमगढ़ और जौनपुर का है।तमिलनाडु का गैंग साउथ दिल्ली से संचालित होता था। यह गैंग भीड़भाड़ वाले धार्मिक स्थलों पर महिलाओं की चेन छीनने का काम करता था। इस गैंग की महिलाएं कुलीन परिवार की तरह कपड़े पहनतीं और अच्छी हिंदी बोलती थीं। यह लोग जाइलो गाड़ी में ही रहते थे, जिसमें खाना पकाने का पूरा इंतजाम थादूसरा गैंग ई-रिक्शा जैसे सार्वजनिक वाहनों में सवारियों के गले से जेवर चुराता था। इस गैंग के सदस्य स्कॉर्पियो से अलग-अलग जिलों में जाते थे। दोनों गैंग में महिलाएं वारदात को अंजाम देतीं और पुरुष सदस्य उन्हें वाहन में बैठाकर फरार करा देते थे। पुलिस ने तमिलनाडु गैंग के 6 सदस्यों को गिरफ्तार किया है, जिनमें 4 महिलाएं शामिल हैं। वहीं दूसरे गैंग से 7 लोगों को पकड़ा है, जिनमें 4 महिलाएं हैं। दोनों गैंग से एक-एक वाहन, 24 हजार रुपये नकद और करीब 10 लाख रुपये के लूटे गए जेवर बरामद किए गए हैं।

## पांच अवैध पार्किंग बंद, फर्जी रसीदें जब्त

जन एक्सप्रेस । अयोध्या। रामनगरी की अवैध प्राइवेट पार्किंगों पर नगर निगम ने अब शिकंजा कस दिया है। छापामारी के लिए टीम गठित करते हुए विशेष अभियान शुरू किया गया। इस दौरान पांच स्थानों पर अवैध तरीके से प्राइवेट पार्किंग का संचालन होता पाया गया। अधिकारियों के नेतृत्व में प्रवर्तन दल के सदस्यों ने इन्हें बंद कराकर फर्जी रसीदें भी जब्त की हैं। बिना पंजीकरण फिर से संचालन करने पर एफआईआर होगी। नियमित निगरानी भी की जाएगी। इन दिनों प्रयागराज महाकुंभ से लाखों की संख्या में श्रद्धालु अपने चार पहिया वाहनों, बसों और ट्रैवलर समेत यातायात के अन्य संसाधनों से अयोध्या पहुंच रहे हैं। यहां पर नगर निगम, पर्यटन निगम और अयोध्या विकास प्राधिकरण की ओर से कई स्थानों पर वाहनों को खड़ा करवाने के लिए स्थायी और अस्थायी पार्किंग स्थलों का निर्माण कराया गया है। इसके बावजूद आने वाले श्रद्धालुओं के वाहनों की संख्या इतनी ज्यादा है कि ये कम पड़ जा रहे हैं। ऐसे में कुछ लोगों ने इसे कमाई का अवसर बनाते हुए अपने खाली प्लाटों को नगर निगम में बिना पंजीकरण कराए अवैध रूप से प्राइवेट पार्किंग का संचालन शुरू कर दिया।

# संदिग्ध परिस्थितियों में जली महिला की मौत, पिता ने दामाद पर लगाया हत्या का आरोप

जन एक्सप्रेस । अमेठी



जनपद के जायस थाना क्षेत्र के अंतर्गत लालगंज गांव में एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में जलकर मौत हो गई।घटना के बाद परिजनों में हड़कंप मच गया।महिला के पिता ने उसके पति पर जला कर हत्या करने का आरोप लगाया है।मिली जानकारी के अनुसार लालगंज गांव निवासी महिला की झुलसने से मौत हो गई।परिजनों ने तुरंत उसे अस्पताल पहुंचाने की कोशिश की। लेकिन तब तक उसकी जान जा चुकी थी।घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची।और मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतका के पिता ने थाने में तहरीर देते हुए आरोप लगाया कि उनकी बेटी को ससुराल पक्ष द्वारा प्रताड़ित किया जाता था। और दामाद ने उसे जला कर मार दिया।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। और मामले की जांच की जा रही है। थाना प्रभारी ने बताया कि परिजनों की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है।पोस्टमार्टम रिपोर्ट केआधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल आरोपी पति से पूछताछ की जा रही है।

## तहसील बार एसोसिएशन तिलोई की एल्डर्स कमेटी की सदस्यता एवं चुनाव प्रक्रिया पर चर्चा

जन एक्सप्रेस । अमेठी। तहसील बार एसोसिएशन तिलोई की एल्डर्स कमेटी की एक महत्वपूर्ण बैठक मंगलवार को सम्पन्न हुई। जिसमें अध्यक्ष एवं महामंत्री सहित कई वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने भाग लिया। बैठक में दो प्रमुख विषयों सदस्यता एवं मतदाता सूची में पारदर्शिता और आगामी चुनाव



प्रक्रिया पर चर्चा की गई एवं सदस्यता और मतदाता सूची को लेकर अहम फैसला किया गया ।बैठक में चर्चा की गई कि कुछ अधिवक्ता सिर्फ मतदाता बनने के उद्देश्य से तहसील बार एसोसिएशन की सदस्यता ग्रहण करते हैं,लेकिन वे सक्रिय रूप से वकालत नहीं करते ।इस पर विचार-विमर्श के बाद निर्णय लिया गया कि अधिवक्ता की सदस्यता के लिए अध्यक्ष और महामंत्री की संस्तुति अनिवार्य होगी। यदि कोई अधिवक्ता वास्तविक रूप से वकालत नहीं करता है,तो उसे मतदाता सूची में शामिल नहीं किया जाएगा ।बैठक में आगामी चुनाव प्रक्रिया को लेकर भी चर्चा हुई ।चूंकि बैठक में महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की जा रही थी,इस कारण समस्त न्यायालयों को सूचना प्रेषित की गई। यह बैठक बार एसोसिएशन की पारदर्शिता,सक्रिय अधिवक्ताओं की भागीदारी और निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया सुनिश्चित करने के उद्देश्य से की गई थी।

## इंडियन बैंक की तरौंहा शाखा में किया गया एटीएम मशीन का उद्घाटन

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

इंडियन बैंक शाखा तरौंहा (कर्वी) में मंगलवार को एटीएम/कैश जमा मशीन का उद्घाटन किया गया। साथ ही वृहद ग्राहक गोष्ठी का भी आयोजन किया गया। जिसमें लोगों को सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई।



कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष नरेन्द्र गुप्ता ने कहा कि इंडियन बैंक द्वारा ग्राहकों की सुविधा के लिए एटीएम मशीन लगाई गई है। उन्होंने ग्राहकों को सरकार द्वारा जिला इंडियन बैंक के माध्यम से चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी तथा पात्रों को लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। एलडीएम अनुराग शर्मा ने विस्तार से ग्राहको को बैंक की योजनाओं की जानकारी दी। साथ ही तरौंहा शाखा द्वारा ग्राहको की सुविधा देने के लिए किए नए प्रयासों की सराहना की। इस दौरान ग्राहकों ने भी अपने विचार प्रस्तुत किए। इस मौके पर शाखा प्रमुख सौरभ गुप्ता सहित स्टाफ ग्राहक आदि मौजूद रहे।

## 'हमारा आंगन, हमारे बच्चे' कार्यक्रम का किया गया आयोजन



जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

मऊ। इंग्लिश मीडियम प्राइमरी स्कूल छिवलहा (ईएमपीएस) में मंगलवार को हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ माता सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्जित कर व दीप प्रज्जवलित कर किया गया। जिसमें बच्चों को निपुण बनाने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम में खंड शिक्षाधिकारी कृष्णदत्त पाण्डेय ने कहा कि कार्यक्रम की रूपरेखा को विस्तार से बताया। खंड विकास अधिकारी ओम प्रकाश यादव ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए सहयोग की बात कही। बाल विकास परियोजना अधिकारी धर्मेंद्र सिंह ने समस्त आंगनबाड़ी केंद्र की कार्यकत्रियों को बालवाटिका के बच्चों की उपस्थिति एवं शिक्षा में सहयोग करने के निर्देश दिए। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष आलोक गर्ग ने उपस्थित बच्चों को भाषा और गणित में निपुण होने के लिए मुख्य बिंदुओं की जानकारी दी। इसी प्रकार एआरपी छविलाल प्रजापति, सुशील पांडेय, आनंद मिश्रा, महेश कुमार, गंगाधर द्विवेदी ने निपुण भारत मिशन पर विचार व्यक्त किए। इस दौरान आंगनबाड़ी के साथ चलाए जा रहे बालवाटिका कार्यक्रम के तहत उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं बच्चों को पुरस्कार और प्रमाण पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम का संचालन केशन सिंह ने किया। इस मौके पर एडीओ पंचायत चंद्रभूषण, एडीओ (आईएसबी) अजय पाल, ग्राम प्रधान छिवलहा देवस्वरूप, उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला प्रवक्ता संकल्प पांडेय, ब्लॉक मंत्री शारदेंदु शुक्ला, राजकुमार शर्मा, पवन जायसवाल, डॉ अखिलेश मिश्रा, पूजा तिवारी, अजय कुमार, अजीत पांडेय, रामचरित मिश्रा, ज्ञान सिंह, वेद प्रकाश सोनी, शाहीन बानो, कल्पना पाल, वीरेंद्र श्रीवास्तव, दानिश रिजवी, अखिलेश श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

# युद्धस्तर पर वादकारियों को तामील कराएं सम्मन और नोटिस

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट




राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के तत्वाधान में आगामी आठ मार्च को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जनपद न्यायाधीश राकेश कुमार त्रिपाठी की अध्यक्षता में मंगलवार को जनपद में कार्यरत प्रशासनिक विभागों के अधिकारियों के साथ द्वितीय चरण की बैठक आयोजित की गई।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव अपर जिला जज नीलू मैनवाल ने बताया कि बैठक में जनपद न्यायाधीश ने आगामी आठ मार्च को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों को चिन्हित कर निस्तारण के लिए बल दिया। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में शमनीय आपराधिक वाद, धारा-138 एनआई एक्ट, मोटर एक्सीडेंट क्लेम वाद, श्रम वाद, बैंक वसूली वाद, विद्युत अधिनियम, जल वाद, सर्विस मैटर्स, पारिवारिक व वैवाहिक वाद, भूमि अधिग्रहण वाद, राजस्व व चकबन्दी वाद, किरायेदारी वाद, सुखाधिकार वाद, स्थायी निषेधाज्ञा व सिविल वाद, मनी वसूली वाद, विनिर्दिष्ट अनुतोष वाद, मोटर वाहन ई-चालान व लघु आपराधिक वाद, आमवाद, प्री-लिटिगेशन के माध्यम से ऐसे बाद जो अभी न्यायालय के समक्ष नहीं आये हैं (विशेषकर पारिवारिक मामले), उपभोगता फोरम तथा आर्बिट्रेशन सम्बन्धित वादों का निस्तारण किया जाना है। जिला जज ने बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों से कहा कि सभी अधिकारी अपने विभागों से सम्बन्धित समस्त ऐसे मामले, जिनको लोक अदालत के माध्यम से निस्तारित किया जा सकता है, को अधिक से अधिक चिन्हित कर उनमें पक्षकारों को कम से कम दो बार नोटिस तामीला कराते हुए राष्ट्रीय लोक अदालत में निस्तारित करने का प्रयास करें।

इस मौके पर एससी/एसटी कोर्ट के स्पेशल न्यायाधीश व राष्ट्रीय लोक अदालत के नोडल अधिकारी राममणि पाठक, जिला विकास अधिकारी प्रियंका यादव, जिला प्रोवेशन अधिकारी पंकज कुमार मिश्रा, जिला आपूर्ति अधिकारी अनुज कुमार पटेल, परिवहन अधिकारी दीप्ती त्रिपाठी, एसटीए अंकुर कचेर, वरिष्ठ बाट-माप निरीक्षक शरद कुमार पाण्डेय, उपवनाधिकारी राजीव रंजन सिंह, खनिज निरीक्षक मंटू कुमार सिंह, उपखण्ड अधिकारी विद्युत आशीष सिंह, अवर अभियन्ता यतेन्द्र कुमार, चकबन्दी अधिकारी शरदचन्द्र यादव, उपश्रमायुक्त आरके गुप्ता, अवर अभियन्ता पीडब्ल्यूडी बलराम प्रजापति, अधीक्षण अभियन्ता पीडब्ल्यूडी वेद नारायण, जिला पंचायतराज अधिकारी इन्द्रनारायण सिंह आदि मौजूद रहे।

## गैंगेस्टर ज्ञानू पटेल को कोर्ट ने सुनाई सजा

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट। गैंगेस्टर के मामले में दोष सिद्ध होने पर न्यायालय ने आरोपी को दो वर्ष कारावास व 5,000 रुपये अर्थदण्ड से दण्डित किया है। अभियोजन अधिकारी संगीता सिंह ने बताया कि मानिकपुर जीआरपी थाने द्वारा बांदा जिले के फतेहगंज थाने के कारीडाडी निवासी ज्ञानू पटेल पुत्र कमतू के विरुद्ध गैंगेस्टर एक्ट की कार्यवाही की गई थी। जीआरपी मानिकपुर थाना प्रभारी वीनेश सिंह के नेतृत्व में जीआरपी टीम ने समय से न्यायालय में गवाहों को पेश कराया था। साथ ही अभियोजन पक्ष ने प्रभावी पैरवी की थी। बचाव और अभियोजन पक्ष की दलीलें सुनने के बाद उत्तर प्रदेश गैंगेस्टर एक्ट के विशेष न्यायाधीश नीरज श्रीवास्तव ने इस मामले में निर्णय सुनाया। जिसमें दोष सिद्ध होने पर आरोपी ज्ञानू पटेल को दो वर्ष कारावास की सजा सुनाई। साथ ही 5,000 रुपये के अर्थदण्ड से भी दण्डित किया।






## एक्सप्रेस खबरें...

### संदिग्ध परिस्थितियों में अधेड़ की मौत

जन एक्सप्रेस । उरई। सिरसा कलार थाना क्षेत्र के ग्राम दमरास में खेत पर अधेड़ की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। सिरसा कलार थाना क्षेत्र के ग्राम दमरास निवासी किसान सोनवीर 63 वर्ष पुत्र मुलू अन्ना जानवरों से अपनी अरहर की फसल बचाने के लिए खेत पर प्रतिदिन रात्रि में सोता था। बीती रात खेत की रखवाली करते समय अचानक किसान की तबीयत बिगड़ गई। जिसके चलते उसने अपने बाहर रह रहे तीन लड़कों को फोन पर सूचना दी। इसके बाद लड़कों ने अपने घर मां और छोटे भाई को पिता की तबीयत खराब की सूचना दी। खबर मिलते ही परिजन रात में ही खेत पर पहुंच गए। जहां उन्होंने मुंह से झाग निकलता देखा तो उनमें हड़कंप मच गया और उन्होंने मामले की सूचना डायल 112 पर सूचना दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस और डायल 112 ने जांच पड़ताल की और शव को कब्जे में लिया और जांच पड़ताल शुरू कर दी। मृतक की पत्नी आशा रानी ने बताया कि वे लोग पुराखेड़ा के रहने वाले हैं और वह 40 वर्षों से अपनी ननद के यहां दमरास में रह रहे हैं। मृतक के चार बच्चे हैं, जिनमें से तीन मुनेश, मंगल, सतीश पानी पूड़ी का धंधा चेन्नई में करते हैं। एक कोमल अपनी मां आशा रानी के साथ गांव दमरास में ही रहता है। थानाध्यक्ष ब्रजेश बहादुर सिंह ने बताया की रात्रि में संदिग्ध हालत में किसान की मौत हो गई। जिसके शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। फिलहाल घटना के बाद से मृतक की पत्नी सहित अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### हालत बिगड़ने से युवक की मौत

जन एक्सप्रेस । उरई। कदौरा थाना क्षेत्र के ग्राम कठपुरवा में संदिग्ध हालत में युवक की तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई। कदौरा थाना क्षेत्र के ग्राम कठपुरवा निवासी अखिलेश प्रजापति 22 वर्ष पुत्र सूबेदार कटनी में पानी पुरी का काम करता था। जो बीते तीन दिन पहले ही गांव आया था और सोमवार दोपहर को वह अपने दोस्तों के साथ घूमने गया हुआ था। शाम को जब वह घर लौटा तो अचानक उसकी तबीयत बिगड़ गई। जिससे परिवार के लोग उसे उपचार के लिए सीएचसी ले गए। जहां से चिकित्सकों ने उसे मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। जिसकी रास्ते में मौत हो गई। मृतक के पिता सूबेदार ने बताया कि बीती 17 अप्रैल को ही अखिलेश की शादी हुई थी। परिवार के लोग मौत की वजह नहीं बता पाए। फिलहाल पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और पूरे मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।



### चिकित्सक की पत्नी की संदिग्ध हालत में मौत, मायके पक्ष ने मढ़े आरोप

जन एक्सप्रेस । उरई। रेलवे के चिकित्सक की पत्नी की अज्ञात कारणों के चलते मौत हो गई। सूचना पर पहुंचे मायके पक्ष के लोगों ने पुत्री की मौत को संदिग्ध बताते हुए घटना की जानकारी पुलिस को दी। शहर के मोहल्ला नया पटेल नगर निवासी रविंद्र सचान झांसी रेलवे में डॉक्टर है। बताया गया कि वह अपनी पत्नी अंजू सचान 32 वर्ष और लड़के रिंसी 6 वर्ष के साथ झांसी में ही रहता है। जहां सोमवार को घर में अकेली पत्नी की संदिग्ध हालात में अचेत हो गई। अचेत अवस्था में पड़ी पत्नी को उठाकर वह झांसी के ही अस्पताल ले गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद वह पत्नी का शव अपने पैतृक घर उरई ले आया। इस बात की जानकारी जब अंजू के मायकेवालों को लगी, तो उन्होंने पुलिस को खबर दी। जिसके बाद पुलिस ने महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अंजू के पिता राजेंद्र प्रसाद निवासी ग्राम सदुपुरा कोंच ने बताया कि उनकी बेटी की मौत संदिग्ध मौत हुई है। फिलहाल पुलिस ने पूरे मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

### किसान पर नशेड़ी ने कुल्हाड़ी से किया हमला, अस्पताल में भर्ती

जन एक्सप्रेस । उरई। कुठौंद थाना क्षेत्र के ग्राम सलेमपुर कालपी में नशे में धुत युवक ने किसान पर कुल्हाड़ी से हमलाकर दिया। जिसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल पहुंचाया गया। कुठौंद थाना क्षेत्र के ग्राम सलेमपुर कालपी निवासी सुरेंद्र कुमार दोहरे पुत्र स्व. प्रभु दयाल मंगलवार की दोपहर अपने खेतों में पानी लगाए हुए था। तभी गांव के ही निवासी नशेड़ी प्रवृत्ति के दीपक शुक्ला पुत्र रामदास शुक्ला ने पीछे से उसकी गर्दन पर कुल्हाड़ी से हमलाकर दिया। जिससे वह लहूलुहान होकर गिर गया। इसके बाद आरोपी ने ही सूचना थाना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची थाना पुलिस ने जंगल में भाग रहे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। वहीं पुलिस ने उसके पास से रक्त रंजित कुल्हाड़ी भी बराबद की है। उधर घायल युवक को गंभीर हालत में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कुठौद में भर्ती कराया गया। जहां पर उसकी हालत नाजुक होने पर डॉक्टर ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। मामले में थानाध्यक्ष सुजीत कुमार मिश्रा ने बताया कि आरोपी गांव में आतंक मचाए रहता है। उसे कई बार जेल भी भेजा गया है, उसको हिरासत में ले लिया गया है।फिलहाल समाचार लिखे जाने तक पीड़ित पक्ष द्वारा थाने में तहरीर नहीं दी गई है।

### बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर पलटा ट्रैक्टर, चालक दबकर घायल

जन एक्सप्रेस । जालौन। बंगरा मार्ग पर बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे के चौराहे पर तेज रफ्तार ट्रैक्टर पलट गया। ट्रैक्टर पलटने के कारण चालक किसान दबकर घायल हो गया। पुलिस ने मौके पर पहुंच घायल को सीएचसी में भर्ती कराया। रेंढ़र थाना क्षेत्र के ग्राम महातवानी निवास रोहित पटेल (25) पुत्र बुद्ध सिंह सोमवार को ट्रैक्टर की ट्राली में अनाज लेकर नवीन गल्ला मंडी में बेचने आए थे। अनाज बेचकर वह रात करीब नौ बजे ट्रैक्टर से वापस घर लौट रहे थे। बंगरा मार्ग पर बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे के गोल चक्कर पर तेज रफ्तार ट्रैक्टर पर चालक नियंत्रण नहीं रख सका और ट्रैक्टर बेकाबू होकर अचानक से पलट गया। ट्रैक्टर पलटने पर चालक उसी के नीचे दब गया। सूचना मिलने पर चौकी प्रभारी मदनपाल पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए। उनेंने राहगीरों की मदद से चालक को निकलवाया और एंबुलेंस से उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। हालत गम्भीर होने पर उसे उच्च संस्थान के रेफर कर दिया गया। ट्रैक्टर पलटने के कारण प्रभावित हुई यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए क्रेन को बुलाकर सड़क पर पलटे ट्रैक्टर को हटवा दिया गया है।

▸ खबर पेज 11 पर...


# मासूम बेटे को मौत के घाट उतार कर मां ने लगाई फांसी




### फूट-फूट कर रोते हुए पिता ने बताई सारी बात

चकेरी के हरजेंदर नगर के रहने वाले श्याम वाल्मीकि नगर निगम में सुपरवाइजर है। श्याम ने बताया कि वह पत्नी के साथ एक शादी समारोह में शामिल होने गए थे। इस दौरान उन्हें सूचना मिली तो भागते हुए उसे उर्सला अस्पताल कैंपस पहुंचे। बेटी का शो देखते ही माता-पिता बदहवास हो गए। वह रोते हुए बार-बार एक ही बात कह रहे थे कि काश मैं अपनी बेटी को इन हथियारों के पास से घर ले जाता तो यह घटना ना होती। बेटी ने 3 दिन पहले कहा था कि पापा मुझे यहां से ले चलो मुझे क्या पता था कि वह यह कदम उठा लेगी। इसी बीच समधी राजू वाल्मीकि को देखकर आपे से बाहर हो गए। गाली गलौज करते हुए बेटी को प्रताड़ित करने का आरोप लगाने लगे। बोले एक कार के लिए तुम लोगों ने मेरी बेटी की हत्या की है। बेटी का घर उजड़ने के चलते मैंने कोई कानूनी एक्शन नहीं लिया था लेकिन अब एक-एक को जेल भिजवाया कर रहूंगा। वही मां नीतू को पड़ोसियों ने बताया कि 10 दिन पहले पति-पत्नी में विवाद हुआ था। बात हाथापाई तक पहुंच गई थी। घरेलू कलर से तंग आकर महिला ने बेटे की परवरिश को लेकर पहले उसकी हत्या की। फिर खुद फांसी लगाकर झूल गई।

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

शहर में एक मां ने अपने मासूम बेटे की हत्या कर खुद फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। मामले में मृतका के पिता ने बताते हुए कहा कि काश मैं बेटी की बात सुन लेता तो आज यह दिन नहीं देखना पड़ता। बेटी ने 3 दिन पहले ही कहा था कि पापा मुझे यहां से ले चलो। शादी वाले दिन से यह लोग कार के लिए हंगामा कर रहे थे। दहेज के लिए मेरी फूल जैसी बेटी को मार डाला यह लोग अच्छे नहीं है। अब किसके सहारे जिएंगे हम लोग। यह बात उर्सला में 15 महीने के बेटे की हत्या करने के बाद सुसाइड करने वाली विवाहिता के माता-पिता ने कही है। कानपुर कोतवाली पुलिस और फोरेंसिक टीम ने जांच के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

सूत्रों के मुताबिक कल्याणपुर आवास विकास बगिया के रहने वाले राजू वाल्मीकि बैंक ऑफ़ बड़ौदा में चपरासी के पद पर काम करता है। उसके परिवार में मां रानी, पत्नी राजकुमारी और तीन बेटे रंजीत सुमित व अमित है। सुमित की 3 साल पहले लाल बंगला में रहने वाली स्नेहा उम्र 25 वर्ष से शादी हुई थी। सुमित अपनी पत्नी व सवा साल के बेटे सम्राट और दादी रानी के साथ उर्सला कैंपस स्थित अपने भाई रंजीत के सरकारी क्वार्टर में रहता है। एक निजी अस्पताल में लैब टेक्नीशियन है। सुमित ने बताया रोज की तरह सोमवार सुबह वह काम पर गया था शाम 5ः00 बजे दादी परेड स्थित अस्पताल में सफाई करने चली गई। रात करीब 8ः00 बजे वह दादी को लेकर बाइक से घर पहुंचा। दादी ने जैसे ही दरवाजा खोला तो साड़ी के फंदे से स्नेह का शव लटका था, और सम्राट बेड पर अचेत पड़ा था। यह देखकर वह चीख पड़ी। सुमित भी तुरंत कमरे की ओर भागा। बेटे पत्नी को लेकर वह उर्सला पहुंचा। जहां डॉक्टर ने पत्नी और बच्चे को मृत घोषित कर दिया। मामले की जानकारी मिलते ही कोतवाली थाने के पुलिस और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। देर रात शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। एसीपी कोतवाली ने बताया कि मायके वाले जो भी तहरीर देंगे उसी आधार पर एफआईआर दर्ज करके ससुराल वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। प्राथमिक जांच में सामने आया है कि विवाहिता को दहेज में कार समेत अन्य डिमांड पूरी करने के लिए प्रताड़ित किया जा रहा था। पति और ससुरालियों के टॉर्चर से इतना टूट गई कि 15 महीने के बेटे की हत्या करने के बाद खुद फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

# 11वीं के छात्र का फांसी के फंदे पर लटका मिला शव

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**





11वीं के स्टूडेंट का घर की दूसरी मंजिल पर शव लटकता मिलने की सूचना के बाद क्षेत्र में हड़कंप गया। परिवार का आरोप है कि बेटे ने सुसाइड नहीं किया है बल्कि उसका मर्डर हुआ है। क्योंकि जिस चौखट से फंदा लगा था उसे कुंड से लटकी बच्चे के घुटने जमीन पर थे। फंदा इतना ढीला था कि बगैर गांठ खोल ही उसे बाहर निकाल लिया गया। पुलिस और फोरेंसिक टीम में घटनास्थल पर पहुंचकर साक्ष्य इकट्ठा किए हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

सूत्रों के मुताबिक चकेरी थाना क्षेत्र के सनिगवां सैनिक नगर के रहने वाले बृजेश वर्मा सराफा कारीगर है। बृजेश ने बताया कि घर में पत्नी आरती बड़ा बेटा रमन उम्र 17 वर्ष छोटा बेटा ईशु और बेटी कंचन थी। रोज की तरह परिवार के सभी लोग सोमवार रात को खाना खाकर सोने गए थे। दोनों बेटे ग्राउंड फ्लोर पर सोए हुए थे जबकि पहली मंजिल पर माता-पिता और बहन थे। दूसरी मंजिल पर बच्चों के दादी बाबा सोए हुए थे। देर रात अचानक बाबा की नींद खुली तो वह जैसे ही अपने कमरे से बाहर निकले उन्होंने बेटे रमन का शव दुपट्टे से कमरे की चौखट पर लटकता देखा। शव को देखते ही उनकी चीख निकल पड़ी। मौके पर पूरा परिवार दूसरी मंजिल पर पहुंच गया। बेटे को लटकता देख ते ही मां दादी और बहन समेत सभी परिजन विसुध हो गए। तभी परिवार के लोगों ने उसे आनन-फानन में फंदे से नीचे उतरा और एक निजी अस्पताल ले गए जहां पर जांच के बाद डॉक्टरों ने रमन को मृत घोषित कर दिया।

परिवार के लोगों ने हत्या के आशंका जताते हुए चकेरी थाने पर सूचना दी। देर रात ही चकेरी थाना प्रभारी संतोष शुक्ला और फोरेंसिक टीम जांच करने पहुंची। जांच के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया पिता ने हत्या की आशंका जताई है। चकेरी थाना प्रभारी संतोष शुक्ला ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

परिजनों ने मौत को संदिग्ध बताया है पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत का कारण साफ हो जाएगा।

इसके साथ ही मौत की वजह जानने के लिए छात्र के मोबाइल कॉल डिटेल्स और दोस्तों से पूछताछ की जा रही है ताकि सच्चाई सामने आ सके।

### लेंटर के नीचे दबकर मरे मजदूर का शव रख हंगामा

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर।** दबौली वेस्ट में सोमवार को लेंटर के नीचे दबकर मरे मजदूर सुनील के परिजनों ने मंगलवार को शव मकान मालिक जितेंद्र के घर के बाहर रखकर हंगामा किया। सुबह करीब 12 बजे पोस्टमार्टम से शव लेकर मृतक के ससुर विजय कुमार और अन्य परिजन घटनास्थल पहुंचे। 100 से ज्यादा महिलाएं और अन्य लोगों ने परिवार को आर्थिक मदद देने की मांग की।

# बिल्हौर तहसील क्षेत्र से राधन जिलापंचायत सदस्य उपचुनाव मतदान के लिए पोलिंग पार्टियां रवाना



**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**



राधन जिला पंचायत सदस्य उपचुनाव में निर्वाचन अधिकारी गजेंद्र सिंह और एसडीएम रश्मि लांबा, एडीसीपी बृजेंद्र द्विवेदी, एसीपी, कोतवाली प्रभारी अशोक कुमार सरोज की देखरेख में बीआरडी इंटर कॉलेज से पोलिंग पार्टियों को भेजा गया। राधन जिला पंचायत सीट पर बुधवार मतदान होगा। जिला पंचायत सदस्य राजा दिवाकर के निधन के बाद यह सीट खाली हुई थी। मंगलवार मतदान की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मंगलवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच पोलिंग पार्टियां रवाना हो गईं। निर्वाचन अधिकारी गजेंद्र सिंह और एसडीएम रश्मि लांबा ने बताया 24 ग्राम पंचायतों के 64 मतदान केंद्रों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। कुल 28, 548 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। चुनाव मैदान में पांच प्रत्याशी हरेंद्र बहादुर सिंह, शिवम् गौतम, विपिन कठेरिया, कालिका प्रसाद कोरी और चंद्रभान मैदान में हैं। मतदान बुधवार सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक होगा। चुनाव की पूरी प्रक्रिया पर तहसील मुख्यालय से नजर रखी जाएगी। मतदान के बाद मतपेटियों को स्ट्रांग रूम में रखा जाएगा। मतगणना 21 फरवरी को होगी। एसडीएम रश्मि लांबा ने बताया कि सभी मतदान केंद्रों पर पानी, शौचालय समेत अन्य जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। किसी भी विवाद से निपटने के लिए पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।

# बारादेवी-नौबस्ता के बीच मेट्रो स्टेशन निर्माण कार्य हुआ पूरा



### पिछले साल सितंबर में शुरू हुआ था काम

आपको पता तो चले की बारादेवी नौबस्ता एलिवेटेड सेंक्शन के सभी स्टेशनों के प्लेटफॉर्म लेवल की ढलाई का कार्य बीते साल सितंबर में पूरा किया गया था। इसके बाद जनवरी में प्लेटफार्म की छात्रों के लिए फ्री इंजीनियरड बिल्डिंग स्ट्रक्चर के परी निर्माण का कार्य पूरा किया गया था। इन कार्यों के साथ ही स्टेशनों के कॉनकोर्स लेवल का काम भी पूरा कर लिया गया।

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

### दोनों लाइनों पर रेलवे ट्रेक निर्माण पूरा

स्टेशनों पर चल रहे निर्माण कार्यों के अलावा दोनों लाइन ऑन अपलाइन और डाउन लाइन पर ट्रेड निर्माण का कार्य भी तेजी से पूरा किया जा रहा है। बारादेवी से नौबस्ता तक रेल पुत्री के वेल्डिंग का कार्य पूरा किया जा चुका है। और अब इनके बीच कंक्रीट स्लैब के ढलाई की प्रक्रिया चल रही है।

12 देवी नौबस्ता के बीच 5 किलोमीटर लंबे एलिवेटेड सेंक्शन परभणी स्टेशनों का निर्माण 90 फ़ीसदी पूरा हो गया है।

उक्त सेंक्शन के बीच पांच स्टेशन 12 देवी किदवई नगर वसंत विहार बौद्ध नगर और नौबस्ता अब तेजी से अपना अंतिम स्वरूप लेते हुए दिख रहे हैं। मेट्रो अधिकारियों के मुताबिक सेंक्शन के सभी पांच स्टेशनों के प्रवेश द्वारों के निर्माण का काम अब पूरा कर लिया गया है।

बारादेवी से नौबस्ता तक सभी स्टेशन बॉक्स तैयार हो जाने के बाद अब सड़क से स्टेशन तक पहुंचाने के लिए द्वार सीढ़ियां और रास्ते भी तैयार हैं। स्टेशनों के फ्लोरिंग, फिनिशिंग और सिस्टम इंस्टॉलेशन का काम तेजी से पूरा किया जा रहा है।

# तहसीलदार समेत 10 अधिकारियों पर हुई एफआईआर

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**




एक किसान की जमीन पर अवैध कब्जे के मामले में बड़ी कार्रवाई हुई है। मुख्य न्यायाधीश मजिस्ट्रेट के आदेश पर नरवल तहसीलदार कानून को और लेखपाल समेत 10 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। मामला नवल थाने के पचनगढ़ के मजरा गोपालपुर का है। किसान शिव नारायण की कृषि भूमि अरगी संख्या 1175 उसकी मैन बिटान और भाई श्याम सुंदर के संयुक्त नाम पर है। इस जमीन पर बरईगढ़ साढ़ के दिनेश भदई उर्फ नन्हका, श्यामलाल, कुसुमा, सत्य प्रकाश, और अन्य लोगों ने कब्जा कर लिया। यह कब्जा नरवर तहसीलदार विनीत पांडे राजस्व निरीक्षक चिंता रमण पांडे और लेखपाल अजीत की मौजूदगी में किया गया। पीड़ित किसान का आरोप है कि जमीन वापस दिलाने के लिए इन सभी ने लगभग 5 लाख रुपए की मांग की। कहीं सनी ना होने पर शिवनारायण ने कोर्ट में प्रार्थना पत्र दाखिल किया। मामले की सुनवाई के बाद कानपुर की मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने आरोपियों के रिपोर्ट दर्ज करने का आदेश दिया। साढ़ थाने में सोमवार दे रात तहसीलदार विनीत पांडे, राजस्व निरीक्षक चिंता रमण पांडे, लेखपाल अजीत समेत कल 10 नाम जड़ और चार-चार अज्ञात लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। साढ़ प्रभारी निरीक्षक अवनीश कुमार सिंह के अनुसार मामले की जांच जारी है।

# रामादेवी चौराहे पर दिनभर जाम से जूझते रहे वाहन सवार

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

रामादेवी चौराहे पर अवैध टेंपो व ई-रिक्शा स्टैंड और ठेलेवालों की अराजकता से मंगलवार को चौतरफा जाम लगा रहा। दिनभर वाहन सवार जाम से जूझते रहे। वहीं, चौराहे पर तैनात यातायात पुलिसकर्मी भी जाम खुलवाने में बेबस नजर आए। रामादेवी चौराहे पर वैसे भी अवैध टेंपो व ई-रिक्शा स्टैंड समेत ठेलेवालों की अराजकता से वाहन सवारों का निकलना मुश्किल रहता है, लेकिन मंगलवार को सुबह से रुक रुककर चौतरफा जाम लग रहा था। दिनभर वाहन चौराहे पर रेंगते रहे।

इस बीच रोडवेज बस के चालक चौराहे पर सवारियां भरने के लिए रुके तो वाहनों के पहिए थम गए। चौराहे पर तैनात ट्रैफिक पुलिस के सिपाही और टीएसआई जाम खुलवाने जाम खुलवाने में बेबस नजर आ रहे थे। वाहन सवार अमित गुप्ता, गुहल, नितेश ने बताया कि चौराहे पर रोजाना जाम से रूबरू होना पड़ता है।

पुलिस और नगर निगम की संयुक्त टीम की ओर से कई बार अभियान चलाया लेकिन, अराजकता जस की तस बनी हुई है। अभियान खत्म होते ही अवैध स्टैंड व ठेले वालों ने दोबारा सड़क पर कब्जा कर लिया।

# कालका समेत 17 ट्रेनें निरस्त, सर्वाधिक दिल्ली-हावड़ा रूट की

### ये ट्रेनें आंशिक निरस्त

- कालिंदी एक्सप्रेस, 27 फरवरी तक कानपुर से चलेगी।
- कालिंदी एक्सप्रेस, 28 फरवरी तक कानपुर से बनकर चलेगी।
- आंबेडकरनगर-प्रयागराज एक्सप्रेस, 27 फरवरी तक खजुराहो में टर्मिनेट होगी।
- प्रयागराज-आंबेडकरनगर एक्सप्रेस, 28 फरवरी तक खजुराहो में टर्मिनेट होगी।



**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

महाकुंभ के दौरान स्टेशनों पर उमड़ रही भीड़ को देखते हुए रेल प्रशासन की ओर से दिल्ली-हावड़ा रूट की 17 नियमित ट्रेनें निरस्त की गईं है। ये ट्रेनें 18 से 21 फरवरी के बीच निरस्त रहेंगी। कुछ आंशिक तो कुछ पूर्ण रूप से निरस्त की गई हैं। 19,20 और 21 फरवरी को निरस्त रहेंगी। इन तारीखों पर कुछ ट्रेनें बदले रूट से जाएंगी। एडवांस बुकिंग करा चुके यात्री नियमानुसार रिफंड ले सकते हैं।

### निरस्त की गईं प्रमुख ट्रेनें

पुरी एक्सप्रेस, 18 से 21 फरवरी
बीकानेर-हावड़ा, 19 से 21 फरवरी
कालका मेल, 18,20 व 21 फरवरी
जम्मू तवी, 18 फरवरी
मुरी एक्सप्रेस, 19 से 21 फरवरी
भागलपुर एक्सप्रेस, 18 व 21 फरवरी
मधुपुर एक्सप्रेस, 19 फरवरी
- सूरत एक्सप्रेस, 19 से 21 फरवरी
अहमदाबाद एक्सप्रेस, 19 फरवरी
ग्वालियर मेल, 18 फरवरी
इंदौर एक्सप्रेस, 18 व 20 फरवरी
बलिया स्पेशल, 19 व 21 फरवरी
गोरखपुर मेल, 18 व 20 फरवरी
दुर्ग एक्सप्रेस, 19 से 21 फरवरी
एलटीटी-गोरखपुर, 19 व 21 फरवरी
एलटीटी, 18 व 20 फरवरी
रीवा एक्सप्रेस, 18 से 21 फरवरी

# दागी पुलिस कर्मियों की संख्या जारी, 21 पर दर्ज हुए मुकदमे



**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

### परिनिंदा प्रविष्टि मिलने से यह होता है नुकसान

परिनिंदा सजा के चलते पुलिसकर्मियों का प्रमोशन में देरी होना वेतन वृद्धि में रुकावट खराब सर्विस रिकॉर्ड और उसकी जिम्मेदारियां में कमी आना जैसा असर पड़ता है। परिनिंदा का शुद्ध अर्थ सुधारात्मक होता है। ताकि भविष्य में पुलिस अधिकारी या कर्मचारी अपनी जिम्मेदारियां का सही से निर्वहन करें। इसमें 3 साल के लिए इनका प्रमोशन रुक जाता है। 3 साल तक थानेदारी नहीं मिल सकती और 1 साल तक चौकी इंचार्ज नहीं बन सकते हैं।

शहर में नामजद वकीलों की सूची जारी करना पुलिस के लिए गले की फांस बन गया है। सोमवार को एडिशनल सीपी कानून व्यवस्था ने दागी पुलिस कर्मियों की संख्या जारी की। जिसमें चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। 160 पुलिस कर्मियों के खिलाफ परिनिंदा प्रविष्टि की कार्रवाई करते हुए दंडित किया गया है। वहीं 21 पुलिस कर्मियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज हो चुकी है। एडिशनल सीपी कानून व्यवस्था हरीश चंदर के मुताबिक यह आंकड़े 2024 से लेकर अब तक के हैं। दरअसल अपराधों में नाम याद रहे वकीलों की एक सूची पुलिस द्वारा बनाकर बार एसोसिएशन और लायर्स एसोसिएशन को रिव्यू के लिए सौंपी गई थी। इस सूची के बाहर आने के बाद शहर में हड़कंप मच गया। वकीलों की तरफ से लगातार इस बात को लेकर दबाव बनाया जा रहा था कि उनकी सूची बनाने वाली पुलिस अपने यहां दागी पुलिस कर्मियों के बारे में भी जानकारी सार्वजनिक करें। इसी को लेकर डीजे की अध्यक्षता में सोमवार को स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक की गई। जिसमें बार और लॉयर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष व महामंत्री ने इस मुद्दे को फिर से उठाया की पुलिस को भी अपने महकमें के दागियों की संख्या सार्वजनिक करनी चाहिए। बैठक में तय होने के बाद सोमवार शाम को एडिशनल सीपी हरीश चंदर ने दागी पुलिस कर्मियों की संख्या जारी कर दी। एडिशनल सिटी ने बताया कि सन 2024 से अब तक मारपीट जालसाजी दुष्कर्म समेत अन्य आरोपों में घिरें 21 पुलिस कर्मियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। जिसकी जांच चल रही है। इसमें तत्कालीन एसीपी कलक्टर गंज मोहसिन खान समेत दो एसआई, 10 हेड कांस्टेबल, आर्ट कांस्टेबल शामिल है। आरोपों में गिरे पुलिस कर्मियों के खिलाफ विभागीय जांच शुरू कर दी गई है। इधर पुलिस मुख्यालय में तैनात 160 पुलिस कर्मियों को विवेचना में लापरवाही अनुशासनहीनता लंबे समय से गैर हाजिर रहने के आरोप में दोषी पाए जाने पर उन्हें परिनिंदा प्रविष्टि में दंडित किया गया है।

# स्टेम सेल से आंखों में रोशनी आई तो शुरू की पढ़ाई



**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

### दुनिया में माना जाता है लाइलाज नेत्र रोग

जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. परवेज खान ने बताया कि थाइसिस बलबाई लाइलाज नेत्र रोग है। विश्व चिकित्सा साहित्य में अभी तक इस रोग के ठीक होने का जिक्र नहीं है। इसमें पानी बनना बंद होने से आंख का बैलून पिचक जाता है और रोशनी भी चली जाती है। स्टेम सेल थेरेपी ने इसमें कमाल दिखाया है। अनिकेत को एक बार थेरेपी दी गई। आंख का एक्वा प्रोडक्शन शुरू हो गया है। आंख का आकार सामान्य हो रहा है।

स्टेम सेल थेरेपी से 18 साल के अनिकेत की आंख में रोशनी लौटी तो उसने फिर इंजीनियर बनने का ख्वाब सजा लिया है। थाइसिस बलबाई रोग होने की वजह से बाईं आंख पिचक गई और रोशनी चली गई थी। इससे हाई स्कूल के बाद उसकी पढ़ाई दो साल बाधित रही। सोमवार को हैलट की नेत्ररोग विभाग की ओपीडी में जांच कराने आए अनिकेत ने बताया कि वह बहुत खुश है। आत्मविश्वास लौट आया है। साइंस साइड से इंटर की पढ़ाई शुरू कर दी। वह बीटेक करके इंजीनियर बनेगा। अनिकेत को जेनेटिक रुमेटॉयड आर्थ्राइटिस रही है। इसके असर से आंख में थाइसिस बलबाई रोग हो गया।इस रोग में आंख का एक्वा प्रॉडक्शन यानी पानी बनाने वाली कोशिकाएं सूख जाती हैं। इससे आंख पिचकने लगती है। इसके साथ ही लैंस खराब होता है और रोशनी चली जाती है। यह बीमारी लाइलाज रोगों में शुमार है। उसने बताया कि नवंबर वर्ष 2020 में एक सुबह वह सोकर उठा तो आंख एकदम लाल थी और दर्द था। इसके बाद रोशनी कम होती चली गई। आंख में मोतियाबिंद हो गया। आंख का प्रेशर जीरो हो गया। इससे दूसरा लैंस भी नहीं सकता था। तीन अक्टूबर वर्ष 2023 में स्टेम सेल थेरेपी ली तो प्रेशर बढ़ा। 16 मार्च 2024 को नया लैंस लगवाया। आंख भी उभर आई और रोशनी भी लौटने लगी है। अब साइंस साइड से इंटर की पढ़ाई फिर शुरू कर दी। उसने बताया कि वह एफएम कालोनी में रहता है। पिता श्याम बाबू शिक्षक हैं। दो साल इंटर की पढाई में गैप हो गया, लेकिन इसे आगे पूरा करने की कोशिश करेंगे।

# पेट्रोलिंग कर रहे ट्रैकमैन की ट्रेन की चपेट में आने से मौत

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

कानपुर-झांसी रेलवे लाइन के डाउन ट्रैक पर मलासा-लालपुर के के बीच पेट्रोलिंग कर रहे ट्रैकमैन की एक ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। हादसे की जानकारी पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। गाजीपुर जिला के बुढ़ानपुर जाखनिया निवासी राजेश कुमार यादव (30) पुत्र युगल किशोर चिलौची स्टेशन पर ट्रैकमैन के पद पर तैनात थे। सोमवार रात को उनकी पेट्रोलिंग में ड्यूटी लगी थी।

साथी ट्रैकमैन नीतेश वर्मा के साथ वह रात दो बजे के करीब मलासा-लालपुर स्टेशन के बीच किमी 1302/6-8 के बीच डाउन ट्रैक पर पेट्रोलिंग कर रहे थे। इसी बीच आई एक ट्रेन की चपेट में आने से उनकी मौत हो गई। घटना स्थल कुछ दूरी पर साथी नीतेश ने जब हादसा देखा तो रेलवे अधिकारियों व अन्य साथियों को जानकारी दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच कर शव कब्जे में भेजा। अनहोनी की जानकारी पर पत्नी रीना व बच्चे प्रांशू, प्रियांशी, दिव्यांशू, दिव्यांशी बिलखते रहे। साथी ट्रैकमैन ने बताया कि राजेश परिवार के साथ रेलवे कॉलोनी में रहता था। घटना की जानकारी परिवार के लोगों को दी गई है। देवीपुर चौकी प्रभारी आरके वर्मा ने बताया कि हादसे की जानकारी परिवार के लोगों को देने के साथ शव का पोस्टमार्टम कराया गया है।

# शादी के 13 दिन पहले हादसे में युवक की गई जान

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

मंगलपुर थाना क्षेत्र के अकना निवासी युवक की शादी से 13 दिन पहले सड़क हादसे में जान चली गई। मंगलवार को शव गांव आने पर चीत्कार मच गई। परिजन रो-रोकर बेहाल रहे। अकना निवासी अजय कश्यप (26) पिता शंभू कश्यप के साथ मुंबई की एक ग्लास फैक्टरी में काम करते थे। दो मार्च को अजय की बारात कन्नौज जिले के सुखी कुढ़ना जानी थी। इसको लेकर वह चार दिन पहले छुट्टी लेकर घर आए थे। सोमवार शाम चार बजे के करीब वह घर से रिश्तेदारी में निमंत्रण कार्ड देने के लिए निकले थे। इटावा के पास तेज रफ्तार वाहन ने उनको टक्कर मार दी।

इससे उनकी मौत हो गई।

जानकारी पर इटावा गए परिजन बिना पोस्टमार्टम करवाए शव को गांव ले आए।

शादी के 12 दिन पहले बेटे का शव दरवाजे पर पहुंचने पर मां कमला देवी बदहवास हो गई। छोटे भाई कृष्णा व परिजन रो-रोकर बेहाल हैं। मृतक के चचेरे भाई अनिल ने बताया कि चाचा शंभूदयाल अभी मुंबई में ही हैं, उन्हें घटना की जानकारी दी गई है। उनके आने के बाद अजय का अंतिम संस्कार किया जाएगा।

### हरा पत्ता कप में दो मैचों का आयोजन

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

सुपीरियर स्प्रीरिट्स स्पोर्ट्स एकेडमी की ओर से प्रथम आनंदराव पाटिल मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट फॉर हरा पत्ता कप में मंगलवार को दो मैच खेले गए। पहले मैच में सुपीरियर स्प्रिट्स स्पोर्ट्स एकेडमी ने सोनेट क्लब को नौ रन से मात दी। दूसरे मैच में नेशनल यूथ ने बीसीए को दो विकेट से हराया। किदवईनगर स्थित साउथ मैदान पर सुपीरियर स्प्रिट्स स्पोर्ट्स एकेडमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 35 ओवर में छह विकेट पर 241 रन बनाए। इसमें देवांश शुक्ला ने 71 रन, सत्य कुमार ने 72 रन और पं. लव गर्ग ने 50 रन की पारियां खेली, तो गेंदबाजी में अभिषेक वर्मा व आनंद वर्मा ने दो-दो को वापस भेजा।



**एनएफआरए की कंपनियों-फर्मों की होगी...**

सुप्रीम कोर्ट चार्टर्ड अकाउंटेंट और अकाउंटिंग फर्मों को कारण बताओ नोटिस जारी करने, जांच करने और कदाचार के लिए दंडित करने की शक्ति के बारे में राष्ट्रीय वित्तीय रिपोर्टिंग प्राधिकरण (एनएफआरए) की याचिका पर विचार करने के लिए सहमत हो गया। ▸ पढ़ें पेज 12 पर...

# यूपी बन चुका है एक्सप्रेसवे प्रदेश : राज्यपाल

## सेमीकण्डक्टर पार्क, डेटा सेन्टर पार्क, इलेक्ट्रॉनिक्स सिस्टम डिजाइन एवं मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर का गवर्नर ने किया जिक्र

- उत्तर प्रदेश में सुदृढ़ हुई कनेक्टिविटी का राज्यपाल ने किया विशेष उल्लेख
- प्रदेश में हाईवे, एक्सप्रेसवे, एयरपोर्ट और डिफेंस कॉरिडोर का राज्यपाल ने अभिभाषण में किया जिक्र
- देश के कुल एक्सप्रेसवे नेटवर्क में उत्तर प्रदेश की हिस्सेदारी सर्वाधिक : राज्यपाल

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



यूपी विधानसभा के बजट सत्र के शुभारंभ के अवसर पर मंगलवार को राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने सदन में अपना अभिभाषण प्रस्तुत किया। इस दौरान उन्होंने प्रदेश में सुदृढ़ हुई कनेक्टिविटी का विशेष रूप से उल्लेख किया। राज्यपाल ने कहा कि उत्तर प्रदेश, देश में एक्सप्रेसवे प्रदेश के रूप में भी जाना जाता है। वर्तमान में प्रदेश सरकार द्वारा निर्मित चार बड़े एक्सप्रेस-वे (यमुना एक्सप्रेस-वे, आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे, पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे तथा बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे) संचालित हैं। इसके अतिरिक्त प्रदेश का सबसे लम्बा एक्सप्रेस-वे गंगा एक्सप्रेस-वे तथा गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे निर्माणाधीन है। देश के कुल एक्सप्रेस-वे नेटवर्क में उत्तर प्रदेश की सर्वाधिक हिस्सेदारी है।

### लॉजिस्टिक कॉस्ट को कम करने के लिए हो रहा नए एक्सप्रेसवे का निर्माण

राज्यपाल ने बताया कि चित्रकूट लिंक एक्सप्रेसवे, आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे को पूर्वांचल एक्सप्रेसवे से जोड़ने वाला लिंक एक्सप्रेसवे, बुंदेलखण्ड एक्सप्रेसवे एवं आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे को वाया फर्रुखाबाद, गंगा एक्सप्रेसवे से जोड़ने वाला लिंक एक्सप्रेसवे तथा जेवर एयरपोर्ट लिंक एक्सप्रेसवे के निर्माण के लिए कार्य गतिमान है। उन्होंने बताया कि सरकार प्रदेश के अन्दर कनेक्टिविटी को बढ़ाने तथा लॉजिस्टिक कॉस्ट को कम करने के लिए नए एक्सप्रेसवे के निर्माण के लिए कार्रवाई कर रही है, इसमें 320 किलोमीटर लंबा विंध्य एक्सप्रेसवे (प्रयागराज-मीरजापुर-वाराणसी-चंदौली-सोनभद्र)। चंदौली से गाजीपुर होते हुए पूर्वांचल लिंक एक्सप्रेसवे को जोड़ने के लिए स्पर का निर्माण। बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे को चित्रकूट से प्रयागराज होते हुए रीवा मार्ग से जोड़ने के लिए एक्सप्रेसवे का निर्माण और गंगा एक्सप्रेसवे को मेरठ से हरिद्वार को जोड़ने के लिए एक्सप्रेसवे का निर्माण शामिल है।

### पांच इंटरनेशनल एयरपोर्ट वाला प्रदेश बन जाएगा यूपी

अन्य प्रमुख आगामी परियोजनाओं की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि ग्रेटर नोएडा निवेश क्षेत्र में एविएशन हब, एमआरओ-कार्गो कॉम्प्लेक्स, आगरा और प्रयागराज में इण्टीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर, गोरखपुर में प्लास्टिक पार्क, गाजियाबाद, लखनऊ, कानपुर नगर, गोरखपुर व हापुड़ में केमिकल और फार्मा पार्क जैसे सेक्टर विशिष्ट पार्क भी शामिल हैं। उन्होंने एवियेशन सेक्टर का भी उल्लेख किया, जिसमें जहां वर्ष 2017 से पहले मात्र 4 आपरेशनल एयरपोर्ट-लखनऊ, वाराणसी, गोरखपुर एवं आगरा थे, जो वर्तमान में बढ़कर 16 हो गये हैं। उन्होंने बताया कि 2017 से अब तक कुशीनगर एवं अयोध्या में अन्तरराष्ट्रीय हवाई अड्डों का निर्माण कार्य पूर्ण कर इन्हें संचालित किया जा रहा है। गौतमबुद्ध नगर के जेवर में विश्वस्तरीय अन्तरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का शीघ्र ही संचालन हो जाने से प्रदेश में पांच इंटरनेशनल एयरपोर्ट हो जाएंगे।

### यूपी डिफेन्स इण्डस्ट्रियल कॉरिडोर का किया उल्लेख

राज्यपाल ने बताया कि यूपी डिफेन्स इण्डस्ट्रियल कॉरिडोर के झांसी नोड में भारत डायनेमिक्स लिमिटेड, कानपुर नोड में अडानी डिफेंस सिस्टम एण्ड टेक्नोलॉजी, अलीगढ़ में एंकर रिसर्च लैब्स, लखनऊ में डीआरडीओ ब्रम्होस एयरोस्पेस शमिल हैं, जिनमें लगभग साढ़े 9 हजार करोड़ का निवेश सम्भावित है। इसके साथ ही सरकार द्वारा यमुना एक्सप्रेसवे प्राधिकरण क्षेत्र में सेमीकण्डक्टर पार्क, डेटा सेन्टर पार्क, इलेक्ट्रॉनिक्स सिस्टम डिजाइन एवं मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर विकसित किए जा रहे हैं।

# मिशन शक्ति ने प्रशासन और समाज को नया संदेश दिया : डॉ दिलीप अग्निहोत्री

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



राज्य सूचना आयुक्त डॉ दिलीप अग्निहोत्री ने कहा कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का नारा देश के लिए अभियान बन गया। इसका सकारात्मक प्रभाव हमारे समाज में दिखाई दे रहा है। इस अभियान को मिशन शक्ति ने नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ाया है। राज्य सूचना आयुक्त एपी सेन गर्ल्स इंटर कॉलेज में आयोजित छात्रवृत्ति समारोह में बोल रहे थे। इसका आयोजन बालिका शिक्षा एवं बालिका सशक्तिकरण मालाबार और विद्यालय के सहयोग से आयोजित किया गया। समारोह में छह बालिका विद्यालयों की होनहार छात्राओं को छात्रवृत्ति प्रदान की गई। इसके पहले एपी सेन इंटर कालेज की प्राचार्य और मालाबार टीम द्वारा राज्य सूचना आयुक्त का स्वागत किया गया। इस अवसर पर समग्र शिक्षा अभियान के जिला समन्वयक संतोष कुमार मिश्र, अनेक विद्यालयों की प्रिंसिपल, शिक्षिकाएं और बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं। राज्य सूचना आयुक्त ने कहा कि मिशन शक्ति ने प्रशासन और समाज को नया संदेश दिया है। इसका शुभारंभ नवरात्र के समय किया गया था। इसका उद्देश्य नारी सुरक्षा नारी सम्मान है। इसके अंतर्गत अनेक कार्यक्रम संचालित किए जाते है। महिला सुरक्षा, सम्मान और स्वालंबन को प्राथमिकता दी गई। सरकार द्वारा शिक्षा, उद्यमिता, प्रौद्योगिकी और अन्य क्षेत्रों में पहल के माध्यम से महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए कार्य कर रही है। सशक्त नारी सशक्त देश माध्यम से मातृशक्ति को संबल और सशक्त किया जा रहा है। जिसमें कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, बालिकाओं को निशुल्क शिक्षा योजना, उज्ज्वला योजना, मातृ वंदना योजना,बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ योजना, सुनिधि योजना आदि संचालित की जा रही हैं।

# सरकारी धन का दुरपयोग कर, सरकारी धन का गबन करने वाला गिरफ़्तार



- महिगवां थाना प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने पारा थाना क्षेत्र से किया गिरफ़्तार, भेजा जेल

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

लखनऊ कमिश्नरेट उत्तरी जोन के महिगवां थाना क्षेत्र अंतर्गत सुनियोजित ढंग से षडयन्त्र रचकर फर्जी प्राक्कलन तैयार कर शासकीय धन का दुरूपयोग एवं गबन करने वाले 1 अभियुक्त को महिगवां पुलिस ने गिरफ़्तार कर जेल भेज दिया है। बता दें कि वादिनी मुकदमा पूजा पाण्डेय कार्यक्रम अधिकारी खण्ड विकास बीकेटी लखनऊ द्वारा दिये गये डाक पैड से प्राप्त प्रार्थना पत्र बावत ग्राम पंचायत रेवामऊ में संतोष सिंह, ग्राम रोजगार सेवक, ग्राम पंचायत रेवामऊ द्वारा अमृत सरोवर हदरहिया तालाब पर कूटरचित तरीके से मस्टररोल पर श्रमिकों की उपस्थिति दर्ज करते हुये धनराशि गबन में संलिप्तता होने एवं पुराने कार्यों की रंगाई-पुताई कराकर डुप्लीकेसी कर शासकीय धनराशि का दुरूपयोग करने के प्रयास किये जाने एवं तुगनाथ सिंह के घर से सत्ती माता के मन्दिर तक सीसीरोड का कार्य अधोमानक कराते हुये मस्टररोल पर श्रमिकों की उपस्थिति दर्ज कर भुगतान हेतु प्रस्तुत किये जाने के दोषी पाये जाने पर अपर जिला कार्यक्रम समन्वयक मुख्य विकास अधिकारी, लखनऊ के कार्यालय पत्रांक 357/मनरेगा/पत्रा0स0-0156/2024-25 दिनाक 25 अक्टूबर, 2024 के क्रम में आनन्द चतुर्वेदी, ग्रापंअ तत्कालीन सचिव राजेश कुमार तत्कालीन तकनीकी सहायक संतोष कुमार सिंह, ग्रा रो से, ग्रापं-रेवामऊ के विरूद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करते हये नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु थाना महिगवां पर मु0अ0सं0 0009/2025 धारा 318(4)/316(5) बीएनएस पंजीकृत हुआ था जिसकी विवेचना उ0नि0 रावेन्द्र सिंह द्वारा की जा रही है। वहीं मंगलवार को महिगवां थाना प्रभारी शिवमंगल सिंह के नेतृत्व में उ0नि0 रावेन्द्र सिंह मय पुलिस टीम के साथ थाना महिगवां से रवाना होकर मु0अ0स0 09/2025 धारा 318(4)/316(5) बीएनएस से सम्बन्धित अभियुक्त राजेश कुमार पुत्र गणेश प्रसाद निवासी गंगा विहार पिंक सिटी कालोनी थाना पारा लखनऊ स्थायी पता ग्राम सहतवार नई बजार थाना सहतवार जनपद बलिया की गिरफ्तारी हेतु अभियुक्त के मोबाइल नम्बर की सीडीआर की लोकेशन के अनुसार बाला पिंकसिटी कालोनी गंगा विहार थाना पारा पहुंचकर अभियुक्त का मकान पता कर आवाज लगाकर बुलाया गया तो अभियुक्त अपने घर पर मौजूद मिला, तभी पुलिस ने गेट खुलवाकर बाहर बुलाया और नाम पता पूछते हुए जामा तलाशी ली, तो उसने अपना नाम राजेश कुमार पुत्र गणेश प्रसाद निवासी सहतवार नई बजार थाना सहतावर जनपद बलिया वर्तमान पता पिंकसिटी कालोनी (गंगाविहार) थाना पारा जनपद लखनऊ उम्र करीब 42 वर्ष बताया, वहीं पुलिस की पूछताछ में बताया की मै वर्तमान में ब्लाक गोसाईगंज जनपद लखनऊ में तकनीकी सहायक के पद पर संविदा पर कार्यरत हूँ आरोपी को उसके विरुद्ध थाना महिगवां पर पंजीकृत मु0अ0स0 009/2025 धारा 318(4)/316(5) बीएनएस में नामजद अभियुक्त होने के कारण एवं विवेचना से सुनियोजित ढंग से षडयन्त्र रचकर फर्जी प्राक्कलन तैयार कर शासकीय धन का दुरूपयोग एवं गबन करने के दोषी पाये जाने के कारण धारा 61(1) बीएनएस की बढोत्तरी करते हुए अभियुक्त उपरोक्त को मुकदमा उपरोक्त में अंतर्गत धारा 318(4)/316(5)/61(1) बीएनएस का जुर्म से अवगत कराते हुए समय करीब 02 बजें पुलिस हिरासत में लिया गया और मा0 न्यायालय भेजा गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

### अलीगंज पुलिस ने एक वारंटी को किया गिरफ़्तार

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

लखनऊ कमिश्नरेट के अलीगंज पुलिस ने एक वारंटी को गिरफ्तार कर लिया। बता दें कि मा0 न्यायालय ए0सी0 जे0एम0 कक्ष सं0 06 लखनऊ द्वारा निर्गत गैर जमानती वारंट केस सं0 223/24 धारा 70 (1) बीएनएस थाना जानकीपुरम लखनऊ से सम्बन्धित एक नफर वारंटी मोबिन अदीश पुत्र लड्डुन अदीस निवासी म0नं0 538/465 शिवलोक त्रिवेणीनगर सीतापुर रोड थाना अलीगंज लखनऊ उम्र 24 वर्ष को उसके निवास स्थान शिवलोक त्रिवेणीनगर-3 से गिरफ्तार किया गया। वहीं पुलिस ने वारंटी के विरूद्ध थाना अलीगंज से अग्रिम एवं विधिक कार्यवाहीं की गई है।


### दुनिया की पहली हवाई डाक सेवा ने पूरे किये 114 वर्ष

**लखनऊ।** प्रयाग कुंभ मेले के दौरान 18 फरवरी 1911 को दुनिया की पहली हवाई डाक सेवा शुरू हुई थी। 6,500 पत्रों को लेकर विमान उड़ा था।डाक सेवाओं ने पूरी दुनिया में एक लम्बा सफर तय किया है। भारत को यह सौभाग्य प्राप्त है कि दुनिया की पहली आधिकारिक हवाई डाक सेवा यहीं से आरम्भ हुई। यह ऐतिहासिक घटना 114 वर्ष पूर्व 18 फरवरी, 1911 को प्रयागराज में हुई थी।

# चिनहट पुलिस ने नामित वांछित अभियुक्त के विरूद्ध अन्तर्गत धारा 82 द0 प्र0सं0 उद्घोषणा की करायी गई कार्यवाही

जन एक्सप्रेस । लखनऊ





पुलिस आयुक्त व संयुक्त पुलिस आयुक्त अपराध एंव मुख्यालय द्वारा अपराध एंव अपराधियों पर नियत्रंण एंव वांछित अपराधियों के विरूद्ध गिरफ्तारी हेतु जा रहे अभियानल के क्रम में पुलिस उपायुक्त (पूर्वी) के कुशल पर्यवेक्षण अधिकारी एंव सहायक पुलिस आयुक्त विभूतिखण्ड के निर्देशन में एंव थानाध्यक्ष भरत कुमार पाठक के नेतृत्व में थाना चिनहट पर पंजीकृत मु0अ0सं0 45/2024 धारा 419/420/467/468/471 भादवि व 4/10 उ0प्र0 सार्वजनिक परीक्षा अधिनियम 1998 से सम्बन्धित अभियुक्त लोकेन्द्र पुत्र महिपाल निवासी पहाड़पुर इनायत 2 पोस्ट पपसरी खादर थाना धनौरा जनपद अमरोहा के विरूद्ध दिनांक 05.02.2025 को मा0 न्यायालय ए0सी0 जे0एम0 तृतीय महोदय जनपद लखनऊ द्वारा अन्तर्गत धारा 82 द0प्र0सं0 उदघोषणा पत्र निर्गत किया गया था।

वहीं मा0 न्यायालय द्वारा निर्गत अन्तर्गत धारा 82 द0प्र0सं0 उद्घोषणा पत्र की कार्यवाही थाना चिनहट की पुलिस द्वारा दिनांक 11.02.2025 को नियमानुसार कार्यवाही करायी जा चुकी है। वहीं मुकदमा के वादी मुकदमा अति0 निरीक्षक अनुराग शर्मा थाना चिनहट जनपद लखनऊ मय हमराहीयान के दिनांक 03.02.2024 को परीक्षा ड्युटी इन्सिटिट्यूट आफ कम्प्यूटर साइंस इन कैम्पस रजत वुमेन कॉलेज आफ एजुकेशन एंण्ड मैनेजमेन्ट मे द्वितीय पाली की परीक्षा ड्युटी मे मौजूद थे कि उक्त कालेज मे हेड आपरेटर मकैनिक सहायक आपरेटर वायरलेश विभाग की परीक्षा सेटवेट इन्फोर्स सेल प्राइवेट लिमिटेड के द्वारा परीक्षा करायी जा रही थी कि उक्त कम्पनी के पर्यवेक्षक दिवाकर पुत्र श्रीधर निवासी टीर बोटियार थाना एच-8 चेन्नई के द्वारा कूट रचित प्रवेश पत्र व आधार कार्ड के आधार पर अनुचित लाभ लेकर अभ्यर्थी लोकेन्द्र पुत्र महिपाल निवासी पहाड़पुर इनायत-2 पोस्ट पपसरी खादर थाना धनौरा जनपद अमरोहा के स्थान पर अभ्यार्थी सौरभ कुमार पुत्र खचेड़ सिंह निवासी पुरमाफी टूर थाना अमरोहा देहात जनपद अमरोहा देहात कूट रचित आधार कार्ड व परीक्षा प्रवेश पत्र के साथ परीक्षा देते हुए पकड़ा गया। जिस पर थाना चिनहट पर अभियुक्तगण 1. सौरभ कुमार पुत्र खचेडू सिंह निवासी ग्राम तूरमाफी पोस्ट कोठी खिदमतनगर थाना अमरोहा देहात जनपद अमरोहा 2. लोकेन्द्र पुत्र महिपाल निवासी पहाड़पुर इनायत 2 पोस्ट पपसरी खादर थाना धनौरा जनपद अमरोहा के विरूद्ध मु0अ0सं0 45/2024 धारा 419/420/467/468/471 भादवि व 4/10 उ0प्र0 सार्वजनिक परीक्षा अधिनियम 1998 पंजीकृत कर अभियुक्त सौरभ कुमार पुत्र खचेडू सिंह निवासी पुरमाफी टूर थाना अमरोहा देहात जनपद अमरोहा देहात को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। नामित/वाँछित अभियुक्त लोकेन्द्र पुत्र महिपाल निवासी पहाड़पुर इनायत 2 पोस्ट पपसरी खादर थाना धनौरा जनपद अमरोहा जो लगातार फरार चल रहा है, जिसके विरूद्ध मा0 न्यायालय ए0सी0 जे0एम0 तृतीय महोदय जनपद लखनऊ द्वारा गैर जमानतीय अधिपत्र व अन्तर्गत धारा 82 द0प्र0सं0 उदघोषणा पत्र निर्गत किया गया था।

# पति ने पत्नी की पीट-पीटकर की हत्या, शराब पीने से मना करने पर डंडे से मार डाला, आरोपी पति गिरफ़्तार

जन एक्सप्रेस । लखनऊ





लखनऊ कमिश्नरेट के मोहनलालगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत एक पति ने पत्नी के शराब पीने से मना करने पर पति ने पत्नी की पीट-पीट कर हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। घटना लखनऊ के मोहनलालगंज तहसील के आनंदपुर गांव की है। जहां पति ने अपनी पत्नी की पीट-पीट कर बेरेमी से हत्या कर दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतका का शव कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। वहीं पुलिस के मुताबिक मृतका की पहचान कंचन के रूप में हुई सोमवार रात उसका पति शराब पीकर घर आया था। इस बात को लेकर दोनों में झगड़ा हुआ और पति ने शराब के नशे में कंचन को डंडे से मारा, जिससे उसके के सिर में गंभीर चोट आ गई। रात में घर वालों के समझने पर दोनों खाना खा कर सो गए। वहीं मंगलवार सुबह घर वाले उठे तो कंचन मृत अवस्था में मिली। वहीं पुलिस ने आरोपी पति राजकुमार को इंदिरा नहर के पास से गिरफ्तार कर लिया। वहीं परिजनों के मुताबिक राजकुमार और कंचन की शादी करीब 12 साल पहले हुई थी, उनके तीन बच्चे हैं, मृतका के मायके वालों को सूचना दी गई है, जो घटनास्थल पर पहुंचे, पुलिस ने शव का पंचनामा कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। वहीं एडीसीपी ने बताया कि फारेंसिक टीम को मौके पर बुलाकर साक्ष्य एकत्र किए गये। वहीं एसीपी रजनीश वर्मा और इंस्पेक्टर अमर सिंह पुलिस फोर्स के साथ मौके पर मौजूद रहे। घटना के बाद अगल-बगल लोगों को जमावड़ा दिखाई दिया।

# वजीरगंज क्षेत्र में जालसाजी व धोखाधड़ी कर दूसरे के मकान की रजिस्ट्री करने वाले शातिर व्यक्ति को पुलिस ने किया गिरफ़्तार

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



लखनऊ कमिश्नरेट के वजीरगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत जालसाजी व धोखाधड़ी करके दूसरे के मकान की रजिस्ट्री करने वाले एक शातिर व्यक्ति को पुलिस ने गिरफ़्तार कर लिया। बता दें कि वादी मो0 शफीक पुत्र मो0 सईद नि0 197 अजीत नगर थाना कोतवाली नगर कोतवाली सिटी प्रतापगढ़ को मकान देने के नाम पर जालसाजी व धोखाधडी कर 15 लाख रुपये लेकर दूसरे का मकान रजिस्ट्री कर देना व पैसे मांगने पर जान से मारने की धमकी देने के सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 309/2024 धारा 406/419/420/467/468/471/506 भादवि बनाम, जियाउल हसन उर्फ गुड्डू पुत्र सुल्तान हुसैन निवासी-116/52 घसियारी मण्डी वर्तमान पता-31/ए, कैण्ट रोड ओडियन सिनेमा के सामने (दुकान का पता-मीना कॉम्पलेक्स नजीराबाद रोड़ अमीनाबाद लखनऊ, रिजवान सिद्दीकी पुत्र इजहार सिद्दीकी निवासी अज्ञात थाना वजीरगंज लखनऊ पंजीकृत किया गया। वहीं अभियोग मे नामित अभियुक्त जियाउल हसन उर्फ गुड्डू द्वारा कूटरचित दस्तावेज तैयार कर वादी मुकदमा के साथ धोखाधड़ी की गयी जिसके विरुद्ध पर्याप्त साक्ष्य पाये जाने पर शीघ्र गिरफ्तारी हेतु उच्चाधिकारियो द्वारा दिये गये दिशा निर्देशो के क्रम मे थाना वजीरगंज की टीम द्वारा दिनांक 17.02.2025 को मुकदमा उपरोक्त में अभियुक्त जियाउल हुसैन उर्फ गुड्डू उपरोक्त को डालीगंज पुल के पास शहीद स्मारक रोड से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही प्रचलित है। अभियुक्त रिजवान सिद्दीकी उपरोक्त लगातार फरार चल रहा है, जिसकी गिरफ्तार हेतु निरन्तर प्रयास किये जा रहे है।

# अंग्रेजी से हमारा विरोध नहीं, उर्दू को मिले प्राथमिकता : माता प्रसाद

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



उत्तर प्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने कहा है कि सदन बाधित नहीं हुआ, जितना चलना चाहिए, उतना चला है। हमारा अंग्रेजी भाषा से कोई विरोध नहीं, लेकिन कार्यवाही में क्षेत्रीय भाषा को प्राथमिकता देनी चाहिए। नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने मंगलवार को विधानसभा में अंग्रेजी भाषा पर हुए विवाद के बाद पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि सत्तारूढ़ दल का अपना एजेंडा है। उनके एजेंडे में हिंदू-मुस्लिम है। जब बात करेंगे तो इसी पर करेंगे। हम लोग अंग्रेजी भाषा के विरोधी नहीं हैं। अंग्रेजी खूब पढ़ो, उनके साहित्यकार के बारे में भी खूब पढ़ो। लेकिन हिंदी, बुंदेली, ब्रज, भोजपुरी भाषा भी बोली जाए। गांव क्षेत्र का आदमी अंग्रेजी भाषा को कैसे समझ पाएंगे?उन्होंने खुद सवाल किया कि अंग्रेजी भाषा में सदन की कार्यवाही गांव में कौन समझेगा?, मैंने उसी का विरोध किया। मैंने सुझाव दिया कि इसे उर्दू कर दें या फिर संस्कृत कर दें। यही बात मैंने कही। उन्हें जबरदस्ती अपनी बात कहनी थी। उसी में कठमुल्ला जैसे शब्द भी आ गए। जब मैं बोल रहा था तब मेरी माइक बंद कर दी गई। यह तानाशाही रवैया है। यूपी हिंदी भाषी प्रदेश है। हमारे संविधान निर्माताओं ने हिंदी को राष्ट्र भाषा बनाने का प्रण लिया था। उसे पूरा करने की जिम्मेदारी हिंदी भाषी प्रदेशों की है। यहां हिंदी नहीं बोली जाएगी तो क्या तमिलनाडु में बोली जाएगी? मैंने विरोध किया, मैंने अंग्रेजी भाषा का विरोध नहीं किया। अंग्रेजी भाषा का कार्यवाही में प्रयोग होने का विरोध किया।उन्होंने बजट के बारे में कहा कि वह आएगा तो पता चलेगा कि कितना कल्याणकारी है। पहले के बजट से कुछ कल्याण हुआ। आज वही काम हो रहे हैं, जो अखिलेश यादव करके गए। इन्होंने कोई भी नया काम नहीं किया है। सपा की सरकार में लखनऊ में इकाना, लोकभवन, कैंसर हॉस्पिटल बनवाया गया।नेता प्रतिपक्ष ने महाकुंभ की व्यवस्था को लेकर सवाल उठाए। श्रद्धालु 15 से लेकर 70 किलोमीटर तक पैदल चलकर नहाने जा रहे हैं। उन्हें तीन-तीन दिन जाम में फंसना पड़ रहा है। लोगों को सड़कों में रुकना पड़ रहा है। इन्होंने अपने संकल्प पत्र में कहा था कि विश्वस्तरीय व्यवस्था करेंगे। वह कहां है? कितने लोग दब के मर गए, ट्रेन में लोग मर जाएं, सड़क जाम है, तीन दिन लोग परेशान रहे, यही विश्वस्तरीय व्यवस्था है?

# 'शहरी बाढ़ प्रबंधन और जल निकासी' पर कार्यशाला का आयोजन

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

- शहरी बुनियादी ढांचा मजबूत करने को सरकार प्रतिबद्ध : अमृत अभिजात

उत्तर प्रदेश के नगर विकास विभाग और कंस्ट्रक्शन एंड डिज़ाइन सर्विसेज द्वारा %शहरी बाढ़ प्रबंधन और जल निकासी% पर नगरीय निकाय निदेशालय में दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित की जा रही है। कार्यशाला का उद्देश्य राज्य में शहरी बाढ़ से संबंधित चुनौतियों से निपटने के लिए जल प्रबंधन पर तकनीकी विशेषज्ञता और ज्ञान को बढ़ाना है। नगर विकास विभाग के सचिव एवं शहरी स्थानीय निकाय निदेशक अनुज कुमार झा ने बढ़ते शहरीकरण के दौर में सतत शहरी जलनिकासी समाधानों की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा, तीव्र विकास और जलवायु परिवर्तन के कारण शहरी बाढ़ गंभीर चुनौती है। कार्यशाला शहरी योजनाकारों और अभियंताओं को जल प्रबंधन की आधुनिक तकनीकों को अपनाने में मदद करेगी, जिससे हमारे शहर प्रतिकूल मौसम की स्थितियों से निपटने में सक्षम बनेंगे। प्रमुख सचिव नगर विकास अमृत अभिजात ने कहा,शहरी बुनियादी ढांचे को मजबूत करने में सरकार प्रतिबद्ध है।प्रभावी जल निकासी केवल बाढ़ रोकथाम के बारे में नहीं है, यह स्थायी, रहने योग्य शहरों के निर्माण के बारे में है। हमारा दृष्टिकोण आधुनिक इंजीनियरिंग तकनीकों को वर्षा जल संचयन, अवरोधन तालाबों प्राकृतिक समाधानों के साथ एकीकृत करना चाहिए। समग्र जल प्रबंधन रणनीति के लिए नगर निकायों, अभियंताओं और नीति निर्माताओं सहित विभिन्न हितधारकों के बीच समन्वित प्रयास आवश्यक हैं।नगर विकास विभाग के विशेष सचिव सत्य प्रकाश पटेल ने उत्तर प्रदेश में शहरी जल निकासी प्रणाली की स्थिति, शहरी बाढ़ के कारणों और शहरी जल निकासी की आवश्यकता के साथ उत्तर प्रदेश जल निकासी प्रणाली दिशानिर्देशों पर एक सत्र का नेतृत्व किया।

▸ पढ़ें पेज 12 पर...


## जन एक्सप्रेस



## सम्पादकीय

### स्कूलों में स्मार्टफोन के उपयोग पर प्रतिबंध लगाने और न लगाने पर दुनिया भर में बहस

**भारत सरकार ने स्कूली छात्रों में स्मार्टफोन की लत के मुद्दे को हल करने के लिए कई कदम उठाए हैं। मुख्य उपायों में से एक स्कूलों में जिम्मेदार स्मार्टफोन उपयोग के लिए दिशानिर्देश जारी करना है। ये दिशानिर्देश शिक्षकों को अपने शिक्षण प्रथाओं में स्मार्टफोन को शामिल करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं जो शिक्षा और सुरक्षा को बढ़ावा देते हैं। स्मार्टफोन के उपयोग को विनियमित करने के लिए, कुछ भारतीय स्कूलों ने परिसर के आसपास मोबाइल फोन के उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया है।**

*स्कूलों में स्मार्टफोन के उपयोग पर प्रतिबंध एक वैश्विक बहस का विषय बन गया है। जबकि कुछ देशों ने स्कूलों में स्मार्टफोन के उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया है, अन्य देशों ने इसके उपयोग को कानूनी दायरे में लाने का फैसला किया है। यूनेस्को की ग्लोबल एजुकेशन मॉनिटरिंग (जेम) टीम के अनुसार, कम से कम 79 शिक्षा प्रणालियों ने स्कूलों में स्मार्टफोन पर प्रतिबंध लगा दिया है, जो बच्चों के शिक्षा और गोपनीयता पर इसके प्रभाव के बारे में चिंता व्यक्त करते हैं। फ्रांस में वर्ष 2018 में स्कूलों में स्मार्टफोन के उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया गया था जो छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य और शैक्षिक प्रदर्शन पर इसके प्रभाव के बारे में चिंता व्यक्त करता था। इसी तरह, कुछ ऑस्ट्रेलियाई और ब्रिटिश स्कूलों ने भी स्कूल घंटों के दौरान स्मार्टफोन के उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया है, जो विचलित होने और मानसिक स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव के बारे में चिंता व्यक्त करते हैं। अन्य देशों ने भी स्कूलों में स्मार्टफोन के उपयोग पर प्रतिबंध लगाए हैं। चीन के झेंगझओए शहर में, माता-पिता को अपने बच्चों को प्राथमिक और माध्यमिक स्कूलों में स्मार्टफोन का उपयोग करने के लिए लिखित सहमति देनी होती है। इसके अलावा, कुछ देशों ने गोपनीयता की चिंताओं के कारण शैक्षिक सेटिंग्स से विशिष्ट अनुप्रयोगों के उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया है। डेनमार्क और फ्रांस ने दोनों ने गूगल वर्कस्पेस पर प्रतिबंध लगा दिया है, जबकि जर्मनी के कुछ राज्यों ने माइक्रोसॉफ्ट उत्पादों पर प्रतिबंध लगा दिया है। इसके विपरीत, कुछ देशों ने स्कूलों में स्मार्टफोन के उपयोग को विनियमित करने का फैसला किया है, इसके बजाय प्रतिबंध लगाने के। यह दृष्टिकोण शैक्षिक सेटिंग्स में स्मार्टफोन के संभावित लाभों को स्वीकार करता है, जैसे कि ऑनलाइन संसाधनों तक पहुंच और छात्रों और शिक्षकों के बीच संचार को सुविधाजनक बनाने की क्षमता। भारत में, उदाहरण के लिए, सरकार ने स्कूलों में स्मार्टफोन के जिम्मेदार उपयोग के लिए दिशानिर्देश जारी किए हैं, जो शिक्षकों को इन उपकरणों को शिक्षा और सुरक्षा को बढ़ावा देने वाले तरीके से अपने शिक्षण प्रथाओं में शामिल करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। सिंगापुर ने भी स्कूलों में स्मार्टफोन के उपयोग को विनियमित करने के लिए कई पहल शुरू की हैं, जिनमें मोबाइल डिवाइस प्रबंधन सॉफ्टवेयर का उपयोग शामिल है ताकि स्मार्टफोन के उपयोग पर निगरानी और नियंत्रण किया जा सके। इसी तरह, कुछ कनाडाई स्कूलों ने स्कूल घंटों के दौरान स्मार्टफोन के उपयोग को विनियमित करने के लिए नीतियां लागू की हैं, जिनमें निर्दिष्ट टेक-फ्री क्षेत्रों का उपयोग शामिल है। स्कूलों में स्मार्टफोन के उपयोग पर प्रतिबंध लगाने या इसके उपयोग को विनियमित करने का निर्णय शैक्षिक समुदाय की विशिष्ट आवश्यकताओं और चिंताओं सहित विभिन्न कारकों पर निर्भर करता है। इसके बजाय एक समग्र प्रतिबंध लगाने के बजाय, स्कूलों और सरकारों को एक संतुलन खोजने का प्रयास करना चाहिए जो छात्रों को स्मार्टफोन के लाभों का लाभ उठाने की अनुमति देता है जबकि जोखिमों को कम करता है। स्पष्ट नीतियों को लागू करके, छात्रों और शिक्षकों को शिक्षित करके, और स्मार्टफोन के उपयोग पर निगरानी करके, स्कूल स्मार्टफोन के उपयोग को विनियमित करने में मदद कर सकते हैं जो शिक्षा, सुरक्षा और जिम्मेदार व्यवहार को बढ़ावा देता है। इसके अलावा, स्कूल स्मार्टफोन की लत और संबंधित स्वास्थ्य समस्याओं के जोखिम को कम करने के लिए शारीरिक गतिविधि और आउटडोर प्ले को बढ़ावा दे सकते हैं।*

## एक्सप्रेस आलेख

**सत्ताधारी खेमे का दावा है कि नीतीश कुमार की दूरदर्शी सोच और कड़ी मेहनत की वजह से बिहार का तकरीबन हर गांव पक्की और चौड़ी सड़कों से जोड़ा जा रहा है। बहुत सारी सड़कें तैयार भी हो चुकी हैं। जिनकी मदद से बिहार के किसी भी कोने से पहले की तुलना में राजधानी पटना पहुंचना कहीं ज्यादा आसान हुआ है। इसकी वजह से लोगों के समय और ईंधन की बचत हो रही है। नीतीश की अगुआई में 2010 में मिली दूसरी जीत में बेहतर सड़कों की बड़ी भूमिका रही। शायद यही वजह है कि नीतीश कुमार ने सड़कों और बुनियादी सुविधाओं के लिए खजाना खोल दिया है। नीतीश के लिए चुनौती शराबबंदी बनी हुई है। सरकारी तंत्र के भ्रष्टाचार की वजह से शराब की तस्करी बढ़ी है।**

# प्रगति यात्रा के सहारे चुनावी नैया पार उतारने की कोशिश में नीतीश



उमेश चतुर्वेदी

**प्रशांत किशोर जैसे उनके पुराने साथी विपक्षी खेमे की ओर से इसे बड़ा मुद्दा बना रहे हैं। फिर भी कह सकते हैं कि बिहार की आर्थिक प्रगति की ओर बढ़ा नीतीश सरकार का पहिया अब भी प्रमुख मुद्दा है। उम्मीद की जा रही है कि चुनावों की घोषणा होने तक नीतीश और बीजेपी इसे अपनी उपलब्धि के तौर पर प्रचारित और विस्तारित करते रहेंगे।**

बिहार में विधानसभा चुनावों की उलटी गिनती शुरू हो चुकी है। छह महीने बाद राज्य में चुनाव होने हैं। ऐसे में पक्ष और विपक्ष-दोनों ने चुनावी समर के लिए कमर कस लिया है। इन तैयारियों के बीच एक बात तय है। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन यानी एनडीए एक बार फिर नीतीश कुमार की ही अगुआई में चुनावी मैदान में उतरने जा रहा है। पिछले साल नीतीश और लालू के मिलने की खबरिया कानाफूसी हो रही थी, उन्हीं दिनों पहले अमित शाह और बाद बीजेपी अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, दोनों नीतीश के ही चेहरे पर चुनाव लड़ने का ऐलान करने में देर नहीं लगाई। वहीं विपक्षी खेमे की कमान बीमारी के बावजूद लालू यादव ने अपने हाथ में ले ली है। जनता दल से अलग होकर जब से नीतीश कुमार ने अपनी अलग राह चुनी है, बिहार में ज्यादातर जंग लालू बनाम नीतीश ही रही है। सियासी इतिहास गवाह है कि जब भी लालू बनाम नीतीश की जंग होती है, लालू का जंगलराज के भूत का डर बिहार के लोगों को सताने लगता है। इस जंग में लालू की बनिस्बत नीतीश का चमकदार और सुलझा हुआ सामने आ जाता है और सियासी बाजी नीतीश की अगुआई वाले गठबंधन के ही हाथ लगती रही है। एनडीए अगर बिहार की सत्ता से अतीत में कभी दूर हुआ भी है तो उसकी वजह खुद नीतीश का उसका साथ छोड़ना रहा है। नीतीश कुमार की अगुआई में 2005 में बिहार की सत्ता पर एनडीए के काबिज होने के बाद बिहार की अराजक छवि में तेजी से बदलाव हुआ। शासन की गाड़ी पटरी पर लगातार आती गई। नीतीश के पहले बिहार में बिजली के दर्शन कभी-कभी होते थे, लेकिन बाद में हालात बदले। बिहार की सड़कें देश और दुनिया में अपनी बदहाली के लिए जानी जाती थीं, लेकिन नीतीश ने उन्हें भी बदला। लड़कियों को स्कूल जाने के लिए साइकिलों की सौगात मिली। कभी माफिया, अपहरण और वसूली के लिए बदनाम बिहार की छवि बदलने लगी। इसके बाद नीतीश कुमार की भी नई छवि बनी, उन्हें नया नाम भी मिला, सुशासन कुमार। पंद्रह साल बाद हुए विधानसभा चुनावों में नीतीश की पार्टी की सीटें घटीं। हाल के दिनों में उनके कुछ बयानों पर सवाल भी उठे, इसके बावजूद बिहार की राजनीति का सबसे चमकदार चेहरा अब भी नीतीश कुमार ही हैं। शायद यही वजह है कि एनडीए एक बार नीतीश कुमार के ही चेहरे के साथ मैदान में उतरने जा रहा है। एनडीए और जनता दल यू को लगता है कि इस जंग में इस बार सियासी कामयाबी दिलाने में मददगार नीतीश कुमार की प्रगति यात्रा ही हो सकती है। इसलिए सत्ताधारी खेमे की ओर से एक तरफ जहां विकास को मुद्दा बनाने की तैयारी है, वहीं विकास के सिलसिले में नए आयाम जोड़ने को लेकर तेजी से काम हो रहा है। इसी के तहत नीतीश सरकार सड़क और पुल निर्माण जैसे विकास कार्यों को ज़मीन पर उतारने की तैयारी तेज कर दी है। एनडीए के साथ ही बिहार के सियासी जानकारों का मानना है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की यह यात्रा बिहार के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगी। क्योंकि नीतीश सरकार की नीतियों की वजह से पहले से ही समूचे राज्य में बुनियादी सुविधाओं में तेजी से सुधार हो रहा है। अपनी सरकार की उपलब्धियों के साथ ही लोगों की राय जानने के लिए कुछ दिनों पहले से नीतीश कुमार ने राज्य में प्रगति यात्रा की। इस यात्रा के दौरान नीतीश ने राज्य के तमाम जिलों में लोगों से मिलकर उनकी समस्याओं को सुना और उनके समाधान के लिए सुनवाई की जगह पर ही अधिकारियों को सीधे निर्देश दिए। इस यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री ने बिहार के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं भी कीं। विशेष रूप से सड़क निर्माण, बाईपास और उच्चस्तरीय रेलवे ओवर ब्रिज की योजनाओं पर जोर दिया गया, ताकि राज्य में आवागमन की सुगमता बढ़े और यात्रा समय में कमी आए। प्रगति यात्रा के ही दौरान नीतीश कुमार ने 20,000 करोड़ रुपये की 188 योजनाओं की घोषणा की, जिनमें 121 योजनाओं को मंत्रिपरिषद की मंजूरी मिल चुकी है और उन्हें जमीनी हकीकत बनाने को लेकर तेजी से काम शुरू हो चुका है। इनमें से कई योजनाएं ग्रामीण सड़कों को बेहतर बनाने, उनका पुनर्निर्माण करने और उनकी हालत पहले की तुलना में और बेहतर बनाने को लेकर हैं। इस दौरान समस्तीपुर और मधेपुरा जिलों में महत्वपूर्ण सड़क परियोजनाओं को मंजूरी दी जा चुकी है। साथ ही, सीवान, छपरा, गोपालगंज और मुजफ्फरपुर जिलों में सड़क चौड़ीकरण, बाईपास और पुल निर्माण कार्यों के लिए भी भारी धनराशि स्वीकृत की गई है। सत्ताधारी खेमे का दावा है कि नीतीश कुमार की दूरदर्शी सोच और कड़ी मेहनत की वजह से बिहार का तकरीबन हर गांव पक्की और चौड़ी सड़कों से जोड़ा जा रहा है। बहुत सारी सड़कें तैयार भी हो चुकी हैं। जिनकी मदद से बिहार के किसी भी कोने से पहले की तुलना में राजधानी पटना पहुंचना कहीं ज्यादा आसान हुआ है। इसकी वजह से लोगों के समय और ईंधन की बचत हो रही है। नीतीश की अगुआई में 2010 में मिली दूसरी जीत में बेहतर सड़कों की बड़ी भूमिका रही। शायद यही वजह है कि नीतीश कुमार ने सड़कों और बुनियादी सुविधाओं के लिए खजाना खोल दिया है। नीतीश के लिए चुनौती शराबबंदी बनी हुई है। सरकारी तंत्र के भ्रष्टाचार की वजह से शराब की तस्करी बढ़ी है। हालांकि शराबबंदी से महिलाएं खुश हैं। नीतीश को इस चुनौती से पार पाना होगा। वैसे प्रशांत किशोर जैसे उनके पुराने साथी विपक्षी खेमे की ओर से इसे बड़ा मुद्दा बना रहे हैं। फिर भी कह सकते हैं कि बिहार की आर्थिक प्रगति की ओर बढ़ा नीतीश सरकार का पहिया अब भी प्रमुख मुद्दा है। उम्मीद की जा रही है कि चुनावों की घोषणा होने तक नीतीश और बीजेपी इसे अपनी उपलब्धि के तौर पर प्रचारित और विस्तारित करते रहेंगे।



**एनडीए के साथ ही बिहार के सियासी जानकारों का मानना है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की यह यात्रा बिहार के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगी। क्योंकि नीतीश सरकार की नीतियों की वजह से पहले से ही समूचे राज्य में बुनियादी सुविधाओं में तेजी से सुधार हो रहा है।**

## आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथि: | षष्ठी 31:33 तक |
| नक्षत्र: | चित्रा 07:29 तक |
| पक्ष: | कृष्ण |
| वार: | बुधवार |
| योग: | गांदा, 09:47 |
| सूर्योदय: | 06:56 |
| सूर्यास्त: | 18:06 |
| चंद्रमा: | तुला राशि में |
| राहुकाल: | 15:19-16:43 |
| विक्रमी संवत्: | 2082 |
| शक सम्वत: | 1946 |
| मास: | फाल्गुन |
| शुभ मुहूर्त: | 12:09-12:54 |

## जन एक्सप्रेस

### हो रहे तैयार !

*जीतने को बाज़ी ।*
*हो रहे तैयार ।।*
*लगा देंगे ज़ोर अब ।*
*बनना असरदार ।।*
*देनी उनको मात है ।*
*खोज रहे तरकीब ।।*
*ना हो जाए स्थिति ।*
*आगे कुछ अजीब ।।*
*कर सही विश्लेषण ।*
*है निकालना हल ।।*
*आज से भी अच्छा ।*
*कर लेना है कल ।।*
*साध रहे निशाना ।*
*ना अब जाना चूक ।।*
*होता रहे कुछ भी ।*
*बैठ ना सकते मूक ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस कविता

*प्यारी सी शरारत का इंतज़ार है,*
*दोस्तो की चाहत का इंतज़ार है,*
*आज बड़ी बैचैन है दिल की धड़कने,*
*अब यारों की अदालत का इन्तजार है।*
*एक जमाना हुआ उनसे गले लगे,*
*उसी खिलखिलाहट का इंतज़ार है,*
*अब दोस्त मिलते नही भटके हुए,*
*दुश्मनो से ही दावत का इंतज़ार है,*
*कभी घिरे होते थे यारो की भीड़ में,*
*अंजानो से उसी राहत का इंतज़ार है।*
*जिंदगी की शाम हो गयी अब शायद,*
*बचपन की चहचहाट का इंतज़ार है*
*फरेबी निकली उम्र इस पायदान पर*
*संजीव किसी आहट का इंतज़ार है।*

संजीव ठाकुर

## एक्सप्रेस ज्ञान

**जिस दिन आपके सामने कोई समस्या न आए उस दिन आप यकीन कर सकते है कि आप गलत रास्ते पर जा रहे है**

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# ब्लड प्रेशर के मरीजों को नहीं खानी चाहिए मुलेठी



**मुलेठी** में औषधीय गुण पाए जाते हैं। इससे शरीर को ढेरों फायदे हो सकते हैं। आप शरीर की कई छोटी-बड़ी समस्याओं से राहत के लिए मुलेठी का सेवन कर सकते हैं। हालांकि, कई लोग मानते हैं कि ब्लड प्रेशर की समस्या का सामना कर रहे लोगों को मुलेठी का सेवन नहीं करना चाहिए। अगर आपने भी यह बात सुनी है, तो आइए इस बारे में डॉ. शोभा सुब्रमण्यन- इटोलिकर, सलाहकार चिकित्सक, फोर्टिस अस्पताल मुलुंड से जानते हैं।

**मुलेठी का सेवन नुकसानदायक हो सकता? :** आमतौर पर ग्लाइसीराइजा ग्लबरा जड़ी-बूटी को मुलेठी कहा जाता है। यह मीठे स्वाद वाली हर्ब है, जो पश्चिम एशिया, उत्तरी अफ्रीका और दक्षिणी यूरोप के कई देशों में पाई जाती है। इसका उपयोग मुख्य रूप से मिठाइयों, व्यंजनों और सिगरेट में स्वाद बढ़ाने वाले एजेंट के रूप में किया जाता है। मुलेठी के कई औषधीय गुण होते हैं। यह इम्यूनिटी को बढ़ावा देने के काम आती है। हालांकि, अगर कोई व्यक्ति शरीर के वजन के प्रति किलोग्राम पर 2 मिलीग्राम से ज्यादा मुलेठी का सेवन करता है, तो कई समस्याएं हो सकती हैं। इससे शरीर की प्रमुख अंग प्रणालियों पर असर हो सकता है। दरअसल, मुलेठी में ग्लिस

**हाई ब्लड प्रेशर के मरीज मुलेठी खाएं या नहीं?:** नहीं, हाई ब्लड प्रेशर की समस्या का समाना कर रहे लोगों को मुलेठी का सेवन नहीं करना चाहिए। इससे हाइपर-मिनरलोकॉर्टिकॉइड सिंड्रोम का खतरा बढ़ सकता है। मुलेठी के सेवन से शरीर में एक्स्ट्रा नमक बनता है और पोटैशियम बाहर निकलने लगता है। इस स्थिति में जैव रासायनिक और हार्मोनल विनियमन बदल जाता है। बता दें कि मुलेठी के सेवन से ब्लड प्रेशर बढ़ने लगता है। ऐसे में हाई ब्लड प्रेशर की समस्या का सामना कर रहे व्यक्ति को मुलेठी का सेवन करने से बचना चाहिए।

**मुलेठी खाने से हो सकती हैं ये समस्याएं:** मुलेठी के सेवन से शरीर में कई समस्याएं हो सकती है। अगर आप इसका ज्यादा मात्रा में सेवन करते हैं, तो अन्य प्रतिकूल प्रभावों में इलेक्ट्रोलाइट गड़बड़ी, वजन बढ़ना, असामान्य दिल की धड़कन, थकान, सांस फूलना, गुर्दे की विफलता और मांसपेशियों की कमजोरी शामिल हो सकती है। साथ ही, ज्यादा मुलेठी के सेवन से लकवा की समस्या भी हो सकती है। अगर आप मुलेठी का सेवन करना चाहते हैं, तो संबंधित डॉक्टर से सलाह जरूर लें। ऐसे में वह आपकी स्थिति को ध्यान में रखते हुए, मुलेठी खाने की अनुमति और इसे खाने की सही मात्रा के बारे में बताएंगे। आपको अपनी इच्छा से मुलेठी का सेवन करने से बचना चाहिए।

## एक्सप्रेस विशेष

# अश्विनी वैष्णव को रेल मंत्री पद से इस्तीफा देना चाहिए या नहीं?



नीरज कुमार दुबे

**हाल के रेल हादसों में से अधिकांश के पीछे साजिश का एंगल सामने आया है। यदि ऐसा है तो यह भी सुरक्षा में एक बहुत बड़ी खामी है। यही नहीं, नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ की घटना के दौरान कुली और प्लेटफॉर्म पर स्टॉल लगाने वाले ही यात्रियों के बचाव में उतरे।**

**रेलवे में सुधार की अत्यंत जरूरत है। रेलवे को ऐसे मंत्री की भी जरूरत है जिसके पास रेलवे के अलावा अन्य किसी मंत्रालय का कार्यभार नहीं हो ताकि वह रेलवे पर ही पूरी तरह से ध्यान दे पाये। इसमें भी कोई दो राय नहीं कि अश्विनी वैष्णव उच्च शिक्षित, अनुभवी और ईमानदार व्यक्ति हैं लेकिन आंकड़े दर्शाते हैं कि उनकी यह योग्यताएं रेलवे के काम नहीं आ पा रही हैं।**

**नयी** दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ में 18 लोगों की मौत ही बड़ी खबर नहीं है। बड़ी खबर यह भी है कि रेलवे ने पिछले हादसों से कोई सबक नहीं सीखा है। बड़ी खबर यह भी है कि लोग यह समझ चुके हैं कि रेलवे में सुधार की बातें सिर्फ खोखली हैं। बड़ी खबर यह भी है कि तमाम लोगों को इस बात का पक्का विश्वास हो चला है कि पर्वों-त्योहारों और छुट्टियों के समय टिकट खरीदने से लेकर अपने गंतव्य तक पहुँचने तक रेल का सफर परेशान करेगा ही करेगा। बड़ी खबर यह भी है कि रेलवे स्टेशन पर या पटरी पर चलती ट्रेन के साथ कितनी बड़ी दुर्घटना हो जाये, रेल मंत्री कभी नैतिक जिम्मेदारी नहीं लेंगे। बड़ी खबर यह भी है कि दुर्घटना होने पर मुआवजे या जांच का ऐलान तुरंत ही करने वाले रेल मंत्री अपना इस्तीफा देना तो दूर कभी इस्तीफे की पेशकश तक नहीं करेंगे। देखा जाये तो रेल मंत्री पद से अश्विनी वैष्णव का इस्तीफा मांगा जा रहा है तो इसमें कुछ गलत नहीं है क्योंकि बात सिर्फ नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुए हादसे की ही नहीं है। आप रेलवे को समग्र रूप में देखेंगे तो पाएंगे कि कोई बड़ा सुधार कर पाने में अश्विनी वैष्णव पूरी तरह विफल रहे हैं। अगर महाकुंभ की ही बात कर लें तो भले रेल मंत्री ने प्रयागराज के लिए हजारों ट्रेनें चलाने के दावे किये हों लेकिन आप देशभर में सर्वे करा लें तो पाएंगे कि प्रयागराज के लिए ज्यादातर लोगों को ट्रेनों में टिकट मिले ही नहीं और जिनको टिकट मिले उनका सफर आरामदायक नहीं रहा। यही नहीं, हैरानी की बात यह भी रही कि प्रयागराज के लिए रेलवे की वेबसाइट और ऐप पर भले टिकट नहीं थे लेकिन मेकमाई ट्रिप जैसी ट्रैवल साइटों पर 500 रुपए की अतिरिक्ति फीस देकर उसी तारीख के रेलवे टिकट उपलब्ध थे। हम 2047 तक भारत को आत्मनिर्भर बनाने की बात कर रहे हैं लेकिन 2025 तक रेलवे को इतना भी आत्मनिर्भर नहीं बना पाये हैं कि उसकी ही वेबसाइट और ऐप पर सभी को कंफर्म टिकट मिल जायें। आज भी रेल यात्रियों को अपना टिकट कंफर्म कराने के लिए वीआईपी कोटा या रेलवे कोटा लगवाने के लिए नेताओं और अधिकारियों से मदद मांगनी पड़ती है जोकि शर्मनाक है। नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ की घटना के जांच के आदेश तो दे दिये गये हैं लेकिन सवाल उठता है कि पहले की घटनाओं की जांच रिपोर्टों का क्या हुआ? पिछली घटनाओं के लिए कौन लोग दोषी ठहराये गये, उन्हें कौन-सी कड़ी सजा हुई? क्या इसका विवरण कभी रेल मंत्री देश के सामने रखने का साहस जुटाएंगे? देखा जाये तो नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुई भगदड़ की घटना का प्रमुख कारण था ऐन समय पर ट्रेनों के प्लेटफॉर्म का बदला जाना। यह ऐसी चूक है जिसकी वजह से पहले भी दुर्घटनाएं हुई हैं लेकिन रेलवे ने कभी सबक नहीं सीखा। जब रेलवे स्टेशन का प्रबंधन यह देख रहा था कि वहां भारी भीड़ उमड़ी हुई है तो प्लेटफॉर्म बदलने का फैसला टाल कर क्या घटना को रोका नहीं जा सकता था? बात सिर्फ नई दिल्ली रेलवे स्टेशन की भी नहीं है। देश के तमाम शहरों से इस प्रकार की खबरें सामने आ रही हैं कि प्रयागराज जाने वाली ट्रेनों में लोग भारी भीड़ की वजह से चढ़ नहीं पा रहे हैं। इस प्रकार के भी वीडियो वायरल हैं जिसमें देखा जा सकता है कि यात्री सिर्फ दरवाजों से ही नहीं बल्कि खिड़कियों से भी ट्रेन के भीतर जा रहे हैं। सोशल मीडिया पर तमाम वायरल वीडियो में भी देखा जा सकता है कि लोग ट्रेनों में नहीं चढ़ पाने को लेकर तोड़फोड़ तक कर रहे हैं। जनता की यह नाराजगी साफ दर्शाती है कि महाकुंभ जैसे बड़े आयोजन को लेकर रेलवे की ओर से पर्याप्त तैयारियां नहीं की गयी थीं। यही नहीं, हमने दुनिया के सबसे ऊँचे पुल पर ट्रेन दौड़ाने का कीर्तिमान तो अपने नाम कर लिया लेकिन जमीन पर बिछी पटरियों पर दौड़ती ट्रेन की 100 प्रतिशत सुरक्षा सुनिश्चित नहीं कर पाये हैं। आये दिन होते रेल हादसे दर्शा रहे हैं कि संभवतः मंत्रीजी का पूरा ध्यान इस विभाग पर नहीं है। हाल के रेल हादसों में से अधिकांश के पीछे साजिश का एंगल सामने आया है। यदि ऐसा है तो यह भी सुरक्षा में एक बहुत बड़ी खामी है। यही नहीं, नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ की घटना के दौरान कुली और प्लेटफॉर्म पर स्टॉल लगाने वाले ही यात्रियों के बचाव में उतरे। एक भी यात्री ने यह नहीं बताया कि रेलवे पुलिस ने किसी की मदद की हो या उसे बचाया हो। साथ ही, भगदड़ की घटना के तत्काल बाद जिस तरह प्रयागराज के लिए स्पेशल ट्रेनें चलाईं गयीं वह दिखाता है कि रेलवे के पास अतिरिक्त ट्रेनों की व्यवस्था थी। इसलिए सवाल उठता है कि भीड़ को देखते हुए उन स्पेशल ट्रेनों को पहले क्यों नहीं चलाया गया? रेलवे ने गत शनिवार को प्रयागराज के लिए स्पेशल वंदे भारत ट्रेनें चलाने की घोषणा की थी लेकिन साधारण ट्रेनों को क्यों नहीं चलाया गया?

# रजिस्ट्री में तहसील सदर, पयागपुर व कैसरगंज फिसड्डी

## सुधार के लिए मिली एक सप्ताह की मोहलत

- प्रगति में सुधार न होने पर दण्डित होंगे जिम्मेदार अधिकारी, सीएससी सेन्टरों को सक्रिय किये जाने के दिये गये निर्देश

**जन एक्सप्रेस । बहराइच**

जिले में एग्रीस्टैक (डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर फॉर एग्रीकल्चर) के अन्तर्गत पीएम-किसान के लाभार्थियों सहित जनपद के समस्त भूमिधर किसानों की फार्मर रजिस्ट्री तैयार करने सम्बंधी कार्यो की समीक्षा हेतु कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी मोनिका रानी ने संतोष जनक प्रगति न पाये जाने पर राजस्व एवं कृषि विभाग के अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाते हुए एक सप्ताह के अन्दर अपेक्षित सुधार लाये जाने के निर्देश दिये। समीक्षा के दौरान पाया गया कि तहसील सदर, कैसरगंज एवं पयागपुर की प्रगति संतोषजनक नहीं है। तहसीलवार समीक्षा में सर्वाधिक प्रगति तहसील मिहींपुरवा की 67.57 प्रतिशत पायी गयी। जबकि तहसील सदर द्वारा 31.27, कैसरगंज में 37.31, पयागपुर में 40.58 एवं नानपारा में 46.70 तथा महसी में सबसे कम 40.56 प्रतिशत फार्मर रजिस्ट्री का कार्य हुआ है। डीएम ने इस स्थिति पर कड़ी अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए बैठक के बीच से ही तहसील सदर, महसी, पयागपुर व कैसरगंज के एसडीएम व तहसीलदारों से वार्ता कर दो टूक शब्दों में प्रगति बढ़ाये जाने के निर्देश देते हुए कहा कि सीएससी सेन्टरों को पूरी तरह से सक्रिय कर अधिक से अधिक किसानों की फार्मर रजिस्ट्री कराएं। डीएम ने एडीएम व सीआरओ को निर्देश दिया कि 24 घण्टे में 50 प्रतिशत प्रगति का लक्ष्य प्राप्त न करने वाली तहसीलों के एसडीएम का स्पष्टीकरण प्राप्त करें। डिजिटल क्राप सर्वे की समीक्षा के दौरान पाया गया कि जनपद में 10 लाख 48 हजार 784 गाटों का सर्वे किया जाना है जिसमें से 03 लाख 53 हजार 284 गाटों का सर्वे पूर्ण पाया गया है। समीक्षा में सदर तहसील द्वारा 79471, पयागपुर 64051, नानपारा 74888, मिहींपुरवा 32884, कैसरगंज 68391 व महसी 43599 गाटो का सर्वे किया गया है जो 33.69 प्रतिशत है। जनपद की रैकिंग 42वें नम्बर है। डीएम ने एसडीएम तथा कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि कल तक इसे बढ़ाकर 40 प्रतिशत किया जाय। डीएम मोनिका रानी ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि फार्मर रजिस्ट्री एवं डिजिटल क्राप सर्वे कार्य की सप्ताह में दो दिन अवश्य समीक्षा करें तथा कम प्रगति वाले कार्मिकों के विरुद्ध कठोर दण्डात्मक कार्यवाही कर अवगत कराये। डीएम ने कहा कि डिजिटल क्राप सर्वे कार्यक्रम की शासन स्तर पर प्रतिदिन समीक्षा की जा रही है। सभी अधिकारी गम्भीरता से दस कार्य को पूरा करें। एडीएम, सीआरओ तथा डीडी एग्री को निर्देश दिया गया कि सप्ताह में कम से कम दो बार राजस्व/कृषि विभाग के क्षेत्रीय कर्मचारियों की गूगलमीट कर डिजिटल क्राप सर्वे की समीक्षा करें। खराब प्रगति वाले कर्मचारियों के विरुद्ध दण्डात्मक कार्यवाही सुनिश्चित कर अवगत कराये। डीएम ने अंश निर्धारण के प्रगति की समीक्षा करते हुए खराब प्रगति वाले उप जिलाधिकारियों को कड़ी फटकार लगायी तथा निर्देश दिया कि 15 दिवस के अन्दर अपेक्षित प्रगति लाना सुनिश्चित करें। अन्यथा कठोर कार्यवाही की जायेगी। बैठक के दौरान डीएम ने 18 फरवरी 2025 को आयोजित वीडियो कान्फ्रेसिंग में अपेक्षित प्रगति के साथ प्रतिभागिता सुनिश्चित कराये जाने का भी निर्देश दिया। बैठक के दौरान डीएम ने राजस्व परिषद तथा यूपी डास्प द्वारा खरीफ 2023 एवं 2024 के धान एवं मक्का फसल आच्छादन में आये अन्तर की भी समीक्षा की। बैठक के दौरान एडीएम रंजन श्रीवास्तव तथा सीआरओ देवेन्द्र पॉल सिंह द्वारा जनपद के समस्त उप जिलाधिकारियों तथा तहसीलदारों को निर्देश दिया कि फार्मर रजिस्ट्री एवं डिजिटल क्राप सर्वे का कार्य समयबद्ध पूर्ण करें जिससे जनपद की स्थिति टापटेन में आ सके। उन्होनें ऐसे राजस्व लेखपालों को चिन्हित कर कार्यवाही करने का निर्देश दिया जिनके द्वारा फार्मर रजिस्ट्री एवं डिजिटल क्राप सर्वे का कार्य अभी शुरू नही किया गया है। इस अवसर पर डीडी एग्री शिशिर कुमार वर्मा, ई-डिस्ट्रीक्ट मैनेजर सुमित तिवारी व अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

# खेल निदेशालय द्वारा राज्य स्तरीय कबड्डी खेल प्रतियोगिता का आयोजन



**कबड्डी महिला सीनियर वर्ग प्रतियोगिता आयोजन के मैच का परिणाम**

- पहला मैच-सीतापुर बनाम जौनपुर के मध्य खेला गया जिसमें जौनपुर ने 12-9 विजय प्राप्त की।
- दूसरा मैच- गोरखपुर बनाम अयोध्या के मध्य खेला गया जिसमें मैच 26-26 की बराबरी पर खत्म हुआ।

**जन एक्सप्रेस । सीतापुर**

जिला खेल कार्यालय, सीतापुर द्वारा खेल निदेशालय के तत्वाधान में राज्य स्तरीय आमन्त्रण कबड्डी महिला सीनियर वर्ग प्रतियोगिता आयोजन किया गया, जिसमें 10 टीमों क्रमशः सीतापुर, वाराणसी, आगरा हास्टल, लखनऊ, गाजीपुर, अयोध्या, कानपुर, गोरखपुर, महाराजगंज एवं जौनपुर ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता का उद्घाटन जिलाधिकारी अभिषेक आनंद द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनके मनोबल को बढ़ाया तथा कहा कि खेल पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ खेला जाये। हार जीत सिर्फ खेल का एक अंग है। जिलाधिकारी ने सीतापुर एवं जौनपुर के बीच हुयी कबड्डी प्रतियोगिता को भी देखा। जिलाधिकारी द्वारा दूसरे जनपद में आयोजित हुयी ओपेन स्टेट फुटबाल प्रतियोगिता में जनपद सीतापुर की टीम के विजय होने पर उनको सम्मानित करते हुये बधाई भी दी। इस मौके पर खेल निदेशालय के नियुक्त प्रतियोगिता प्रवेक्षक सुनील भारती, उत्तर प्रदेश कबड्डी संघ के चेयर मैन विनोद कुमार यादव एवं समस्त निर्णायक, आशीष सिंघानियां प्रबन्धक सिघंनिया एजूकेशनल इस्टीटयूट् सीतापुर, राज शर्मा, जिला व्यायाम शिक्षक, जिला खेल कार्यालय, सीतापुर के खेल प्रशिक्षक सुरेन्द्र कुमार लाल, विवेक सिंह, अरूण गौतम, मंयक आनंद, देवेन्द्र कुमार व खेल कार्यालय महमूदाबाद के प्रशिक्षक जय शंकर एवं समस्त स्टाफ व खिलाड़ीगण आदि उपस्थिति रहे।

सर्वप्रथम प्रभारी क्रीड़ा अधिकारी द्वारा मुख्य अतिथि को बुके देकर संमानित किया गया। तत्पश्चात जिला अधिकारी महोदय द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया गया एवं गुब्बारे छोड़कर कर प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया गया। इसके उपरान्त प्रभारी क्रीड़ा अधिकारी के द्वारा अपने संबोधन में जिलाधिकारी, महोदय को प्रतियोगिता की विस्तृत जानकारी देते हुये सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## वाल्मीकि मुक्तिधाम के चबूतरे का भूमि पूजन



**जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी**

वाल्मीकि मुक्तिधाम हाथीपुर ढाल में महंत रवि करने ने पूजा अर्चना के साथ शवदाह चबूतरे का भूमि पूजन किया। महंत रवि करने ने नींव रखते हुए शवदाह चबूतरे में सभी सामाजिक बंधुओं से बढ़ चढ़ कर भाग लेने की अपील करते हुए नींव रखी।यह जानकारी देते हुए चंदन लाल वाल्मीकि अध्यक्ष वाल्मीकि मुक्तिधाम सेवा समिति हाथीपुर ढाल लखीमपुर ने कहा कि शमशान भूमि में पहले एक ही अंतिम संस्कार करने का चबूतरा था। कभी कभी क्रिया करने के लिए अंतिम संस्कार संपन्न हेतु परेशानी होती थी। दूसरे शवदाह चबूतरे बनने से अंतिम संस्कार विधिविधान और स्वाभिमान से होगा। इस अवसर पर उपाध्यक्ष श्याम किशोर बेचैन, महामंत्री राम बाबू, भारत धानुक, राजेश उर्फ तिवारी, चौधरी बुद्धू लाल, धीरज वाल्मीकि, राजू घराना, परमेंद्र भारती, वीरेंद्र भारती, आजाद भारती, सुरेश कुमार,वरुण वाली, ह्यचमन लाल, छाया देवी, मनीराम, सुधीर, अमित, शिव शंकर, चरन लाल, ओम प्रकाश, राम शंकर, बनारसी, शैलेन्द्र कुमार, लकी वाल्मीकि, रीतेश कुमार,ओंकार आदि सहयोगी की भूमिका में उपस्थित रहे।

## पूर्व सीएमओ डा. सुरेश सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**जन एक्सप्रेस । बहराइच।** बहराइच में मुख्य चिकित्साधिकारी रहे डॉ सुरेश सिंह के खिलाफ आय से अधिक व्यय के मामले मे मुकदमा दर्ज कराया गया है। विजिलेंस टीम की जांच में उन्हें दोषी पाया गया था। बहराइच के पूर्व सीएमओ डा. सुरेश सिंह के खिलाफ आय से अधिक व्यय के मामले की जांच विजिलेंस टीम ने सन् 2022 मे शुरू की थीं। उस समय सिंहश्री बहराइच ज़िलें के मुख्य चिकित्सा अधिकारी के पद पर कार्यरत थे। जांच मे उन्हें आय से अधिक व्यय करने का दोषी पाया गया। विजिलेंस की जांच के दौरान पाया कि डॉ सुरेश सिंह ने निर्धारित अवधि मे विभिन्न श्रोतो से 41,41,444 की आय अर्जित की थी।

# जनसंख्या नियन्त्रण एवं साक्षरता विषय पर केन्द्रित रहा एन एस एस शिविर का तीसरा दिन

**जन एक्सप्रेस । बहराइच**

- सिसई हैदर प्राथमिक विद्यालय परिसर में चल रहा महिला पीजी कॉलेज के एन एस एस का सप्त दिवसीय विशेष शिविर

महिला पीजी कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक की ओर से चल रहे सप्त दिवसीय विशेष शिविर के तीसरे दिन सोमवार को पूर्व दिवसों की भाँति छात्राओं को महाविद्यालय से शिविर स्थल प्राथमिक विद्यालय सिसई हैदर तेजवापुर की ओर ले जाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अमृता मिश्रा के निर्देशन में छात्राओं द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना लक्ष्य गीत तथा राष्ट्र?गान के साथ किया गया।

शिविर के प्रथम सत्र में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अमृता मिश्रा द्वारा टोलियों को कार्य वितरित किया गया। आज के विशेष शिविर की थीम जनसंख्या नियन्त्रण एवं साक्षरता विषय पर केन्द्रित थी।

अतः छात्राओं ने डॉ.अमृता मिश्रा, कु.रूही एवं प्रीति यादव के नेतृत्व में जनसंख्या नियन्त्रण व साक्षरता सम्बन्धी नारे लगाते हुए रैली निकाली। छात्राओं ने प्रवक्ताओं के प्रतिनिधित्व में ग्राम सिसई हैदर जाकर गांव की महिलाओं को शिक्षा की उपयोगिता के विषय में बताया। इसके साथ ही सरकारी विद्यालयों में चलने वाली योजनाओं की जानकारी दी। छात्राओं ने गांव की महिलाओं को शिक्षा के प्रति जागरूक करते हुए हस्ताक्षर करना सिखाया तथा अपने बच्चों को विद्यालय भेजने का संकल्प दिलाया।

शिविर के द्वितीय सत्र में समाज कल्याण विभाग से आई बाल संरक्षण अधिकारी शिविका मौर्या ने छात्राओं को राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के विषय मे बताते हुए चाइल्ड हेल्पलाइन के बारे में भी विस्तार से चर्चा की। राष्ट्रीय सेवा योजना लक्ष्य गीत तथा राष्ट्गान के साथ शिविर के दूसरे दिन का समापन हुआ 7 आज के दिन अतुल राव, नवीन कश्यप एवं विजय भी उपस्थित रहे।

# सीतापुर के बिशुनपुर में चार दिन में तीसरी बार मिले बाघ के नए पगचिह्न

- डिप्टी रेंजर सीतापुर मुशीर अहमद ने टीम के साथ मौके पर पहुंचकर पगचिह्नों की जांच की

**जन एक्सप्रेस । सीतापुर**

**इमलिया सुल्तानपुर।** बाघ ने बिशुनपुर के पास ठिकाना बना रखा है। पिछले चार दिनों में बिशुनपुर के पास लगातार तीसरी बार बाघ के नए पगचिह्न मिले हैं। बाघ की लगातार चहलकदमी से ग्रामीण दहशत में हैं। कई गांवों के ग्रामीणों की दिनचर्या अस्त.व्यस्त हो गई है। वन विभाग की बाघ को तलाशने व पकड़ने की कवायद रस्म अदायगी तक सीमित है। इससे ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। इमलिया सुल्तानपुर इलाके में बाघ की लगातार चहलकदमी के बाद भी वन विभाग उसके ठिकाने का पता नहीं लगा पा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि वन विभाग की कार्रवाई पगचिह्न मिलने पर जांच व गश्त तक सीमित रहती है। बाघ को पकड़ा जा सकेए इसके लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। सोमवार सुबह सीतापुर रेंज के बिशुनपुर में नए पगचिह्न मिले। र्फकपुर.धरनाग मार्ग पर स्थित बिशुनपुर निवासी दिलीप तिवारी की र्फटलाइजर की दुकान के पास खेत तक पगचिह्नत पाए गए हैं। बिशुनपुर के दक्षिण चकमार्ग पर भी नए पगचिह्न मिले हैं। डिप्टी रेंजर सीतापुर मुशीर अहमद ने टीम के साथ मौके पर पहुंचकर पगचिह्नों की जांच की। गश्त में वन विभाग के हाथ हमेशा की तरह कोई सुराग नहीं लगा। डिप्टी रेंजर मुशीर अहमद ने बताया कि बाघ अपनी जगह पर रुक नहीं रहा है। शिकार की तलाश में इधर.उधर भटक रहा है। पगचिह्नों की जांच के आधार पर पता चला है कि बाघ की संख्या एक ही है। बाघ शिकार करने के बाद हरगांव रेंज के रोजहा की ओर चला जाता है। ग्रामीणों को सतर्क रहने की हिदायत दी गई है।

# शहर में अपराधों एवं चोरियों पर अंकुश लगाने में नाकाम कोतवाली पुलिस

**जन एक्सप्रेस । पलिया कलां खीरी**

सम्पूर्णानगर जिले के तहसील क्षेत्रो में कोतवाली में अपराधियों के अंदर पुलिस का डर नहीं बचा है और कोतवाली के अंतर्गत आने वाले शहर में तो अपराधों का ग्राफ लगातार ही बढ़ता जा रहा है। चाहे चाकूबाजी की घटनाएं हो या चोरी, छेड़छाड़ यहां तक कि अब अपहरण कर मारपीट की घटनाएं भी दिनदहाड़े शहर में होना आम बात हो गई है और यही कारण है कि कुछ दिनों पूर्व एक दुकान पर दुकान में तोड़-फोड़ और मार-पीट जैसी घटनाएं हुई हैं कोतवाली पुलिस पर आरोप भी लगाया है कि उसके द्वारा जो रिपोर्ट दर्ज कराई गई वह लिखी ही नहीं जा रही है। वहीं 12 महीने में शहर में हुई लगभग दो दर्जन चोरियों व एक दर्जन चाकूबाजी की घटनाओं ने तो अपराध होने का क्रम ही नहीं छोड़ा है। अपराधी हैं कि अपना काम करने में जुटे हुए हैं लेकिन कोतवाली पुलिस का इन अपराधों पर किसी भी प्रकार का कोई अंकुश नहीं है। बल्कि किसी भी मामले में झूठे आरोप में फंसाने में माहिर कोतवाली पुलिस के खिलाफ पूर्व में प्रदर्शन भी आयोजित किए जा चुके हैं। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि सम्पूर्णनगर कोतवाली अंतर्गत 12 माह के अंदर शहर में लगभग तीन दर्जन चोरियां हो चुकी हैं। इन चोरियों में कुछ स्थानों की चोरियां तो इतनी महत्वपूर्ण हैं कि इन पर पुलिस ने अभी तक किसी भी प्रकार की कोई गंभीरता से पहल नहीं की है। वहीं दूसरी ओर उन स्थानों की हुई चोरियों से संबंधित जो भी इस मामले में गंभीरता से कोई कदम नहीं उठा रहे हैं।

यही कारण है कि कोतवाली क्षेत्र में तीन दर्जन चोरियां हो चुकी हैं लेकिन अभी तक किसी भी प्रकार की कोतवाली पुलिस को कोई सफलता हासिल नहीं हुई है। अभी हाल ही में पिछले माह हुई पूर्वांचल ज्वेलर्स में बहुत बड़ी चोरी में पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के दबाव के बाद भी कोतवाली पुलिस चोरों तक पहुंचने में असफल साबित हो रही है जबकि चाकूबाजी की घटनाएं तो शहर में आम हो गई हैं।

एक विशेष टीम का गठन भी किया था लेकिन विशेष टीम सम्पूर्णानगर एक माह काम करती रही तो इस टीम द्वारा चोरों की तलाश तो नहीं की गई अन्य कार्यों में जैसे नेपाल तस्करी, लकड़ी माफिया, तथा अवैध वसूली में सक्रिय रहने में अवश्य ही चर्चित हुई और इसका परिणाम यह हुआ कि झूठे मामले बनाने के मामले में आरक्षकों के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

# हजरत हाशिम पीर व जलाली पीर का उर्स हुआ सम्पन्न

**जन एक्सप्रेस । सुनहरा**

**लखीमपुर खीरी।** खीरी के शाही किले पर चल रहे चार दिवसीय उर्स के दौरान तीसरे व चौथे दिन हज़रत सैयद आसिम अस्करी उर्फ़ हाशिम पीर व जलाली पीर का सालाना उर्स कुल शरीफ के साथ संपन्न हो गया। इस मौके पर अकीदतमंदों ने मजार पर चादरें चढ़ाई और मन्नतें मांगी। इस दौरान महफिले मीलाद और महफिले समा के कार्यक्रम हुए। मंगलवार को शाही किला परिसर में हज़रत सुल्तान आरिफ मियां का भी कुल शरीफ मनाया गया।

महफिले मीलाद में धार्मिक विद्वानों ने सीरते मुस्तफा, सीरते सहाबा, सीरते औलिया पर विस्तार से रौशनी डाली। आलिमों ने कहा कि इन्ही बुजुर्गों ने हमें इंसानियत और भाईचारे का पैगाम दिया है। तकरीरी कार्यक्रम का संचालन शाही किले के इमाम हाफिज मोहम्मद कमर आलम आरफी ने किया। इस दौरान शाही किले के सज्जादा नशीन सैयद आतिफ मियां मौजूद रहे। महफिले समा में कव्वाली का आयोजन हुआ। इसमें कव्वालों ने रात भर सूफियाना कलाम पेश किये। उर्स के तीसरे दिन हाशिम पीर का कुल शरीफ सम्पन्न हुआ। जिसमें बड़ी तादाद में अकीदतमंदों ने शिरकत की। कई अन्य खानकाहों के सज्जादा नशीन भी उर्स में शरीक हुए। चौथे दिन किला परिसर में ही हज़रत जलाली पीर के आस्ताने पर गागर चादर व गुस्ल के बाद महफिले समां हुई। इसके बाद जलाली पीर का कुल शरीफ सलातो सलाम के साथ सम्पन्न हुआ। मंगलवार दोपहर बाद हज़रत सुल्तान मोहम्मद आरिफ मियां के कुल शरीफ में अक़ीदमन्दों का भारी हुजूम देखा गया। कुल शरीफ के बाद मुल्क की खुशहाली और तरक़्क़ी की दुआएं मांगी गई। इसके बाद तबर्रक वितरित किया गया। इस दौरान लंगर का सिलसिला चलता रहा।

## स्कूल के टॉपर्स को मिला नि:शुल्क हवाई यात्रा से दिल्ली घूमने का अवसर

**जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी।** सिटी मोंटेसरी इण्टर कॉलेज लखीमपुर के अंग्रेजी एवं हिंदी माध्यम की गृह परीक्षाओं में टॉप करने वाले छात्रों किशन वर्मा और अथर्व मिश्रा को मिला नि:शुल्क हवाई यात्रा से दो दिवसीय दिल्ली भ्रमण का अवसर। विद्यालय प्रबंधन ने पूरा किया अपना वादा, छात्रों और उनके परिवार के चेहरे खुशी से खिले।लखनऊ से इंडिगो की फ्लाइट से दिल्ली जाकर छात्रों ने लाल किला, जंतर मंतर, इंडिया गेट, बिरला मंदिर, मुगल गार्डन, कुतुब मीनार, लोकसभा, लोटस टेम्पल और अक्षर धाम मंदिर का भ्रमण किया।लाल किले के ऐतिहासिक महत्व को दिखाने वाले लाइट शो जय हिन्द को भी देखा। दोनों छात्रों के साथ विद्यालय प्रबंधक विशाल सेठ और एम डी लेखनी सेठ भी गए। प्रबंधक विशाल सेठ ने बताया कि भविष्य में भी टॉपर्स को ये अवसर मिलेगा साथ ही 30 प्रवेश कराने वाले किसी भी व्यक्ति को हमसे जुड़े-हवा में उड़े अभियान के अंतर्गत नि:शुल्क हवाई यात्रा का अवसर मिलेगा।

# नबी पाक की सच्ची पैरवी से ही अल्लाह खुश होगा, वतन से मोहब्बत नबी का फरमान है: सूफी कौसर मजीदी

**जन एक्सप्रेस । मोहम्मदी खीरी**



सूफ़ी खानकाह एसोसिएशन द्वारा अखिल भारतीय स्तर पर चलाए जा रहे राष्ट्रीय एकता और, भाईचारे के अभियान के अंतर्गत जनपद के लखीमपुर खीरी में, सूफ़ी खानकाह एसोसिएशन उत्तर प्रदेश इकाई द्वारा राष्ट्रवादी विचारधारा के निर्माण में सूफियों का योगदान विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन का आयोजन किया गया, सूफ़ी खानकाह एसोसिएशन राष्ट्रीय संगठन सचिव सूफ़ी कमरुल हसन कादरी की अध्यक्षता, सूफी इब्बन मियां की सरपरस्ती में हुए आयोजन में सूफ़ी खानकाह एसोसिएशन राष्ट्रीय अध्यक्ष सूफी मोहम्मद कौसर हसन मजीदी मुख्य अतिथि के तौर पर सम्मिलित हुए। अधिवेशन में मुख्य अतिथि के तौर पर सम्मिलित हुए सूफ़ी खानकाह एसोसिएशन राष्ट्रीय अध्यक्ष सूफी मोहम्मद कौसर हसन मजीदी ने अपने संबोधन में कुरान ए मुकद्दस की आयत को पढ़ते हुए कहा कि अल्लाह ने हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहो अलैहे वसल्लम की,सच्ची पैरवी करने वाले से मोहब्बत का वादा किया है, उन्होंने कहा कि नबी की तालीम पर चलना ही उनकी सच्ची पैरवी है, उन्होंने कहा कि नबी ने सभी मखलूक के साथ मोहब्बत का हुक्म दिया है, इसलिए अल्लाह की मखलूक से मोहब्बत नबी पाक की सच्ची पैरवी है, उन्होंने कहा कि, सूफियों ने नबी की तालीम पर चलते हुए इंसानियत को फायदा पहुंचाया है, राष्ट्रवाद की व्याख्या करते हुए उन्होंने कहा कि अपने वतन को मजबूत करने के लिए अहले वतन के साथ मिलकर रहना यही राष्ट्रवाद है,यही काम सूफियों ने किया है, उन्होंने कहा कि कुछ ताकतें अपने फायदे के लिए धर्म और धर्मग्रंथों का गलत तरीके से इस्तेमाल करते हुए,आतंकवाद को फैला रही हैं, जिसे सूफीवाद के द्वारा ही संघर्ष किया जा सकता है। उन्होंने युवाओं को उच्च शिक्षा प्राप्त कर खुद को सशक्त करते हुए देश को मज़बूत करने का आवाहन किया।

इस मौके पर सूफ़ी खानकाह एसोसिएशन राष्ट्रीय संगठन सचिव सूफ़ी कमरुल हसन कादरी ने कहा कि हमारे नबी की तालीम अल्लाह से डरने और सच्चे लोगों के साथ हो जाने की है, उन्होंने कहा कि जो अल्लाह से डरेगा वो किसी पर ज़ुल्म और ना इंसाफी नहीं करेगा, उन्होंने कहा कि ज़ुल्म और ना इंसाफी हर तरह की नफ़रत को जन्म देते त्नहैं, और नफरत का इलाज सिर्फ मोहब्बत से ही किया जा सकता है, उन्होंने कहा कि हमें अपने अहले वतन के साथ मोहब्बत से रहते हुए मुल्क को मजबूत करना चाहिए, सुन्नी फोरम के अध्यक्ष और वरिष्ठ समाजसेवी मोहम्मद शेर अली खान ने कहा कि, मुसलमानों को देश की मुख्य धारा में सम्मिलित होकर देश के विकास के लिए आगे आने का आवाहन किया, इस मौके पर मोहम्मद अकील शाहजहांपुर,जिला लखीमपुर खीरी जिला अध्यक्ष सूफ़ी मोहम्मद शरीफ वाहिदी, सूफ़ी मजीद मियां वाहिदी सूफ़ी नबीउल्लाह वाहिदी, सूफ़ी मुस्तफा वहीदी, सूफ़ी अब्दुल हमीद सूफ़ी डॉक्टर शब्बीर अली, शकील खान, मोहम्मद अफरोज अली, सूफी नबी अहमद हरदोई जिला अध्यक्ष, राशिद अली बासिद अली जाकिरी, कादिर अली जाकिरी, शकील अली, इलियास अली, यामीन अली जाकिरी, सूफ़ी इबबन मियां आरफी, रज्जन ऐजाज मियां, तौसीफ अली जाकिरी, हिमायू अली जाकिरी, मोहम्मद नसीब अली जाकिरी, बदीउद्दीन जाकिरी, हैदर अली जाकिरी, कादिर अली जाकिरी, शकील अली, इलियास अली, यामिन अली जाकिरी आदि मौजूद रहे।

## पॉलिटेक्निक स्कूल में क्रीड़ा समारोह के अंतिम दिन पुरस्कार वितरण किया गया



**जन एक्सप्रेस । सीतापुर**

**महमूदाबाद।** जवाहर लाल नेहरू पालीटेक्निक महमूदाबाद के क्रीड़ा समारोह के तृतीय अंतिम दिवस पुरस्कार वितरण के साथ समारोह का समापन हो गया। छात्र तेज नरायन यादव व छात्रा काजल वर्मा को चैंपियन का खिताब हासिल हुआ।

क्रीड़ा प्रतियोगिता के तृतीय दिवस में आयोजित लंबीकूद बालिका वर्ग में शिवानी शुक्ला प्रथम, काजल वर्मा द्वितीय, अंशिका वर्मा तृतीय, चार सौ मीटर दौड़ में काजल वर्मा प्रथम, समृद्धि पांडेय द्वितीय, सोनिका शर्मा तृतीय, दो सौ मीटर दौड़ में ज्योति वर्मा प्रथम, समृद्धि पांडेय द्वितीय, पूजा देवी तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। गोला फेंक में तेज नरायन यादव, अनुभव वर्मा, शिवम भारती को, तावा फेंक में अमित सिंह, तेज नरायन यादव, नितीश मौर्या, लंबी कूद बालक वर्ग में अमित कुमार, नवनीत तिवारी, सचिन वर्मा को क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। बालक वर्ग में 16 अंकों के साथ तेज नरायन यादव को तथा बालिका वर्ग में काजल वर्मा को चैंपियन का खिताब हासिल हुआ। विजयी प्रतिभागियों को पालीटेक्निक के प्रधानाचार्य सीपी त्रिपाठी ने शील्ड देकर पुरस्कृत किया। इस मौके पर शरद मिश्र, कमल वर्मा, विनोद मिश्र, बृजभूषण पांडेय, प्रदीप कुमार, अपेक्षित राज, ज्शेति कुमार, मेराज फातिमा, अंजुम फातिमा, अशरा रिजवी सहित कई अन्य लोग मौजूद रहे।

# कस्तूरबा गांधी विद्यालय की बालिकाओं के बौद्धिक विकास हेतु साइंस सिटी लखनऊ का बना भ्रमण कार्यक्रम

**जन एक्सप्रेस । सीतापुर**




जनपद सीतापुर में लिंगानुपात में सुधार के दृष्टिगत संचालित बेबचाओ बेटी पढ़ाओ, मिशन शक्ति 0.5 आभियान के अन्तर गत जनपद के समस्त कस्तूरबा गांधी विद्यालयों के कक्षा आठ की छात्राओं के बौद्धिक विकास के दृष्टिगत दिनांक 18 फरवरी से 23 फरवरी 2025 तक आंचलिक विज्ञान नगर जनपद लखनऊ का भ्रमण कार्यक्रम का आयोजन कराया जा रहा है, जिसके क्रम में आज कस्तूरबा गांधी विद्यालय हरगांव, परसेण्डी, लहरपुर तथा खैराबाद जनपद सीतापुर की समस्त छात्राओं को साइंस सिटी भ्रमण हेतु जिलाधिकारी महोदय के द्वारा 2 बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर जिला प्रोबेशन आधिकारी प्रिया पटेल, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, खेल क्रीड़ा अधिकारी, वन स्टॉप सेंटर प्रभारी दीपिका नाग संरक्षण अधिकारी तथा डिस्ट्रिक्ट कॉर्डिनेटर चाइल्ड लाइन उपस्थित रहीं।

## रेलवे स्टेशन के पास मिला महिला का शव

**जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी।** सदर ब्लॉक के रेलवे स्टेशन के पास ओवर ब्रिज के नीचे एक अज्ञात महिला का शव मिला है। स्थानीय लोगों ने इस घटना की सूचना पुलिस को दी। सदर कोतवाली प्रभारी अंबर सिंह तुरंत मौके पर पहुंचे। उन्होंने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने आया कि मृतक महिला स्टेशन पर भीख मांगकर अपना जीवन यापन करती थी। पुलिस अभी महिला की पहचान का पता लगाने में जुटी है। साथ ही मौत के कारणों की जांच की जा रही है। पुलिस टीम महिला के परिजनों को खोजने का प्रयास कर रही है।मामले की गहन जांच जारी है।

## धर्माचरण ही आत्मकल्याण की कुंजी है

**जन एक्सप्रेस । गोला गोकर्णनाथ खीरी।** बजाज हिन्दुस्थान शुगर लिमिटेड चीनी मिल गोला में चल रहे छः दिवसीय स्थापत्य एवं वास्तु ज्ञान के चौथे दिन कथा व्यास आचार्य सुशील बलूनी जी ने वास्तु शास्त्र के पूरक विषय संख्या ज्योतिष पर विस्तार से चर्चा की। आचार्य जी ने नौ अंकों के साथ -साथ शून्य एवं अनंत पर विशेष बल देते हुए बताया कि स्वयं को शून्य से विभाजित कर अनंत की प्राप्ति करना ही जीवन का परम उद्देश्य है। सातों वारों के नाम से सात ग्रह हैं, इसके अतिरिक्त राहु व केतु छाया ग्रह के रूप में विद्यमान हैं। आचार्य बलुनी जी ने कहा कि धर्म को जानने वाला दुर्लभ होता है, उसे श्रेष्ठ तरीके से बताने वाला उससे भी दुर्लभ, श्रद्धा से सुनने वाला अत्यंत दुर्लभ और धर्माधर्म का आचरण करने वाला सुबुद्धिमान सबसे दुर्लभ होता है। इस अवसर पर बजाज पब्लिक स्कूल के छात्रा मोनिशा दीक्षित, आध्या शुक्ला, मनुश्री गुप्ता, अनन्या गुप्ता, आरोही राय, वर्षा देवी, नित्या अवस्थी, अनन्या सिंह, नव्या दीक्षित, अनायिका ने शिव बंदना, महाभारत गीत, मां यशोदा पर आधारित गान व नृत्य प्रस्तुत किया।इस मौके पर बजाज ग्रुप के प्रबंध निदेशक अजय शर्मा ने उत्तराखंड से आये आचार्य सुशील बलूनी जी का स्वागत किया। श्रोताओं में मुख्य रूप से सहायक चीनीआयुक्त सीतापुर राजेश सिंह, यूनिट हेड जितेन्द्र सिंह जादौन, अवनी पांडेय, सहदेव सिंह, के के तिवारी,पी सी गुप्ता, पी एस चतुर्वेदी, आर के मिश्रा, अनुराग गुप्ता,अखिलेश सिंह, हरीश ज्याला, संदीप खोखर, रितेश दुबे, डी के संचान, विजय पांडेय, पिपरियाडीह निवासी कृषक कृष्ण कुमार सिंह, घरथनिया निवासी बाल गोविन्द वर्मा, गोला निवासी विजय बाजपेई, ललित शर्मा, दिनेश शर्मा, अभय बाजपेई, रविन्द्र पाल सिंह, राजीव चौधरी, राम शंकर, लालमणि, रिक्खीलाल। सहित काफी संख्या में महिलाएं एवं बच्चे व किसान उपस्थित रहे।

## रेलयात्री कृपया ध्यान दें!

# महाकुम्भ मेला विशेष रेलगाड़ियां

**महाकुम्भ मेला–2025** के दौरान रेलयात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे द्वारा नियमित रेलगाड़ियों के अलावा विभिन्न विशेष रेलगाड़ियों का भी संचालन किया जा रहा है। इन विशेष रेलगाड़ियों का तिथिवार विवरण निम्नानुसार है:–

### दिनांक 19.02.2025 (बुधवार) को चलने वाली विशेष रेलगाड़ियाँ

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|
| 04210 | प्रयागराज संगम | 11:15 | जौनपुर जं. | 14:00 | प्रयाग, फाफामऊ जं., फूलपुर, जंघई जं. एवं मड़ियाहूँ स्टेशन |
| 04209 | जौनपुर जं. | 14:15 | प्रयागराज संगम | 17:15 | |
| 04202 | प्रयागराज संगम | 12:20 | आलमनगर | 17:00 | प्रयाग, कुण्डा हरनामगंज, ऊंचाहार जं., रायबरेली जं., बछरावां एवं उतरेटिया जं. स्टेशन |
| 04201 | आलमनगर | 19:15 | प्रयागराज संगम | 23:25 | |
| 04206 | प्रयागराज संगम | 13:30 | अयोध्या कैंट | 17:00 | प्रयाग, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04205 | अयोध्या कैंट | 08:45 | प्रयागराज संगम | 12:15 | |
| 04251 | प्रयाग जं. | 20:30 | अयोध्या कैंट | 23:55 | फाफामऊ जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04252 | अयोध्या कैंट | 15:45 | प्रयाग जं. | 19:55 | |
| 04253 | फाफामऊ जं. | 11:15 | अयोध्या कैंट | 14:45 | माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04254 | अयोध्या कैंट | 06:15 | फाफामऊ जं. | 10:15 | सुल्तानपुर एवं माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. स्टेशन |
| 04255 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 05:35 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 21:30 | फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., खुन्डौर, सुल्तानपुर, कूड़ेभार, खजुरहट, भरतकुण्ड, अयोध्या कैंट, सलारपुर, सोहावल, देवराकोट, बड़ा गाँव, रुदौली, रौजागाँव, पटरंगा, दरियाबाद, सैदखानपुर, सफदरगंज, रसौली, बाराबंकी जं., सफेदाबाद, मल्हौर, लखनऊ, उतरेटिया जं., मोहनलालगंज, कनकहा, निगोहाँ, श्रीराजनगर, बछरावाँ, कुनियनगंज, हरचन्दपुर, गंगागंज, राय बरेली जं., रूपामऊ, फुरसतगंज, जायस, बनी, गौरीगंज, तालाखजुरी, अमेठी, मिसरौली, माँ चंडिका देवी धाम अन्तू, जगेशरगंज, चिलबिला जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., शनिदेव धाम बिशनाथगंज, मऊ अइमा, सेवाइत व फाफामऊ जं. स्टेशन |
| 04525 | फाफामऊ जं. | 06:30 | बठिण्डा जं. | 01:10 | रायबरेली जं., लखनऊ, हरदोई, शाहजहाँपुर जं., बरेली जंक्शन, मोरादाबाद जं., नजीबाबाद जं., लक्सर जं., रूड़की, सहारनपुर जं., यमुनानगर जगाधरी, अंबाला कैंट जं., राजपुरा जं., पटियाला, धुरी जं., बरनाला एवं रामपुरा फूल स्टेशन |
| 04614 | फाफामऊ जं. | 19:30 | श्रीमता वैष्णो देवी कटड़ा | 22:00 | रायबरेली जं., लखनऊ जं., बरेली, मोरादाबाद, रूड़की, सहारनपुर जं., अम्बाला कैंट जंक्शन, लुधियाना जं., जलंधर कैंट, पठानकोट कैंट, कठुआ, जम्मू तवी एवं शहीद कैप्टन तुषार महाजन स्टेशन |
| 02417 | सूबेदारगंज | 21:35 | दिल्ली जं. | 08:55 | फतेहपुर, गोविंदपुरी, इटावा जं., टूण्डला जं. एवं अलीगढ़ जं. स्टेशन |
| 02418 | दिल्ली जं. | 09:30 | सूबेदारगंज | 19:40 | अलीगढ़ जं., टूण्डला जं., इटावा जं., गोविंदपुरी एवं फतेहपुर स्टेशन |
| 09403 | अहमदाबाद जं. | 21:15 | जंघई जं. | 03:00 | आणंद जं., छायापुरी, गोधरा जं., दाहोद, रतलाम जं., नागदा जं., भवानी मंडी, रामगंज मंडी, कोटा जं., सवाई माधोपुर, गंगापुर सिटी, बयाना जंक्शन, आगरा किला, टूंडला जं., इटावा जं., गोविंदपुरी, फ़तेहपुर एवं प्रयागराज जं. स्टेशन |
| 09406 | जंघई जं. | 08:30 | अहमदाबाद जं. | 18:00 | प्रयागराज जं., फतेहपुर, गोविंदपुरी, इटावा जं., टूंडला जं., आगरा किला, बयाना जंक्शन, गंगापुर सिटी, सवाई माधोपुर, कोटा जं., रामगंज मंडी, भवानी मंडी, नागदा जं., रतलाम जं., दाहोद, गोधरा जं., छायापुरी एवं आणंद जं. स्टेशन |
| 05011 | गोरखपुर जं. | 14:30 | अयोध्या छावनी | 19:35 | सहजनवा, मगहर, खलीलाबाद, बस्ती, बभनान, एस नारायण छपिया, मसकनवा, मनकापुर जंक्शन एवं अयोध्या धाम जं. स्टेशन |
| 05012 | अयोध्या छावनी | 21:50 | गोरखपुर जं. | 04:30 | |
| 04117 | प्रयागराज जं. | 22:20 | अयोध्या कैंट | 03:30 | प्रयाग, फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04118 | अयोध्या कैंट | 05:15 | प्रयागराज जं. | 10:15 | |
| 04111 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:00 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 18:50 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी जं., हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., जौनपुर जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या धाम जं., अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर , माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग स्टेशन |
| 04112 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 21:00 | |
| 04113 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 07:45 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी जं., हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., जौनपुर जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या धाम जं., अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग स्टेशन |
| 04114 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:45 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 08:00 | |
| 04120 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 13:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 04:00 | प्रयाग, फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., सुल्तानपुर, अयोध्या कैंट, अयोध्या धाम जं., गोशाईगंज, अकबरपुर, शाहगंज जं., जौनपुर जं., ज़फ़राबाद जं., मड़ियाहूँ, जंघई जं., भदोही, बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड, हंडिया खास, झूँसी जं. एवं प्रयागराज रामबाग स्टेशन |
| 05104 | प्रयागराज रामबाग (रिंग रेल) | 10:30 | प्रयागराज रामबाग (रिंग रेल) | 04:30 | झूसी, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., सुल्तानपुर, खजुरहट, अयोध्या कैंट, अयोध्या धाम जं., मनकापुर जं., बभनान, बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर जं., चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., बेलथरा रोड, मऊ जं., दुल्लाहपुर, औड़िहार जं., सारनाथ, वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड एवं झूसी स्टेशन |
| 05150 | गोरखपुर जं. | 19:30 | झूँसी | 04:00 | चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., लार रोड, बेलथरा रोड, इंदारा जं.,मऊ जं., दुल्लहपुर, औड़िहार, जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी, बनारस एवं ज्ञानपुर रोड स्टेशन |
| 05149 | झूँसी | 11:15 | गोरखपुर जं. | 20:00 | |
| 05152 | गोरखपुर जं. | 23:45 | झूँसी | 08:00 | चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., लार रोड, बेलथरा रोड, इंदारा जं.,मऊ जं., दुल्लहपुर, औड़िहार, जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी, बनारस एवं ज्ञानपुर रोड स्टेशन |
| 05151 | झूँसी | 15:15 | गोरखपुर जं. | 23:45 | |
| 05101 | झूँसी (रिंग रेल) | 09:00 | झूँसी (रिंग रेल) | 04:15 | ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, वाराणसी, वाराणसी सिटी, सारनाथ, औड़िहार जं., जखनियां, दुल्लहपुर, मऊ जं., इंदारा जं., बेलथारा रोड, सलेमपुर जं., भटनी जंक्शन, भाटपार रानी, मैरवा, सीवान जंक्शन, हथुआ, थावे जं., गोपालगंज, रतन सराय, सिधवलिया, दिघवा दुबौली, मसरख, मढौरा, छपरा कचहरी, छपरा, सुरेमनपुर, बलिया, चित बड़ागांव, यूसुफपुर, गाजीपुर सिटी, औंरिहार जंक्शन, सारनाथ, वाराणसी सिटी, वाराणसी, बनारस, माधोसिंह एवं ज्ञानपुर रोड स्टेशन |
| 05102 | झूँसी (रिंग रेल) | 14:30 | झूँसी (रिंग रेल) | 09:00 | |
| 09802 | बनारस | 14:45 | सोगरिया | 15:45 | चुनार, मिर्जापुर, प्रयागराज छिवकी, मानिकपुर, मझगवां, जैतवार, सत्तना, मैहर, झुकही, कटनी, रीठी, बांदकपुर, दमोह, पथरिया, गणेशगंज, गिरवर, सौगोर, नारिओली, खुरई, बीना मालखेडी, मुंगावली, अशोक नगर, गुना, रुठियाई, छबडा गुगोर, अटरू, बारां एवं अंता स्टेशन |
| 08561 | गोरखपुर जं. | 14:20 | विशाखापट्णम | 12:15 | देवरिया सदर, मऊ जं., जौनपुर जं., वाराणसी, चुनार, मिर्जापुर, प्रयागराज छिवकी, मानिकपुर जं., सतना, मैहर, कटनी, उमरिया, शहडोल, अनुपपुर जं., पेंड्रा रोड, बिलासपुर जं., चांपा, रायगढ, झारसुगुडा रोड, संबलपुर शहर, रायकाखोल, बोइंदा, अंगुल, ढेंकनाल, नाराज मराठापुर, भुवनेश्वर, खुर्दा रोड जं., बालूगन, छत्रपुर, ब्रह्मपुर, पलासा, श्रीकाकुलम रोड, विजयनगरम जं. एवं कोट्टावलसा स्टेशन |
| 06001 | पुरट्चि तलैवर डॉ. एम.जी. रामचंद्रन | 14:20 | गोमती नगर | 14:15 | गूडूर जं., नेल्लूर, ओंगोल, चीराला, तेनाली जं., न्यू गुंटूर, विजयवाड़ा जं., खम्मम, वरंगल, सिरपुर कागजनगर, बल्हारशाह, गोंदिया जं., बालाघाट जं., नैनपुर जं., जबलपुर, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर जं., प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर, चुनार, वाराणसी और अयोध्या धाम जं. स्टेशन |
| 05267 | मुजफ़्फरपुर जं | 17:15 | झूँसी जं. | 09:55 | मोतीपुर, मेहसी, चकिया, बापूधाम मोतिहारी, सगौली जं., बेतिया, नरकटियागंज जं., बगहा, कप्तानगंज जं., गोरखपुर जं., देवरिया सदर, भटनी जं., मऊ जं., औंरिहार जं. एवं वाराणसी स्टेशन |
| 07088 | बनारस | 17:50 | मौला अलि | 07:00 | प्रयागराज छिवकी, मानिकपुर जं., सतना, मैहर, कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर, पिपरिया, इटारसी जं., बैतूल, नागपुर जं., चंद्रपुर, बल्हारशाह, सिरपुर कागजनगर, बेलमपल्ली, रामगुंडम, पेद्दापल्ली जमिकुंटा, काजीपेट जं., जनगांव एवं भोंगिर स्टेशन |
| 03412 | झूँसी | 19:15 | मालदा टाउन | 14:30 | बनारस, वाराणसी जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पटना जं., राजेंद्र नगर टर्मिनल, बख्तियारपुर जं., बाढ़, मोकामा, किऊल जंक्शन, अभयपुर, जमालपुर जं., सुल्तानगंज, भागलपुर, कहलगांव, साहिबगंज जं., बरहरवा जं. एवं न्यू फरक्का जं. |
| 04408 | दिल्ली जं. | 23:25 | फाफामऊ जं. | 14:15 | नई दिल्ली, गाजियाबाद, हापुड़, गढ़मुक्तेश्वर, गजरौला जं., अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, शाहजहान पुर, हरदोई, लखनऊ जं. एवं राय बरेली जं. स्टेशन |

### दिनांक 20.02.2025 (वीरवार) को चलने वाली विशेष रेलगाड़ियाँ

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|
| 04210 | प्रयागराज संगम | 11:15 | जौनपुर जं. | 14:00 | प्रयाग, फाफामऊ जं., फूलपुर, जंघई जं. एवं मड़ियाहूँ स्टेशन |
| 04209 | जौनपुर जं. | 14:15 | प्रयागराज संगम | 17:15 | |
| 04202 | प्रयागराज संगम | 12:20 | आलमनगर | 17:00 | प्रयाग, कुण्डा हरनामगंज, ऊंचाहार जं., रायबरेली जं., बछरावां एवं उतरेटिया जं. स्टेशन |
| 04201 | आलमनगर | 19:15 | प्रयागराज संगम | 23:25 | |
| 04206 | प्रयागराज संगम | 13:30 | अयोध्या कैंट | 17:00 | प्रयाग, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04205 | अयोध्या कैंट | 08:45 | प्रयागराज संगम | 12:15 | |
| 04251 | प्रयाग जं. | 20:30 | अयोध्या कैंट | 23:55 | फाफामऊ जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04252 | अयोध्या कैंट | 15:45 | प्रयाग जं. | 19:55 | |
| 04253 | फाफामऊ जं. | 11:15 | अयोध्या कैंट | 14:45 | माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04254 | अयोध्या कैंट | 06:15 | फाफामऊ जं. | 10:15 | सुल्तानपुर एवं माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. स्टेशन |
| 04255 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 05:35 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 21:30 | फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., खुन्डौर, सुल्तानपुर, कूड़ेभार, खजुरहट, भरतकुण्ड, अयोध्या कैंट, सलारपुर, सोहावल, देवराकोट, बड़ा गाँव, रुदौली, रौजागाँव, पटरंगा, दरियाबाद, सैदखानपुर, सफदरगंज, रसौली, बाराबंकी जं., सफेदाबाद, मल्हौर, लखनऊ, उतरेटिया जं., मोहनलालगंज, कनकहा, निगोहाँ, श्रीराजनगर, बछरावाँ, कुनियनगंज, हरचन्दपुर, गंगागंज, राय बरेली जं., रूपामऊ, फुरसतगंज, जायस, बनी, गौरीगंज, तालाखजुरी, अमेठी, मिसरौली, माँ चंडिका देवी धाम अन्तू, जगेशरगंज, चिलबिला जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., शनिदेव धाम बिशनाथगंज, मऊ अइमा, सेवाइत व फाफामऊ जं. स्टेशन |
| 04662 | अमृतसर जं. | 20:10 | फाफामऊ जं. | 19:00 | ब्यास, जलंधर सिटी, ढंडारी कलां, सरहिंद, राजपुरा, अंबाला कैंट, यमुनानगर जगाधरी, सहारनपुर, देवबंद, मुजफ्फरनगर, मेरठ सिटी, हापुड, गढ़मुक्तेसर, गजरौला, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली जं.,शाहजहाँपुर, लखनऊ एवं रायबरेली जं.स्टेशन |
| 04302 | हरिद्वार जं. | 06:15 | फाफामऊ जं. | 21:10 | नजीबाबाद जंक्शन, मुरादाबाद, चंदौसी जंक्शन, शाहजहाँपुर, लखनऊ एवं रायबरेली जं.स्टेशन |
| 04622 | अमृतसर जं. | 12:45 | अयोध्या धाम जं. | 11:30 | जंडियाला, जलंधर सिटी, लुधियाना जं., धुरी जं., अंबाला कैंट जं., सहारनपुर, नजीबाबाद जं., मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर एवं लखनऊ स्टेशन |
| 04603 | श्रीमाता वैष्णो देवी कटड़ा | 03:50 | फाफामऊ जं. | 04:25 | शहीद कैप्टन तुषार महाजन, जम्मू तवी, कठुआ, पठानकोट कैंट, जलंधर कैंट, लुधियाना जं., अम्बाला कैंट जंक्शन, सहारनपुर, रूड़की, मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ एवं रायबरेली जं. स्टेशन |
| 02418 | दिल्ली जं. | 09:30 | सूबेदारगंज | 19:40 | फतेहपुर, गोविंदपुरी, इटावा जं., टूण्डला जं. एवं अलीगढ़ जं. स्टेशन |
| 04145 | सुबेदारगंज | 21:35 | दिल्ली जं. | 09:30 | फतेहपुर, गोविन्दपुरी, इटावा, टूंडला जं. एवं अलीगढ़ जं. स्टेशन |
| 09404 | जंघई जं. | 08:30 | अहमदाबाद जं. | 18:00 | प्रयागराज जं., फतेहपुर, गोविंदपुरी, इटावा जं., टूंडला जं., आगरा किला, बयाना जं., गंगापुर सिटी, सवाई माधोपुर, कोटा जं., रामगंज मंडी, भवानी मंडी, नागदा जं., रतलाम जं., दाहोद, गोधरा जं., छायापुरी, आनंद जं. एवं गेरातपुर स्टेशन |
| 01823 | वीरांगना लक्ष्मीबाई | 17:50 | आनन्द विहार (ट.) | 13:45 | निवाड़ी, मऊरानीपुर, हरपालपुर, महोबा जं., बांदा जं., अतर्रा, चित्रकुट धाम कर्वी, मानिकपुर जं., शंकरगढ़, नैनी जंक्शन, सूबेदारगंज, फ़तेहपुर, गोविंदपुरी, इटावा, टूंडला, अलीगढ़ एवं चिपयाना बुजुर्ग स्टेशन |
| 05011 | गोरखपुर जं. | 14:30 | अयोध्या छावनी | 19:35 | सहजनवा, मगहर, खलीलाबाद, बस्ती, बभनान, एस नारायण छपिया, मसकनवा, मनकापुर जंक्शन एवं अयोध्या धाम जं. स्टेशन |
| 05012 | अयोध्या छावनी | 21:50 | गोरखपुर जं. | 04:30 | |
| 04117 | प्रयागराज जं. | 22:20 | अयोध्या कैंट | 03:30 | प्रयाग, फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04118 | अयोध्या कैंट | 05:15 | प्रयागराज जं. | 10:15 | |
| 04111 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:00 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 18:50 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी जं., हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., जौनपुर जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या धाम जं., अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर , माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग स्टेशन |
| 04112 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 21:00 | |
| 04113 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 07:45 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी जं., हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., जौनपुर जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या धाम जं., अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग स्टेशन |
| 04114 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:45 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 08:00 | |
| 04120 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 13:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 04:00 | प्रयाग, फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., सुल्तानपुर, अयोध्या कैंट, अयोध्या धाम जं., गोशाईगंज, अकबरपुर, शाहगंज जं., जौनपुर जं., ज़फ़राबाद जं., मड़ियाहूँ, जंघई जं., भदोही, बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड, हंडिया खास, झूँसी जं. एवं प्रयागराज रामबाग स्टेशन |
| 05104 | प्रयागराज रामबाग (रिंग रेल) | 10:30 | प्रयागराज रामबाग (रिंग रेल) | 04:30 | झूसी, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., सुल्तानपुर, खजुरहट, अयोध्या कैंट, अयोध्या धाम जं., मनकापुर जं., बभनान, बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर जं., चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., बेलथरा रोड, मऊ जं., दुल्लाहपुर, औड़िहार जं., सारनाथ, वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड एवं झूसी स्टेशन |
| 05150 | गोरखपुर जं. | 19:30 | झूँसी | 04:00 | चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., लार रोड, बेल्थरा रोड, इंदारा जं., मऊ जं., दुल्लहपुर, औड़िहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी, बनारस एवं ज्ञानपुर रोड स्टेशन |
| 05149 | झूँसी | 11:15 | गोरखपुर जं. | 20:00 | ज्ञानपुर रोड, बनारस, वाराणसी, वाराणसी सिटी, औंरिहार जं., दुल्लहपुर, मऊ जं., इंदारा जं., बेल्थरा रोड, लार रोड, सलेमपुर जंक्शन, भटनी जंक्शन, देवरिया सदर, गौरी बाजार और चौरी चौरा स्टेशन |
| 05152 | गोरखपुर जं. | 23:45 | झूँसी | 08:00 | चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., लार रोड, बेल्थरा रोड, इंदारा जं., मऊ जं., दुल्लहपुर, औड़िहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी, बनारस एवं ज्ञानपुर रोड स्टेशन |
| 05151 | झूँसी | 15:15 | गोरखपुर जं. | 23:45 | ज्ञानपुर रोड, बनारस, वाराणसी, वाराणसी सिटी, औंरिहार जं., दुल्लहपुर, मऊ जं., इंदारा जं., बेल्थरा रोड, लार रोड, सलेमपुर जंक्शन, भटनी जंक्शन, देवरिया सदर, गौरी बाजार और चौरी चौरा स्टेशन |
| 05101 | झूँसी (रिंग रेल) | 09:00 | झूँसी (रिंग रेल) | 04:15 | ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, वाराणसी, वाराणसी सिटी, सारनाथ, औड़िहार जं., जखनियां, दुल्लहपुर, मऊ जं., इंदारा जं., बेलथारा रोड, सलेमपुर जं., भटनी जंक्शन, भाटपार रानी, मैरवा, सीवान जंक्शन, हथुआ, थावे जं., गोपालगंज, रतन सराय, सिधवलिया, दिघवा दुबौली, मसरख, मढौरा, छपरा कचहरी, छपरा, सुरेमनपुर, बलिया, चित बड़ागांव, यूसुफपुर, गाजीपुर सिटी, औंरिहार जंक्शन, सारनाथ, वाराणसी सिटी, वाराणसी, बनारस, माधोसिंह एवं ज्ञानपुर रोड स्टेशन |
| 05102 | झूँसी (रिंग रेल) | 14:30 | झूँसी (रिंग रेल) | 09:00 | |
| 01661 | रानी कमलापति | 11:10 | बनारस | 10:15 | मंडी दीप, ओबेदुल्ला गंज, बुदनी, नर्मदापुरम, इटारसी जं., सोहागपुर, पिपरिया, गाडरवारा, करेली, नरसिंहपुर, श्रीधाम, मदन महल, जबलपुर, देवरी, सिहोरा रोड, कटनी, झुकेही, मैहर, सतना, जैतवार, मझगवां, मानिकपुर जं., प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर और चुनार स्टेशन |
| 03409 | मालदा टाउन | 20:45 | प्रयागराज रामबाग | 17:15 | न्यू फरक्का जं., बरहरवा जं., साहिबगंज जं., कहलगांव, भागलपुर, सुल्तानगंज, जमालपुर जं., अभयपुर, किऊल जं., मोकामा, बाढ़, बख्तियारपुर जं., राजेंद्र नगर, पटना जं., दानापुर, आरा, बक्सर, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., वाराणसी एवं बनारस स्टेशन |
| 06004 | बनारस | 18:05 | कन्याकुमारी | 21:00 | वाराणसी जं., चुनार जं., मिर्जापुर, प्रयागराज छिवकी जं., मानिकपुर जं., सतना., मैहर, कटनी, जबलपुर, कछपुरा, नैनपुर जं. बालाघाट जं., गोंदिया जंक्शन, बल्हारशाह, सिरपुर कागजनगर, वारंगल, खम्मम, कोंडापल्ली, विजयवाडा जं., तेनाली जं., चिराला, ओंगोल, नेल्लोर, गुडुर जंक्शन, चेन्नई बीच जं., चेन्नई एग्मोर, तांबरम, चेंगलपट्टू जं., मेलमारुवथुर जं., विल्लुपुरम जं.,वृद्धाचलम जं., तिरुचिरापल्ली जं., डिंडीगुल जं., मदुरै जंक्शन, विरुदुनगर जं., कोविलपट्टी, तिरुनेलवेली एवं नागरकोइल जं. स्टेशन |
| 05268 | झूँसी जं. | 12:00 | मुज़फ़्फ़रपुर जं | 04:50 | वाराणसी, औंरिहार जं., मऊ जं., भटनी जं., देवरिया सदर, गोरखपुर जं., कप्तानगंज जं., बगहा, नरकटियागंज जं., बेतिया, सगौली जं., बापूधाम मोतिहारी, चकिया, मेहसी एवं मोतीपुर स्टेशन |
| 07085 | काकिनाड़ा टाउन | 20:10 | आजमगढ़ | 17:15 | समालकोट जंक्शन, राजमुंदरी, निदादावोलु जंक्शन, ताडेपल्लीगुडेम, एलुरु, विजयवाडा जंक्शन, खम्मम, वारंगल, रामागुंडम, मंचिर्याल, सिरपुर कागजनगर, बल्हारशाह, चंद्रपुर महाराष्ट्र, नागपुर, इटारसी जंक्शन, पिपरिया, नरसिंहपुर, जबलपुर, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर जं., प्रयागराज छिवकी, वाराणसी जं. एवं शाहगंज जं. स्टेशन |
| 04407 | फाफामऊ जं. | 23:30 | दिल्ली जं. | 13:40 | रायबरेली जं., लखनऊ, हरदोई, शाहजहाँपुर, बरेली, रामपुर, मुरादाबाद, अमरोहा, गजरौला जं., गढ़मुक्तेसर, हापुड एवं गाजियाबाद स्टेशन |

**रेल यात्रा के दौरान ज्वलनशील वस्तुएं जैसे पटाखे, पेट्रोल, मिट्टी का तेल एवं गैस सिलेंडर आदि लेकर कभी यात्रा न करें।**

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी अन्य सूचना और विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट **https://enquiry.indianrail.gov.in** अथवा **NTES App** देखें।

**उत्तर रेलवे**

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

पर हमें फॉलो करें

# स्टेशन पर दिल्ली जैसा हुजूम: चक्कर खाकर गिरा युवक– सिर में लगी चोट, यात्रियों को बाहर निकाला

जन एक्सप्रेस। गोरखपुर



दिल्ली की घटना के बाद गोरखपुर स्टेशन पर भी अतिरिक्त सतर्कता बरती जा रही है। इसके लिए प्रवेश गेटों पर जगह-जगह बैरिकेडिंग भी हुई है। प्रयागराज के यात्रियों को प्लेटफॉर्म से बाहर निकालकर होल्डिंग एरिया में रोका गया। अन्य यात्रियों को उनकी ट्रेन से रवाना करने के बाद दो महाकुंभ स्पेशल से श्रद्धालुओं को रवाना किया गया। महाकुंभ के लिए प्रयागराज जाने वाले श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी पड़ी। प्लेटफॉर्म नंबर दो पर भीड़ इतनी अधिक हो गई कि आनन-फानन में आरपीएफ और जीआरपी जवानों को मोर्चा संभालना पड़ा। प्लेटफॉर्म पर भीड़ में बिहार का एक युवक चक्कर आने से गिर गया। उसके सिर में चोट लग गई। उसे अस्पताल भेजा गया। प्रयागराज के यात्रियों को प्लेटफॉर्म से बाहर निकालकर होल्डिंग एरिया में रोका गया। अन्य यात्रियों को उनकी ट्रेन से रवाना करने के बाद दो महाकुंभ स्पेशल से श्रद्धालुओं को रवाना किया गया। इन यात्रियों को ट्रेन के आने पर प्लेटफॉर्म पर प्रवेश मिला। देर शाम एक और स्पेशल ट्रेन रवाना की गई। दिल्ली की घटना के बाद गोरखपुर स्टेशन पर भी अतिरिक्त सतर्कता बरती जा रही है। इसके लिए प्रवेश गेटों पर जगह-जगह बैरिकेडिंग भी हुई है। इसके बावजूद सोमवार दोपहर बाद प्लेटफॉर्म संख्या दो पर भीड़ बढ़ने लगी। इसी प्लेटफॉर्म से महाकुंभ स्पेशल चलनी थी। शाम को दिल्ली जाने वाली बिहार संपर्क क्रांति समेत कई प्रमुख ट्रेनें इसी प्लेटफॉर्म पर आती हैं। इस वजह से यात्रियों की भीड़ अत्यधिक हो गई। इसी प्लेटफॉर्म से फुटब्रिज भी जुड़ा है। शाम पांच बजे गेट पर आरपीएफ व जीआरपी जवानों के अलावा टिकट चेकिंग स्टॉफ लगाकर प्रयागराज के यात्रियों को बाहर रोका गया।

# धर्म की आड़ में कर रहे थे चंदा का धंधा, खोला था अवैध योगी कॉर्पोरेशन, करता था ठगी

जन एक्सप्रेस। गोरखपुर

सीओ गोरखनाथ रवि कुमार सिंह ने बताया कि दोनों आरोपी गैंग बनाकर अनुचित लाभ प्राप्त करने के उद्देश्य से अवैध योगी कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया नामक फर्म का पंजीकरण कराए हैं। धर्म के नाम पर आमजन के साथ धोखाधड़ी करते हैं। इसके अलावा अनाथ और बीमारी से जूझ रहे लोगों की मदद करने के नाम पर भी अपने निजी खाते में लोगों से रुपये जमा कराते थे। धर्म के नाम पर चंदा का धंधा करने वाले गाजियाबाद और महाराजगंज के दो ठगों पर गोरखनाथ पुलिस ने सोमवार को गैंगस्टर का केस दर्ज किया है। यह गैंग अवैध फर्म खोलकर मदद के नाम पर बैंक खाते में रुपये जमा करवा रहे थे। महाराजगंज के पनियरा थाना के सतगुरु मजुरी निवासी केदारनाथ उर्फ योगी केदारनाथ और गाजियाबाद जिले के मधवन बापूधाम थाना के स्वर्ण जयंतीपुरम निवासी हर्ष चौहान उर्फ योगी हर्षनाथ के खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई की गई। अब इनकी अवैध संपत्ति का ब्योरा भी पुलिस जुटा रही है। सीओ गोरखनाथ रवि कुमार सिंह ने बताया कि दोनों आरोपी गैंग बनाकर अनुचित लाभ प्राप्त करने के उद्देश्य से अवैध योगी कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया नामक फर्म का पंजीकरण कराए हैं।

धर्म के नाम पर आमजन के साथ धोखाधड़ी करते हैं। इसके अलावा अनाथ और बीमारी से जूझ रहे लोगों की मदद करने के नाम पर भी अपने निजी खाते में लोगों से रुपये जमा कराते थे।

इस आरोप में वर्ष 2023 में गोरखनाथ थाने में केस दर्ज किया गया है। केदारनाथ पर महाराजगंज और गोरखपुर में दो केस दर्ज हैं। गाजियाबाद के हर्ष चौहान पर गोरखपुर में दो केस दर्ज हैं। गाजियाबाद और महाराजगंज की पुलिस से संपर्क करके आरोपियों की संपत्ति का ब्योरा जुटाया जा रहा है। बहुत जल्द अवैध संपत्ति पर जब्तीकरण की कार्रवाई की जाएगी।

# एमएमएमयूटी में 44 करोड़ से बनेगा 528 बेड का नया हॉस्टल, शासन से मिली स्वीकृति

जन एक्सप्रेस। गोरखपुर

एमएमएमयूटी में छात्रावास निर्माण में 44.46 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत आएगी। करीब 14,000 वर्ग मीटर में इसका निर्माण कराया जाएगा। वर्तमान में स्थापित पुरुष छात्रावासों के पास ही खाली भूमि पर निर्माण किया जाएगा। शासन ने सीएंडडीएस को डिटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) और विस्तृत आगणन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में छात्रों के लिए 44 करोड़ रुपये की लागत से 528 बेड का एक नया हॉस्टल बनेगा। इसके लिए शासन से स्वीकृति मिल गई है। यह छात्रावास पूरी तरह वातानुकूलित होगा और इसमें छात्रों को कई तरह की सुविधाएं मिलेंगी। शासन ने कंस्ट्रक्शन एंड डिजाइन सर्विसेज (उत्तर प्रदेश जल निगम) को कार्यदायी संस्था नामित किया है।

# आप से राजनीति की शुरुआत, फिर थामा निषाद पार्टी का हाथ पत्नी का बड़ा आरोप

जन एक्सप्रेस। महाराजगंज

महाराजगंज के पनियरा क्षेत्र के नरकटहा गांव के धर्मात्मा निषाद की मौत के बाद पुलिस सतर्क रही। पोस्टमार्टम हाउस से लेकर श्मशान घाट तक पुलिस का कड़ा पहरा रहा। सपा, कांग्रेस समेत अन्य दलों के नेताओं ने श्रद्धांजलि दी। महाराजगंज के पनियरा थानाक्षेत्र के नरकटहां गांव निवासी धर्मात्मा निषाद के राजनीतिक सफर की शुरुआत दिल्ली में आम आदमी पार्टी से हुई थी। बीए तक की पढ़ाई के बाद दिल्ली गए धर्मात्मा ने कुछ दिनों तक एक टेलीकॉम कंपनी में नौकरी भी की थी। बाद में दिल्ली में निषाद पार्टी अध्यक्ष डॉ. संजय निषाद से मुलाकात हुई और उन्होंने निषाद पार्टी का दामन थाम लिया था। लंबे समय तक पार्टी के लिए काम किया लेकिन बाद में दूरियां बढ़ गईं। धर्मात्मा के दोस्त विमलेश के मुताबिक उनकी प्राथमिक शिक्षा गांव के प्राइमरी स्कूल में ही हुई थी। बीए तक की पढ़ाई पूरी करने के बाद 2014 में वह दिल्ली चले गए और एक टेलीकॉम कंपनी में काम करने लगे।

# गैंग 307... फिर सक्रिय, सरेराह युवक को पहले पीटा, फिर मारा चाकू– अपराध में चर्चित है गिरोह

जन एक्सप्रेस। देवरिया

जिले में 302, 307, 333, दबंग बादशाह सम्राट, अपराधी यादव सहित कई गिरोह के सदस्य लगातार क्षेत्र में व सोशल मीडिया पर आतंक मचा रखा है। बरियारपुर पुलिस अभी कार्रवाई में जुटी हुई थी कि शहर के हनुमान मंदिर के पीछे नशा कर रहे 307 गैंग के सदस्यों ने महज बाइक खड़ा करने पर एक युवक के उपर जान लेवा हमला कर दिया। जिले में मनबढ़ों का गैंग के सफाए के लिए पुलिस ऑपरेशन तलाश अभियान चला रही है। इस अभियान के तहत सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो व तस्वीरों के माध्यम से गैंग के सदस्यों पर नकेल भी कस रही है। लेकिन, भलुअनी व बरियारपुर में गैंग संचालित करने वाले मनबढ़ों पर कोई असर नहीं पड़ रहा है। उनका रील बनाते व स्टंट दिखाते वीडियो व पोस्ट सोशल मीडिया पर वायरल भी हो रहा है। पुलिस वायरल वीडियो में से मनबढ़ युवकों को चिह्नित कर कार्रवाई में जुटी ही हुई थी कि कोतवाली क्षेत्र में 307 गैंग से जुड़े मनबढ़ों ने सरेराह एक युवक की पिटाई का घायल कर दिया। यह घटना मंगलवार की सुबह घटित हुई। आरोप है कि जहां मनबढ़ खड़े थे, वहीं अपनी बाइक खड़ी कर युवक मंदिर में पूजा अर्चना करने चला गया था। इसी से नाराज होकर तिहाड़ से सजा काट लौटे मनबढ़ ने युवक पर चाकू से हमला कर घायल कर दिया। जिले में 302, 307, 333, दबंग बादशाह सम्राट, अपराधी यादव सहित कई गिरोह के सदस्य लगातार क्षेत्र में व सोशल मीडिया पर आतंक मचा रखा है। बरियारपुर पुलिस अभी कार्रवाई में जुटी हुई थी कि शहर के हनुमान मंदिर के पीछे नशा कर रहे 307 गैंग के सदस्यों ने महज बाइक खड़ा करने पर एक युवक के उपर जान लेवा हमला कर दिया। घायल युवक भुजौली कालोनी निवासी अजीत सोनकर मंगलवार को पूजा अर्चना करने के लिए हनुमान मंदिर पहुंचे। मंदिर के बगल से गुजर रही सड़क पर पीछे की तरफ वह अपनी बाइक खड़ी कर दिए। वहां पर करीब एक दर्जन युवक बैठ कर नशा आदि कर रहे थे। वह उन्हें इग्नयोर कर मंदिर पहुंचे और पूजा-अर्चना के बाद वापस आए तो मनबढ़ बाइक खड़ा करने को ले उलझ गए।

# रील बनाकर दहशत फैलाते थे, 11 रीलबाज मनबढ़ों को पुलिस ने भेजा जेल– 007–302 गैंग के हैं सदस्य

जन एक्सप्रेस। देवरिया




तरकुलवा थाना क्षेत्र के रहने वाले मनबढ़ युवक अभी तक रॉयल ब्रदर्स, 005 के नाम से गैंग बनाकर लोगों में दहशत पैदा कर रहे थे। मगर कुछ महीने पहले पुलिस मुठभेड़ में दो मनबढ़ों को गोली लगने से बाद विलुप्त हो गया था। कुछ समय बीतते ही यह गिरोह 007 थाना तरकुलवा 302 के गैंग के नाम से संचालित होने लगा। थाना क्षेत्र में संचालित हो रहे मनबढ़ युवाओं का गैंग पुलिस के लिए सर दर्द बन चुका है। पुलिस कप्तान विक्रांत वीर की शक्ति के बाद तरकुलवा पुलिस ने सोमवार की रात 007 व थाना क्षेत्र के 302 गैंग से जुड़े 11 सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया। यह रील बनाकर इंस्टाग्राम के माध्यम से लोगों में दहशत पैदा कर रहे थे। उधर पुलिस गिरोह में शामिल अन्य सदस्यों की गिरफ्तारी के लिए भी दबिश दे रही है। पुलिस की इस शक्ति के चलते गैंग के अन्य सदस्यों में खलबली मची हुई है।देर रात सीओ सदर संजय कुमार रेड्डी ने थाने पहुंच कर सभी से पूछताछ की। तरकुलवा थाना क्षेत्र के रहने वाले मनबढ़ युवक अभी तक रॉयल ब्रदर्स, 005 के नाम से गैंग बनाकर लोगों में दहशत पैदा कर रहे थे। मगर कुछ महीने पहले पुलिस मुठभेड़ में दो मनबढ़ों को गोली लगने से बाद विलुप्त हो गया था। कुछ समय बीतते ही यह गिरोह 007 थाना तरकुलवा 302 के गैंग के नाम से संचालित होने लगा।

लार में 302 गैंग सामने आने पर 26 जनवरी को उसके उत्पाद का वीडियो सोशल मीडिया पर वॉयरल हुआ तो पुलिस महकमा सक्रिय हो गया। पुलिस ने इसी आधार पर कार्रवाई करते हुए 11 लोगों को इंस्टाग्राम पर भय फैलाने को लेकर दहशत फैलाने वाला वीडियो डालने पर देर रात दबिश देकर उठा लिया। यह बाइक में तेज आवाज वाले साइलेंसर लगाकर चलते थे, जिसकी शिकायत पुलिस को काफी दिनों से मिल रही थी। सोमवार की रात एक फंक्शन में पुलिस पहले से ही नजर लगाई हुई थी।

# डीएम-एसपी की अध्यक्षता में आयोजित हुई बोर्ड परीक्षा आयोजित कराने से संपन्न कराने को लेकर बैठक

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



आगामी 24 फरवरी से 12 मार्च तक चलने वाले बोर्ड परीक्षा आयोजित होनी है। जिसको सकुशल, सुचारू एवं नकलविहीन रूप से संपन्न कराए जाने हेतु एमएलके पीजी कॉलेज सभागार में डीएम पवन अग्रवाल एवं एसपी विकास कुमार की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। इस दौरान डीआईओएस श्रीमती मृदुला आनंद ने बताया कि जनपद में बोर्ड परीक्षा 67 केंद्रों पर होगी, जिसमें हाईस्कूल के 20823 परीक्षार्थी एवं इंटरमीडिएट के 15323 परीक्षार्थी कुल 36146 परीक्षार्थी शामिल होंगे।

परीक्षा को सकुशल, पारदर्शी एवं नकलविहीन रूप से संपन्न कराए जाने हेतु 3 जोनल, 9 सेक्टर एवं 67 स्टैटिक मजिस्ट्रेट नियुक्त किए हुए हैं। बैठक डीएम ने उपस्थित सभी केंद्र व्यवस्थापकों को निर्देश दिए कि बोर्ड परीक्षा को सकुशल, सुचितापूर्ण एवं नकलविहीन रूप से संपन्न कराए जाने हेतु बोर्ड परीक्षा के संबंध में शासन द्वारा जारी गाइडलाइन को अच्छी तरह से पढ़ ले एवं परीक्षा के प्रत्येक स्तर पर गाइडलाइन का शतप्रतिशत अनुपालन किया जाए। परीक्षा के लेकर सभी स्तर पर संवेदीकरण हो।

उन्होंने कहा कि बोर्ड परीक्षा को सकुशल, सुचितापूर्ण एवं नकलविहीन रूप से संपन्न कराए जाने हेतु जिला प्रशासन पूरी तरह से केंद्र व्यवस्थापकों के साथ खड़ा हैं। प्रत्येक केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात कर दी गई है तथा जोनल, सेक्टर एवं स्टैटिक मजिस्ट्रेट भी नियुक्त कर दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि बोर्ड परीक्षा में गड़बड़ी करने वाले या किसी तरफ की अफवाह फैलाने वालों के विरुद्ध उ0प्र0 सार्वजनिक परीक्षा अधिनियम के प्रावधानों के विरुद्ध कड़ी कारवाही की जाएगी। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक नम्रता श्रीवास्तव,समस्त एसडीएम, परीक्षा नोडल अधिकारी चंदन पांडे, समस्त सीओ, केंद्र व्यवस्थापक व अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# ताईक्वाण्डो बेल्ट टेस्ट में खिलाड़ियों ने दिखाया दम

**जन एक्सप्रेस । अम्बेडकर नगर**



जनपद में ताईक्वाण्डो एसोसिएशन के तत्वाधन मे तमसा मार्ग स्थित मन मार्शल आर्ट स्पोर्ट्स क्लब मे दो दिवसीय ताईक्वाण्डो कलर बेल्ट टेस्ट का आयोजन, उत्तर प्रदेश ताईक्वाण्डो एसोसिएशन के निर्देशन में अम्बेडकर नगर ताईक्वाण्डो एसोसिएशन के सचिव मंगेश कुमार मन और कोशाध्यक्ष रजत मौर्य की निगरानी में किया गया। खिलाड़ियों ने पूमसे, किक पन्च का शानदार प्रदर्शन किया, हाथ और पैरों द्वारा विभिन्न प्रकार की तकनीक से पटरे, मार्वल और ईट तोड़ कर अपनी क्षमता को दिखाई। खिलाड़ियों ने ताईक्वाण्डो के इतिहास, विभिन्न प्रकार के तकनीक के बारे मे मौखिक और लिखित टेस्ट दिया।

ताईक्वाण्डो मे कुल 8 कलर बेल्ट पास करनी होती है दो दिवसीय कलर बेल्ट टेस्ट मे यलो बेल्ट के लिए नैतिक राज, शिवान्श श्रीवास्तव ,प्रिंस मौर्य, ग्रीन बेल्ट के लिए ऋशिका चौधरी, ऐंजल यादव, सत्यम कुमार कहार, ग्रीन वन बेल्ट के लिए आर्यन वर्मा, हिमांशु रंजन तथा ब्लू वन बेल्ट के लिए आकाश गौतम गतथा आयुष वर्मा ने बेल्ट टेस्ट दिया। सभी खिलाड़ियों को अगले सप्ताह में बेल्ट प्रदान किया जायेगा।

# नन्हे-मुन्ने बच्चों को कराया गया दैनिक दिनचर्या की अच्छी आदतों का ज्ञान

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय स्थित अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पायनियर पब्लिक स्कूल एंड कॉलेज में मंगलवार को नन्हे मुन्ने बच्चों को दैनिक दिनचर्या की अच्छी आदतों का ज्ञान कराया गया। जानकारी के अनुसार 18 फरवरी को शहर के अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पॉयनियर पब्लिक स्कूल एण्ड कॉलेज, बलरामपुर में कक्षा-2 व 3 के छात्र-छात्राओं को अच्छी आदतों को क्रियाकलाप के माध्यम से सिखाया गया। बच्चे प्रतिदिन अपने दांतो, हाथों की सफाई एवं जूते को पॉलिस किस प्रकार करेंगे उसको क्रियाकलाप के माध्यम से कराया गया। उप प्रधानाचार्या शिखा पाण्डेय के नेतृत्व में कक्षा-2 तथा 3 के नैतिक शिक्षा के विषय के अध्यापिका अध्यापक नेहा श्रीवास्तव तथा हर्षित यादव की संरक्षता में बच्चें अध्यापिका नेहा श्रीवास्तव ने कक्षा-2 के सभी बच्चों को हाथ धोने की प्रक्रिया को समझाते हुए नन्हें-मुन्नें बच्चों को बताया कि हाथ धोने से मौसमी फ्लू, डायरिया, क्रिमी संक्रमण इत्यादि आदि गंभीर बीमारियों से बचा जा सकता है। साथ ही कक्षा अध्यापक हर्षित यादव ने कक्षा-3 के सभी छात्र-छात्राओं को दांतो की सफाई करवाया तथा उससे होने वाले लाभ को बताया कि हमें प्रतिदिन अपनें दांतो को साफ करना चाहिए। इससे मसूड़ों, गंध आना, पायरिया तथा दांत कमजोर होने से बचा जा सकता है। इसी क्रम में सभी बच्चों को नित्य अपने जूतो को पॉलिस करने की जानकारी भी दी गयी। सभी बच्चे आनन्दित होकर सभी क्रियाकलापों में बढचढ कर प्रतिभाग किया। नैतिक शिक्षा के अवसर पर उप प्रधानाचार्या शिखा पाण्डेय ने सभी छात्र-छात्राओं के कौशल को देखकर उत्साहवर्धन करते हुए प्रशंसा की।

# पत्नी का गला काटा, फिर भी न भरा मन तो...लाश के साथ की ऐसी बर्बरता, देखकर दहल गया लोगों का दिल

**जन एक्सप्रेस । आगरा**



पति के अवैध संबंध का विरोध करने की कीमत विवाहिता को जान देकर चुकानी पड़ी। पति ने बेरहमी से उसकी गला काटकर हत्या कर दी। वारदात के बाद आरोपी पति फरार है। पुलिस उसकी तलाश में जुटी हुई है। आगरा के इरादतनगर थाना क्षेत्र के कुर्राचित्तरपुर स्थित गांव करोंधना में पति ने बेरहमी से पत्नी की हत्या कर दी। वो दो दिन पहले ही पत्नी को उसके मायके से लेकर आया था। घर लाने के बाद पत्नी के गले को फसल काटने वाली दरांती से काट दिया। उसके जमीन पर गिरने के बाद भी उसका दिल नहीं भरा, तो दरांती से ही पेट पर एक के बाद एक कई वार किए। कातिल पति ने इससे पहले बच्चों को टॉफी लेने के बहाने दुकान पर भेज दिया। हत्या करने के बाद आरोपी पति फरार हो गया। सूचना मिलते ही मायके पक्ष के लोग मौके पर पहुंच गए। विवाहिता की मौत से आक्रोशित होकर उन लोगों ने हंगामा कर दिया। पुलिस ने किसी तरह स्थिति को संभाला। पुलिस के मुताबिक, मायके पक्ष ने आरोप लगाया है कि अवैध संबंध का विरोध करने पर पति ने हत्या की है। डौकी के गांव वाजिदपुर स्थित आसे का पुरा निवासी पुष्पा उर्फ राधा (32) की शादी 14 साल पहले गांव करोंधना स्थित बाग खिन्नी निवासी केशव कुशवाहा के साथ हुई थी। केशव खेतीबाड़ी करता है। उनके 2 बेटे 7 वर्षीय मोनू और 6 वर्षीय दीपू और 1 बेटी 8 वर्षीय मोनिका है। परिजनों ने बताया कि पति आए दिन झगड़ा करता था। इस पर पुष्पा बच्चों को लेकर मायके चली जाती थी। कुछ महीने से मायके में ही रह रही थी। शनिवार को केशव ससुराल पहुंचा। पत्नी को घर ले जाने की बात कही। इस दौरान विवाद भी हुआ। तब केशव ने पत्नी को अच्छी तरह से रखने का वादा किया। इस पर रविवार को बच्चे और पत्नी उसके साथ घर आ गए। सोमवार की शाम 6 बजे पति घर में आया। उसने बच्चों को रुपये दिए। दुकान से टॉफी लाने भेज दिया। इसके बाद कहासुनी करने लगा। आरोप है कि विरोध पर केशव दरांती ले आया। उसने पुष्पा की गर्दन पर एक के बाद एक कई वार किए। इससे वह गिर गई। उसके गिरने पर भी केशव नहीं माना। उसके पेट पर भी दरांती से कई प्रहार किए। बच्चों के आने पर आरोपी भाग निकला। घटना की जानकारी पर पुलिस पहुंच गई। उधर, मायका पक्ष के लोग आ गए। उन्होंने हंगामा कर दिया। केशव के परिवार के लोगों के साथ मारपीट कर दी। पुलिस ने किसी तरह लोगों को रोका। तब शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा सका। डीसीपी पूर्वी जोन अतुल शर्मा ने बताया कि महिला की घर में हत्या की गई है। आरोपी पति की गिरफ्तारी के लिए टीम लगी है। हत्या के पीछे पत्नी के पति के अवैध संबंध का विरोध करने का आरोप लगाया है।

# 73 गांवों को निर्बाध मिलेगी आपूर्ति, लगेगा पांच एमवीए का ट्रांसफॉर्मर

**जन एक्सप्रेस । अंबेडकरनगर**



अकबरपुर के बरवा बैरमपुर उपकेंद्र से जुड़े 73 गांव के उपभोक्ताओं को गर्मी में निर्बाध बिजली आपूर्ति मिल सकेगी। इसके लिए बिजली घर पर 80 लाख रुपये की लागत से पांच एमवीए का नया ट्रांसफॉर्मर लगाकर इसकी क्षमता बढ़ाई जाएगी। यहां पहले से एक ट्रांसफॉर्मर लगा हुआ है। दूसरा ट्रांसफॉर्मर लगने से ओवरलोडिंग की समस्या दूर होने के साथ ही लोगों को ट्रिपिंग से निजात मिल सकेगी।

कोटवा महमदपुर 132 केवीए ट्रांसमिशन से 33 केवीए बैरमपुर उपकेंद्र को बिजली आपूर्ति दी जा रही है। यहीं से महरूआ और भीटी उपकेंद्र से जुड़े 73 गांव को बिजली की सप्लाई दी जाती है। आबादी बढ़ने के साथ ही बिजली घर पर उपभोक्ताओं की संख्या में इजाफा हुआ, लेकिन क्षमता वृद्धि का कार्य नहीं कराया गया। इससे आए दिन फॉल्ट की समस्या बनी रहती है। बीते 10 दिनों के भीतर दो बार 73 गांवों की बिजली रातभर गुल रही।

हालात यह है कि ओवरलोड से आए दिन तार टूटकर गिरने और इंसुलेटर के खराब होने से उपभोक्ताओं को बिजली कटौती की परेशानी झेलनी पड़ती है। आपूर्ति बाधित होने से किसानों को फसलों की सिंचाई तो कुटीर उद्योग चलाने वालों को इसका खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। उपभोक्ताओं की इस समस्या को दूर करने के लिए बिजली विभाग ने उपकेंद्र की क्षमता वृद्धि का निर्णय लिया। टेंडर की प्रक्रिया पूरी कराई जा चुकी है। फरवरी के अंत से ट्रांसफॉर्मर लगाने का कार्य शुरू हो जाएगा।

**बदले जाएंगे जर्जर तार व इंसुलेटर**

दो दशक पूर्व लगाए गए बिजली के तार जगह जगह जर्जर हो गए हैं। इन जर्जर तारों को चिन्हित कर बदल दिया जाएगा। इसके अलावा अकबरपुर, भीटी और महरूआ तक पुराने हो चुके इंसुलेटर को भी बदला जाएगा।

**ट्रांसफॉर्मर की होगी मरम्मत**

दोनों बिजलीघर के 500 से अधिक ट्रांसफॉर्मरों की अर्थिंग समेत छोटी-छोटी अन्य खराबी को दूर करने के लिए बिजली विभाग जल्द ही अभियान चलाएगा, ताकि बिजली का लोड बढ़ने से होने वाली खराबी से ट्रांसफॉर्मर को बचाया जा सके। इसके लिए सभी बिजलीघर के अधिशासी अभियंताओं को निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

**जल्द लगवाया जाएगा ट्रांसफॉर्मर**

गर्मी से पहले सभी बिजलीघरों की जांच कर खराबी को दूर कराया जा रहा है। बरवा बैरमपुर में ओवलोड की समस्या समाप्त करने के लिए बिजलीघर पर पांच एमवीए का नया ट्रांसफॉर्मर जल्द ही लगवा दिया जाएगा। **-राजकुमार त्रिपाठी, अधीक्षण अभियंता**

## डीएम की अध्यक्षता में जिला गंगा समिति और जिला पर्यावरण समिति की बैठक आयोजित

**बलरामपुर।** मंगलवार को डीएम पवन अग्रवाल की अध्यक्षता में जिला गंगा समिति और जिला पर्यावरण समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में डीएम ने नगर पालिका बलरामपुर में निर्माणाधीन सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट कार्य में तेजी लाते हुए शीघ्र संचालित किए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि स्थानीय निकायों में एमआरएफ सेंटर संचालित करते हुए कूड़े का निस्तारण किया जाए। इस दौरान उन्होंने सरयू ड्रेनेज खंड को सुआव नदी के निर्धारित फ्लड जोन का सर्वे एवं नोटिफाइड किए जाने के संबंध में आवश्यक दिशानिर्देश दिए।

# धार्मिक रीति रिवाज से कराया गया 93 जोड़ों का विवाह, उतरौला में आयोजित हुआ विवाह कार्यक्रम

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत विकास खंड परिसर उतरौला में को सामूहिक विवाह कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें विकास खण्ड उतरौला के 26 जोड़ों, विकास खण्ड रेहरा बाजार के 56 जोड़ों, विकास खण्ड गैण्डास बुर्जुग के 09 जोड़ों एवं नगर पालिका परिषद उतरौला के 02 जोड़ों कुल 93 जोड़ों का सामूहिक विवाह धार्मिक रीति-रिवाज के अनुसार सकुशल सम्पन्न कराया गया। जिसमें अल्पसंख्यक वर्ग के 11 जोड़े एवं अन्य वर्ग के 82 जोड़े सम्मिलित हुए।

विकास खण्ड परिसर उतरौला में सम्पन्न कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक उतरौला के प्रतिनिधि, समस्त ब्लाक प्रमुख, अध्यक्ष, (प्रतिनिधि) नगर पालिका परिषद उतरौला, जनप्रतिनिधियों एवं जिला समाज कल्याण अधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी उतरौला, रेहरा बाजार, गैण्डास बुर्जुग व अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिका परिषद उतरौला एवं अन्य जनपद स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे। समस्त जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारीगणों द्वारा सभी नव-दम्पत्तियों को आशीर्वाद देते हुए सुखद व मंगल वैवाहिक जीवन की कामना की गयी।


## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड-लखनऊ।
## पता :-ए ब्लाक सर्वोदयनगर, इन्दिरानगर लखनऊ।

### ई-प्रोक्योरमेन्ट निविदा सूचना

पत्रांक- 2098/ग्रा0अ0वि0/निविदा पत्राली/पत्रावली सं01/अनु0सहायक/2024-25/दिनांक:.13.02.2025

महामहिम श्री राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड लखनऊ के द्वारा ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग उ0प्र0 में ए.बी.सी एवं डी श्रेणी में कार्य की लागत के सीमा के अनुरूप पंजीकृत निविदादाताओं से *ई-टेण्डरिंग* के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता किसी एक कार्य अथवा सभी कार्यों के लिए निविदा दे सकता है।

1. कार्य से सम्बंधित विवरण निम्नवत् है:-

| क्र0सं0 | जनपद का नाम | योजना का नाम | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख रू0 में) | बिड सिकुरिटि (इ0एम0डी0) (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य जी.एस.टी. सहित (यदि आवश्यक हो) (रू0में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि वर्षाऋतु सहित |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | लखनऊ | राजस्व विभाग | तहसील बख्शी का तालाब की आवासीय भवनों में अनुरक्षण का कार्य । | 19.86 | 0.40 | 950.00 | 03 माह |
| 2 | लखनऊ | राजस्व विभाग | तहसील बख्शी का तालाब की अनावासीय भवनों में अनुरक्षण का कार्य । | 28.90 | 0.58 | 2720.00 | 03 माह |
| 3 | लखनऊ | राजस्व विभाग | राजस्व परिषद लखनऊ के अनावासीय भवनों में मुख्य प्रवेश द्वार पर पास आफिस का निर्माण कार्य। | 19.94 | 0.40 | 950.00 | 03 माह |
| 4 | लखनऊ | राजस्व विभाग | राजस्व परिषद, लखनऊ में पेंशन सेल के रिकार्ड रूम का जीर्णोद्धार कार्य। | 17.92 | 0.36 | 950.00 | 03 माह |

2. वैब साइट पर बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता की तिथिः-21.02.2025
3. ई-निविदा के माध्यम से निविदा प्राप्ति के लिए अंतिम तिथि/समय 15.03.2025 को दोपहर 12:00 बजे तक।
4. ई-निविदा के माध्यम से निविदा खोलने की तिथि एवं समयः- 17.03.2025 को अपरान्ह 12:30 बजे।
5. निविदा आमंत्रणकर्ता को आईटीबी के क्लॉज-9 के अनुसार परिशिष्ट/शुद्धि पत्र जारी करने का अधिकार है जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जायेगा। सभी संभावित निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि वह नियमित रूप से ई-निविदा पोर्टल पर निगरानी रखें।
अधिक जानकारी के लिए कृपया वैब साइट http//etender.up.nic.in पर लॉग इन करें तथा बिड डाक्यूमेन्ट को डाउनलोड करें।

अधिशासी अभियन्ता
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग,
प्रखण्ड-लखनऊ।
मो0 9455771557

UPID: 229345, Date: 18.02.2025
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।


# भाजपा जिलाध्यक्ष ने किया ईएनटी सेंटर का उद्घाटन




**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**

तराई क्षेत्र के डॉक्टर सलमान अतीक ने मेहनत व सफलता के साथ अपना मुकाम हासिल करके अल्फा ईएनटी सेंटर खोल करके क्षेत्र के निर्धन व अशिक्षित लोगों के लिए काम खर्चों में उनके सफल इलाज के लिए सदैव तत्पर रहेंगे। डा सलमान अतीक ने सभी अतिथियों का आभार प्रकट करके अच्छी सेवा देने के लिए संकल्प लिया। बलरामपुर के मर्दाना अस्पताल के सामने अल्फा ईएनटी केंद्र का उद्घाटन किया गया। जिसमें तराई क्षेत्र के ईएनटी नाक गला स्पेशलिस्ट डॉक्टर अतीक अहमद कौवापुर के नवाजपुर रहने वाले हैं। उन्होंने तराई क्षेत्र में स्कूली प्रारंभिक शिक्षा करके हिंदुस्तान ओमम्पियाड में भी जिले का नाम रोशन किया है। आजमगढ़ मेडिकल कॉलेज में 6 वर्षों की सेवा व अनुभव से अपने क्षेत्र में सेवा देने के लिए अल्फा ईएनटी सेंटर का शुभारंभ किया। अस्पताल के उद्घाटन में भाजपा जिला अध्यक्ष प्रदीप सिंह व ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि प्रवीण सिंह विक्की पूर्व मंत्री सलील सिंह टीटू ने अल्फा सेंटर का उद्घाटन करते हुए कहा कि तराई क्षेत्र के डा सलमान अतीक विधानसभा क्षेत्र के लिए एक गौरव है।

# साइकिल चलाने का ऐसा जुनून...हरियाणा से पहुंच गए महाकुंभ, अब तक 17 हजार किमी का सफर कर चुके हैं तय



**जन एक्सप्रेस । आगरा**

नरेंद्र नंदगाव भिवानी हरियाणा से शुरू कर यहीं पर समाप्त करते हैं। साइकिल के प्रति उनका जुनून इस कदर है कि कश्मीर से रामेश्वरम तक की यात्रा कर चुके हैं। राममंदिर निर्माण हो या फिर महाकुंभ स्नान। हर मौके पर अपनी साइकिल से एक संदेश लेकर निकल पड़ते हैं, हरियाणा के नंदगाव भिवानी निवासी नरेंद्र यादव। फिलहाल वो त्रिवेणी का जल लेकर अपने गांव वापस जा रहे हैं, जहां महाशिवरात्रि पर भोलेनाथ का जलाभिषेक करेंगे। नरेंद्र यादव बताते हैं कि साइकिल से यात्रा का यह सफर 2021 में तब शुरू हुआ जब राम मंदिर के लिए एक ईंट और एक चांदी की शिला लेकर पहुंचे थे। कहते हैं कि अयोध्या में राम मंदिर की शिला रखी गई तब और फिर जब मंदिर निर्माण के साथ रामलला की प्राण प्रतिष्ठा पर भी अयोध्या गए थे। अब तक चार धाम, पांच ज्योर्तिलिंग, वैष्णोदेवी, गंगासागर तक की यात्रा कर चुके हैं। वह अपनी हर यात्रा बाबा पूर्णानंदगिरि धाम, नंदगाव भिवानी हरियाणा से शुरू कर यहीं पर समाप्त करते हैं। साइकिल के प्रति उनका जुनून इस कदर है कि कश्मीर से रामेश्वरम तक की यात्रा कर चुके हैं। इस दौरान लोगों को पर्यावरण रक्षा का संदेश भी देते हैं। उनकी साइकिल पर हरियाणा की पहचान हुक्का लोगों के आकर्षण का केंद्र रहता है।


## उत्तर रेलवे

### ई-निविदा सूचना

**निविदा सूचना सं. 2025-ए.एम.वी.-सी एंड डब्लू ईनिविदा-11 दिनाँक 15.02.2025**

मुख्य कारखाना प्रबंधक, सवारी डिब्बा कारखाना, आलमबाग, लखनऊ निम्न कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित करते हैं।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | ओवरआलिंग ऑफ ई.पी.पी.एफ.एस. सिस्टम इन एल.एच.बी. कोचेस |
| 2 | कार्यस्थल | सवारी डिब्बा कारखाना, आलमबाग, लखनऊ |
| 3 | अनुमानित लागत | रू. 2,02,75,010.16 मात्र (रु. दो करोड़ दो लाख पचहत्तर हजार दस और सोलह पैसे) |
| 4 | निविदा प्रपत्र का मूल्य | शून्य |
| 5 | बिड सिक्युरिटी | रू. 2,51,400/- मात्र (रु. दो लाख एक्यावन हजार चार सौ मात्र) |
| 6 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 02 वर्ष। |
| 7 | निविदा जमा करने की तिथि एवं समय | दिनांक 24.02.2025 से 10.03.2025 समय 15.00 बजे तक। |
| 8 | प्रमाणपत्र | फर्म के सभी Members द्वारा ANNEXURE-A (यदि Company/Proprietorship फर्म है) के साथ Annexure-A (a) (यदि Partnership/HUF/JV/LLP फर्म है) के अनुरूप प्रमाणपत्र अवश्य अपलोड किया जाना चाहिए। |
| 9 | खुलने का समय | निविदा फार्म जमा होने के पश्चात निविदा को किसी भी समय खोला जायेगा। निविदाकर्ताओं को निविदा खुलने के दौरान उपस्थित रहने की आवश्यकता नहीं है। |
| 10 | कार्यालय जहां से निविदा प्रपत्र क्रय किया जा सकता है | निविदा सूचना एवं प्रपत्र का पूर्ण विवरण नियम व शर्तों सहित वेबसाइट www.ireps.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है। |
| 11 | वेबसाइट विवरण जहां निविदा का पूरा विवरण आदि देखा जा सकता है। | |

534/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# नगर पालिका परिषद पूरनपुर में डिजिटल लैंड रिकॉर्ड मॉडर्नाइजेशन के अंतर्गत नक्शा प्रोजेक्ट का हुआ शुभारम्भ

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**






मंगलवार को डिजिटल लैंड रिकॉर्ड मॉडर्नाइजेशन के अंतर्गत नक्शा (शहरी भूमि की सही पहचान) प्रोजेक्ट का शुभारम्भ कार्यक्रम नगर पालिका परिषद कार्यालय सभागार में आयोजित हुआ।
यह कार्यक्रम पूरे भारत के कुल 152 शहर अथवा क़स्बों में जबकि उत्तर प्रदेश के केवल 10 शहर अथवा क़स्बों में एक ही दिन एक ही समय पर एक साथ डिजिटल लाइव प्रसारण माध्यम से आयोजित हुआ। जिसमें नक्शा पायलट प्रोजेक्ट का शुभारम्भ किया गया। जो कि केंद्र सरकार का प्रोजेक्ट है जिसका राज्य सरकार के साथ एमओयू साइन होने के पश्चात क्रियान्वयन हो रहा है। उत्तर प्रदेश के 10 चयनित शहर अथवा क़स्बों में से एक पूरनपुर नगर भी है। जो कि पूरनपुर नगर के लिए एक बहुत बड़ी उपलब्धि है। इस प्रोजेक्ट में ड्रेन के द्वारा पूरे शहर का फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी सर्वे होगा जिसमें तीन प्रकार की टेक्नोलॉजी वाले ड्रोन प्रयोग किये जाएंगे जिसके पश्चात नगर में स्थित सभी दुकानों एवं मकानों के डिजिटल नक़्शे बनाये जाएंगे। सरकारी आंकड़ों एवं दस्तावेजों के आधार पर एक नक्शा प्रॉपर्टी कार्ड बनाया जाएगा जो सभी प्रॉपर्टी धारकों को उपलब्ध कराया जाएगा। यह कार्ड पूरी तरह से डिजिटल होगा जो प्रॉपर्टी दस्तावेजों एवं नक़्शे के आधार पर तैयार होगा और पूरी तरह से डिजिटल लीगल डॉक्यूमेंट होगा जो कि जरूरत पड़ने पर सभी जगह उपयोग किया जा सकेगा और इस प्रकार डिजिटल कार्ड धारकों को अन्य कागजी दस्तावेजों की आवश्यकता नही पड़ेगी।
इस कार्ड के आधार पर लोन की भी सुविधा मिल सकेगी।
इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह, ऋतु पूनिया अपर जिलाधिकारी/ नोडल अधिकारी पीलीभीत, रितुराज पासवान विधायक पुत्र, प्रफुल्ल मिश्रा जिला उपाध्यक्ष भाजपा, रामबहादुर गुप्ता समाजसेवी, अजीत प्रताप सिंह उपजिलाधिकारी पूरनपुर/ अधिशासी अधिकारी न.पा.प.पूरनपुर, राजेंद्र आर्या समाजसेवी, संदीप खंडेलवाल समाजसेवी, संजय सक्सेना (एड.), संजय पाण्डेय एड. हबीबुर्रहमान तहसीलदार पूरनपुर, ऋषि दीक्षित व अभिषेक त्रिपाठी नायब तहसीलदार, हर्ष प्रधान नगर अध्यक्ष भाजपा, जे. ई. नरेन्द्र कुमार जैसल, जयदीप कुलश्रेष्ठ, विक्रांत चौधरी, सभासद सौरभ सक्सेना श्रासूश, अनुज कुमार गुप्ता, सूरज बाथम, नादिर रज़ा, सभासद प्रतिनिधि तौफीक अहमद कादरी, शेर सिंह यादव, सभासद राजेश कुमार, दुर्वेश कुमार, रविंदर शर्मा, अखिलेश मिश्रा, मानस शुक्ला, विवेक तिवारी, व्य.प्रदीप मुखिया व अन्य कई सम्मानित जनों की उपस्थिति रही।

# भाजपा सरकार पिछड़ों, दलितों, अल्पसंख्यकों के साथ अन्याय कर उनके अधिकारों को छीन रही है: दिव्या गंगवार

- पीडीए जनचर्चा में भाजपा पर साधा निशाना, 2027 में समाजवादी सरकार बनाने का आह्वान

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**



समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार सेक्टर संख्या 07 में ग्राम डुक्सी, अर्जुनपुर और हीरपुर दुही में समाजवादी पीडीए जनचर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व प्रत्याशी बीसलपुर दिव्या पी. गंगवार ने की, जबकि संचालन रूपलाल गंगवार महातिया ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सपा जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा, विशिष्ट अतिथि सपा जिला उपाध्यक्ष बालकराम सागर और काशीराम सरोज मौजूद रहे।

### भाजपा सरकार पर जमकर बरसे सपा नेता

सपा जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा ने कहा कि भाजपा सरकार पिछड़ों, दलितों और अल्पसंख्यकों के आरक्षण को खत्म करने की साजिश रच रही है। उन्होंने कहा कि सरकार संविधान को कमजोर करने का प्रयास कर रही है और जनता को मूलभूत सुविधाओं से वंचित रखा जा रहा है। उन्होंने सभी ग्रामवासियों से 2027 में भाजपा सरकार को सत्ता से हटाने और अखिलेश यादव को उत्तर प्रदेश का पुनः मुख्यमंत्री बनाने की अपील की।

### पीडीए सामाजिक न्याय का प्रतीक: दिव्या पी.गंगवार

पूर्व प्रत्याशी दिव्या पी. गंगवार ने अपने संबोधन में कहा कि भाजपा सरकार पिछड़ों, दलितों और अल्पसंख्यकों के साथ अन्याय कर रही है और उनके अधिकारों को छीन रही है। उन्होंने कहा कि पीडीए केवल तीन शब्दों का संयोग नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय की वह धारा है, जो समानता और अधिकारों की रक्षा के लिए बनी है। उन्होंने सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि महाकुंभ के आयोजन का ढिंढोरा पीटा जा रहा है, लेकिन आम जनता को वहां कोई सुविधा नहीं मिल रही है। उन्होंने हाथरस भगदड़ जैसी घटनाओं का उदाहरण देते हुए कहा कि भाजपा सरकार धार्मिक आयोजनों को भी राजनीतिक लाभ के लिए इस्तेमाल कर रही है।

### पीडीए सामाजिक न्याय का आंदोलन है, सिर्फ रणनीति नहीं

सपा जिला उपाध्यक्ष काशीराम सरोज ने कहा कि पीडीए केवल एक राजनीतिक रणनीति नहीं, बल्कि एक सामाजिक न्याय का आंदोलन है। उन्होंने कहा कि यह समानता, सम्मान और अवसरों की लड़ाई है। अगर समाज के लोग मिलकर प्रयास करें तो एक नए भारत का निर्माण संभव है, जहां जाति-धर्म से ऊपर उठकर सभी को समान अधिकार मिले।
आज के कार्यक्रम के दौरान इस मौके पर सपा जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा, पूर्व प्रत्याशी बीसलपुर दिव्या पी. गंगवार, सपा जिला उपाध्यक्ष बालकराम सागर, काशीराम सरोज, बीडी प्रजापति, मलखान सिंह वर्मा, चौधरी प्रदीप पटेल, फैजान खां, तोताराम सागर, सालिकराम गंगवार, रूपलाल गंगवार महातिया, बंटी शर्मा, महेंद्र गंगवार (पूर्व प्रधान), ओमपाल गंगवार, अनिल कुमार गंगवार, भूदेव गंगवार, पंकज कुमार, सलीम रज़ा, अवि गंगवार, पूरनलाल, सुनील कुमार गंगवार, सूरज सागर, राजेश कुमार, रामपाल पटेल, रुक्मणी देवी, श्रीकृष्ण, हरिशंकर पटेल, छत्रपाल गौतम, जगदीश प्रसाद, हरिओम पटेल, शोभित पटेल, जितिन पटेल, अरविंद पासवान, अखिलेश कुमार, मुकेश कुमार, मनोहर लाल, रामपाल गंगवार, प्रेमपाल कश्यप, नरपति लाल, अरविंद गंगवार, श्रीपाल, धीरेन्द्र कुमार, प्रदीप कुमार, विक्रांत सिंह, अर्जुन कुमार राठौर, विमल कुमार राठौर, दीनदयाल, महेंद्र पाल, राजेश्वर, कृष्ण कुमार, सर्वेश कुमार, कुणाल कुमार, पुरुषोत्तम, अवनीश कुमार, दीपक कुमार, उद्देश्य पटेल, अनुज पटेल, प्रेमराज पासवान (पूर्व प्रधान) समेत तमाम सम्मानित नेता, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। साथ ही कार्यक्रम में मौजूद समाजवादी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में कहा कि 2027 के चुनाव में भाजपा को हराकर समाजवादी सरकार बनाई जाएगी और अखिलेश यादव को उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाया जाएगा।

# गोस्वामीज़ मॉम्स प्राइड स्कूल में पहली सीआईएससीई बोर्ड परीक्षा का हुआ आयोजन





**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**

जनपद के पहले और एकमात्र सीआईएससीई बोर्ड से संबद्ध विद्यालय गोस्वामीज़ मॉम्स प्राइड स्कूल में आज से पहली बोर्ड परीक्षा का आयोजन शुरू हुआ। यह परीक्षा मंगलवार 18 फरवरी से 26 मार्च 2025 तक आयोजित की जाएगी।
परीक्षा के प्रथम दिन शिक्षिकाओं ने विद्यार्थियों को तिलक लगाकर शुभकामनाएं दीं और परीक्षा के प्रति उनका मनोबल बढ़ाया। पहले दिन अंग्रेजी व्याकरण की परीक्षा आयोजित हुई, जिसमें छात्रों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। परीक्षा को सुनिश्चित और अनुशासित तरीके से संपन्न कराने के लिए सीआईएससीई बोर्ड से निरीक्षणकर्ता (इंविजीलेटर) विभिन्न विद्यालयों से उपस्थित रहे। साथ ही, पुलिस प्रशासन की ओर से सुरक्षा व्यवस्था भी प्रदान की गई, जिससे परीक्षा शांतिपूर्ण और व्यवस्थित रूप से संचालित हो सकी।

### विद्यालय प्रबंधन का गर्वमयी क्षण: निशांत गोस्वामी

इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक निशांत गोस्वामी ने कहा यह हमारे लिए गर्व की बात है कि हमारे विद्यालय में पहली बार सीआईएससीई बोर्ड परीक्षा का आयोजन किया गया। हमें पूरा विश्वास है कि हमारे छात्र उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे और अपने भविष्य को उज्ज्वल बनाएंगे।

### छात्रों का अनुभव और परीक्षा की सफलता

परीक्षा में सम्मिलित आर्यन, दिया, आभा, कृषिका, अनुज, पीयूष, परिचय, सिद्धि, वैशाली, वैष्णवी, आराध्या सिंह, सौम्या, तेजस्वी, आरुषि, तनिष्क, साक्षी समेत कई विद्यार्थियों ने अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि परीक्षा से पहले वे थोड़े घबराए हुए थे, लेकिन परीक्षा समाप्त होने के बाद उन्हें आत्मविश्वास और संतुष्टि महसूस हो रही है। विद्यालय के शिक्षकों और कर्मचारियों ने भी परीक्षा संचालन में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और छात्रों को परीक्षा के प्रति प्रेरित एवं मार्गदर्शित किया। हम अपने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं और उम्मीद करते हैं कि वे अपने मेहनत और प्रतिभा से स्कूल और जनपद का नाम रोशन करेंगे।

# बुलंदशहर से लौट रहे कार सवार दो कव्वालों की सड़क हादसे में मौत



- सात लोग गंभीर रूप से घायल, स्वजनों में चीत्कार नवाबगंज पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेजे दोनों शव

**जन एक्सप्रेस । पूरनपुर**

बुलंदशहर में कव्वाली की प्रस्तुति कर वापस लौट रहे कार सवारों को सामने से आ रही उत्तराखंड डिपो की रोडवेज बस ने जोरदार टक्कर मार दी।हादसे में कार सवार नौ कव्वाल गंभीर रूप से घायल हो गए। नबावगंज सीएचसी में चिकित्सकों ने दो लोगों मृत घोषित कर दिया।पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।
पूरनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव गहलुइया निवासी शईम बैग अरसद कमाली कव्वाल के नाम से पार्टी चलाते थे। वह सोमवार अपने बेटे अरसद, बब्लू, जावेद, ओर अकरम, शाहनूर निवासी गुलाब टांडा, सकून निवासी पूरनपुर के साथ बुलंदशहर मे कव्वाली का कार्यक्रम करने गए हुए थे। कार्यक्रम का समापन होने के बाद मंगलवार सभी इनोवा कार में सवार होकर घर वापस लौट रहे थे। बरेली हाईवे नाबावगंज थाना क्षेत्र के शाही पुलिस चौकी के निकट सामने से आ रही उत्तराखंड डिपो की रोडवेज बस और कार में आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई।तेज धमाके की आवाज से हाईवे पर खलबली मच गई।हादसे के बाद सैकड़ों राहगीर मौके पर एकत्र हो गए।घटना की जानकारी पर नाबावगंज पुलिस मौके पर पंहुच गई। कार में फंसे लोगों को बमुश्किल बाहर निकाला गया।हादसे में कार सवार सभी नौ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।एंबुलेंस की मदद से सभी नबावगंज सीएचसी ले जाया गया। हादसे के बाद हाईवे पर दोनों तरफ लंबा जाम लग गया। सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल शईम बैग निवासी गहलुइया, अकरम निवासी गुलाब टांडा को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। हादसे में घायल अरसद, बब्लू, जावेद सकून, शाहनूर का अस्पताल में उपचार चल रहा है। हादसे की जानकारी के बाद अस्पताल पंहुचे स्वजनों में चीत्कार मच गया। मृतक शईम के दस बच्चे हैं। जिसमें छह लड़का व चार लड़कियां हैं।

### जियो कंपनी के मैनेजर का लिफ्ट लेकर अपहरण


**जन एक्सप्रेस । मुजफ्फरनगर।** पानीपत-खटीमा हाईवे पर लिफ्ट लेकर मेरठ के जियो कंपनी के मैनेजर विपिन मलिक का तितावी थाना क्षेत्र में अपहरण कर लूटपाट की गई। नलकूप के कमरे में बंधक बनाकर पूरी रात पीटा गया। वारदात के बाद पीड़ित को जंगल में छोड़कर आरोपी फरार हो गए। पुलिस ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया। शामली जनपद के गांव मन्ना माजरा निवासी विपिन मलिक मेरठ में जियो कंपनी में मैनेजर है। वह रविवार रात मेरठ से कार में मुजफ्फरनगर होते हुए गांव जा रहा था। रास्ते से दो युवक लिफ्ट लेकर शामली जाने के लिए बैठ गए। तितावी क्षेत्र के गांव काजीखेड़ा के जंगल में लगभग साढ़े नौ बजे के करीब उन्होंने तमंचे निकालकर विपिन को आतंकित किया।

# खेत में पड़े मिले गोवंशीय पशु के अवशेष मिलने से मचा हड़कंप

**जन एक्सप्रेस । पूरनपुर**

खेत में गोवंशीय पशु के अवशेष मिलने से हड़कंप मच गया। हिंदूवादी संगठन की सूचना पर पंहुची पुलिस ने घटनास्थल पर पंहुचकर जांच की। अवशेष का सैंपल लेकर जांच के लिए भेजा गया। पुलिस की ओर से अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी लिखी गई है। गो तस्करों ने सोमवार देर रात पूरनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव रुरिया के निकट एक खेत में गोवंशीय पशु का वध कर दिया। मांस को लेकर फरार हो गए।अवशेष खेत में फेंक दिए। मंगलवार सुबह घटना की जानकारी पर राष्ट्रीय बजरंग दल (अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद) के कार्यकर्ता रामसेवक वर्मा, धनंजय मिश्रा सहित कई लोग मौके पर पहुंच गए।
खेत में गोवंशीय पशु की खाल, हड्डियां, सिर, खून पड़ा हुआ था।घटना की सूचना पुलिस को दी। गुस्साएं कार्यकर्ताओं ने घटना पर रोष व्यक्त किया। जानकारी पर कोतवाली अपराध निरीक्षक गजेंद्र सिंह टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने घटनास्थल पर जांच पड़ताल की। अवशेष का सैंपल लेकर जांच के लिए भेजा गया। पुलिस ने अन्य अवशेष को मिट्टी में दबा दिया गया। अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिक की लिखी गई।

# किसान पर झपट्टा मारने के बाद आबादी के निकट पहुंचा बाघ, हंगामा



**जन एक्सप्रेस । पूरनपुर**

जंगल से निकलकर गन्ने के खेत में छिपे बाघ ने खेत पर काम कर रहे किसान पर झपट्टा मार दिया। हमले में किसान बाल बाल बच गया। जानकारी के बाद मौके पर एकत्र हुए ग्रामीणों ने वन विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाकर हंगामा किया। सूचना पर पंहुची वन विभाग की टीम ने पगमार्क ट्रेस किए।
किशनपुर सेंचुरी के जंगल से निकला बाघ बीते एक सप्ताह से गन्ने के खेतों में चहलकदमी कर रहा है। थाना सेहरामऊ उत्तरी क्षेत्र के गांव सुल्तानपुर निवासी भगवानदीन मंगलवार दोपहर खेत पर काम कर रहे थे। इसी दौरान गन्ने में छिपे बाघ ने उन पर झपट्टा मार दिया। हमले में किसान बाल बाल बच गया। घटना की जानकारी पर सैकड़ो ग्रामीण एकत्र हो गए। शोर शराबा करने पर बाघ गन्ने के खेत में छुप गया। गुस्साएं ग्रामीणों ने वन विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाकर हंगामा किया। सूचना पर खुटार सामाजिक वानिकी क्षेत्रीय वनाधिकारी मनोज कुमार श्रीवास्तव टीम के साथ गांव पंहुचे। घटनास्थल पर पग मार्क ट्रेस किए। देर शाम बाघ गन्ने खेतों से निकलकर आबादी के निकट पंहुच गया। जिसके बाद ग्रामीण आक्रोशित हो गए। ग्रामीणों की वन विभाग की टीम से तीखी नोंकझोंक हुई। ग्रामीणों का आरोप है कि वन विभाग की टीम निगरानी के नाम पर खानापूर्ति कर रही है। जिससे ग्रामीणों को खतरा बना हुआ है। बाघ लगातार हमलावर हो रहा है। रेंजर मनोज कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि देर शाम बाघ आबादी के निकट एक ईंट भट्ठे के पास देखा गया है। टीम लगातार बाघ की मॉनिटरिंग कर रही है। बाघ को जंगल में खदेड़ने का प्रयास किया जा रहा है। ग्रामीणों को सतर्कता बरतने की सलाह दी जा रही है।

# विश्वविद्यालय में दलालों पर रोक लगाने के लिए कुलपति ने जारी किया दिशा निर्देश

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**



वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में दलालो पर रोक लगाने के लिए कुलपति ने सख्त कदम उठाया है। उन्होंने अधिकारियों को दलालों की चिन्हित करने के लिए दिशा निर्देश दिया है। उसके बाद दलालों पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बता दें कि कुलपति प्रोफ़ेसर वन्दना सिंह ने विश्वविद्यालय में चल रही दलाली पर रोक लगाने के लिए कड़ा कदम उठाया है।उन्होंने सभी प्रशासनिक अधिकारियों विभागाध्यक्षो या पटलो को पत्र जारी करते हुए निर्देश दिया है कि जो विश्वविद्यालय में बिचोलिया हो या अनाधिकृत बाहरी व्यक्ति हो आते हो या दलाल टाइप हो उन पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई हो। कुलपति प्रो बंदना सिंह को लगातार शिकायते मिल रही थी, कि विश्वविद्यालय में बाहरी दलाल टाइप के लोग सक्रिय हैं।
जिस पर रोक लगाने के लिए कुलपति प्रो वंदना सिंह ने कड़ा कदम उठाया है। इस संबंध में कुलपति ने विश्वविद्यालय में दलालों पर रोक लगाने के लिए सभी प्रशासनिक अधिकारी विभागाध्यक्ष व पटल सहायकों को निर्देश दिया है कि जो भी दलाल आते हैं उन्हें चिन्हित किया जाए। उनका फोटो भी कैच किया जाए और उनकी फोटो विश्वविद्यालय के वेबसाइट पर जारी किया जाए।
इसके अलावा दलालो की तस्वीर गेट पर चश्मा होगी, जिससे कोई छात्र-छात्राएं अभिभावक उनके ठगी का शिकार ना हो, दलालों के चलते विश्वविद्यालय की छवि धूमिल ना हो। इस पर उन्होंने कार्रवाई के लिए कड़ा कदम उठाया है, जो भी बिचोलिया बाहरी व्यक्ति या दलाल दलाली करते हुए पकड़ा जाएगा उसे पर विधिक कार्रवाई की जाएगी। इस बारे में कुलसचिव महेंद्र कुमार ने बताया है कि सभी विभाग प्रशासनिक अधिकारियों को दलालों को चिन्हित करने के लिए दिशा निर्देश दिया गया है। अब विश्वविद्यालय में दलाली पर रोक लगा दी जाएगी।

# जनसुनवाई एप पर गलत सूचना देकर निस्तारण करने का आरोप

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर। शाहगंज।** खेतासराय थाना क्षेत्र के सुम्बुलपुर गांव में एक सार्वजनिक रास्ते से अतिक्रमण हटाने के लिए दिए गए प्रार्थना-पत्र पर कार्रवाई के नाम पर लेखपाल ने प्रार्थी की निजी जमीन पर बिना नोटिस दिए बिना किसी न्यायालय के आदेश पर बुलडोजर चलवा दिया। इससे पीड़ित ने जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत किया। जिस पर लेखपाल द्वारा गलय रिपोर्ट लगा कर गुमराह करने का प्रार्थी ने आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी को प्रार्थना-पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। उक्त गाँव निवासी जुबेर अहमद ने बताया कि उसने गाटा संख्या 105, व 106 पर सार्वजनिक रास्ते पर अतिक्रमण हटाने के लिए समाधान दिवस पर प्रार्थना-पत्र देकर अतिक्रमण हटवाना चाह रहा थे, आरोप है कि हलक्स लेखपाल ने शिकायत की अनदेखी करते हुए क्षणिक लाभ के उसकी निजी जमीन गाटा संख्या 107 को निशाना बना दिया। बिना किसी सूचना या नोटिस के, जमीन पर जेसीबी चलवा दिया जिससे भारी नुकसान हुआ। जबकि रास्ते पर समस्या जस की तस बनी हुई है ग्रामीणों का आवागमन बाधित हो रहा है। पीड़ित ने जब आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई, तो लेखपाल ने वहां भी गलत रिपोर्ट प्रेषित कर मामले को गुमराह करने की कोशिश की और मामले को फर्जी ढंग से निस्तारण कर दिया पीड़ित ने इस अन्याय के खिलाफ जिलाधिकारी को पत्र लिखकर पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। जिलाधिकारी से जांच के लिए गुहार लगाने के साथ-साथ प्रार्थी ने दोषियों पर सख्त कार्रवाई और नुकसान की भरपाई की मांग की है। इस घटना से क्षेत्र में आक्रोश व्याप्त है और लोग प्रशासन से न्याय की उम्मीद कर रहे हैं।



### जफराबाद यूनियन बैंक: जहां, पब्लिक का काम करने से कतराते हैं कर्मचारी

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर। जफराबाद।** लगन शुरू होते ही बाजारों में हलचल बढ़ गयी है, ऐसे में पैसे के लेन देन में बैंकों को बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। बैंकिग सुविधा देखें तो यहाँ की प्रमुख बैंक यूनियन जो कि कस्बे के मुख्य बाजार में स्थित है। और यहाँ पर ए टी एम की सुविधा भी है, मगर वो सिर्फ बैंकिंग टाइम के लिए हैं, मतलब बैंक बंद तो ए टी एम बंद। या फिर यू कह लें कि बैंकिग टाइम से दो घंटे पहले ही बैंक के चैनल गेट बंद कर गॉर्ड द्वारा बैंक पब्लिक के लिये बंद बताया जाने लगता है, और सबसे खास बात तो यह है कि सब कुछ जानते हुए बैंक प्रबन्धक खामोश हैं। आप इस बैंक शाखा में दिन के तीन बजें के बाद अपने किसी बैंकिग से संबंधित आवश्यक कार्य हेतु प्रवेश नही कर सकते। जिसके चलते आम नागरिकों सहित व्यापारियों व दूर दराज से बाजारों में खरीददारी के लिए आये ग्राहकों की काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। क्षेत्र के सुनील कुमार, प्रकाश कुमार, इज़हार हुसैन, सुशीला देवी बताती हैं कि बैंकिग समय तक ए टी चलने से काफी दिक्कतें हो रही हैं।

# वासुदेव तपेश्वरी गर्ल्स इण्टर कॉलेज में आयोजित हुआ कार्यक्रम

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**




खेतासराय। वासुदेव तपेश्वरी गर्ल्स इंटर कॉलेज खेतासराय के 12वीं की छात्राओं का विदाई समारोह मंगलवार को संपन्न हुआ।
समारोह को संबोधित करते हुए सर्वोदय इंटर कॉलेज खुदौली के पूर्व प्रधानाचार्य अनिल कुमार उपाध्याय ने कहा कि विदाई शब्द ही बहुत मार्मिक होता है। आगामी दिनों में शुरू होने वाली यूपी बोर्ड इंटरमीडिएट की परीक्षा में सभी छात्राएं मेरिट सूची में अपना स्थान बनाएं।
यहां से निकल कर जाने वाली बेटियां आगे चलकर देश और समाज में अपने क्षेत्र का नाम रोशन करें।
श्री उपाध्याय ने छात्राओं से स्नातक, परास्नातक की शिक्षा प्राप्त करते हुए उत्तरोत्तर विकास कर देश9प्रदेश के विकास में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने की अपील करते हुए कहा की जब बेटे शिक्षित होते है तो केवल एक कुल को शिक्षित करते है। अपितु जब बेटियां शिक्षित होती है तो वह दो कुल को शिक्षित करती हैं। इसलिए बेटियों को समुचित शिक्षा प्रदान करना प्रत्येक माता पिता का धर्म। विद्यालय की प्रधानाचार्या सुनीता मिश्रा ने विद्यालय के जन्म समय से वर्तमान समय तक में उन सभी छात्राओं का जिक्र किया जो इस विद्यालय से इण्टर मीडिएट की शिक्षा प्राप्त कर आगे की शिक्षा (स्नातक/ परास्नातक एवं बी एड) आदर्श भारती महा विद्यालय, खेतासराय9 जौनपुर से प्राप्त कर शिक्षिका के पद पर आसीन होकर समाज में शिक्षा का अलख जगा रही हैं। प्रवक्ता सफिया खान ने छात्राओं को कड़ी परिश्रम कर अच्छा अंक प्राप्त करने की नसीहत दी।
प्रवक्ता विभा पांडेय ने छात्राओं को उनके प्रति वात्सल्य प्रेम प्रस्फुटित करते हुए कही की हमारी किसी भी छात्रा से व्यक्तिगत दुराव नही रहता आप लोगों के प्रति मैं जो कठोर होने का अभिनय करती हूं उसमे भी हमारा प्यार छुपा रहता है। वह सिर्फ आप लोगों को अच्छी शिक्षा प्राप्त कर अच्छे रास्ते पर चलने की प्रेरणा देना मात्र ही है। आदर्श भारती महा विद्यालय के प्राचार्य विनय कुमार सिंह ने बच्चियों को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रोताहित किया। अखिलेश चन्द्र मिश्र ने विदाई गीत प्रस्तुत कर उपस्थित सभी की आंखे नम कर दिए। सांस्कृतिक कार्यक्रम में छात्रा रिजा खान ने अपनी शायरी के माध्यम से शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। इस मौके पर सर्वोदय इंटर कॉलेज खुदौली के एन सी सी ऑफिसर राजेश यादव, विनोद मिश्र, आलोक श्रीवास्तव, सुनील उपाध्याय, किश्वरी सुल्ताना, सुधा रानी मिश्रा, पूनम विश्वकर्मा, राजेश यादव, दिनेश यादव उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अजय तिवारी ने किया।

### सड़क पर बेसुध हालत में मिले युवक की उपचार के दौरान मृत्यु, हत्या का आरोप



**जन एक्सप्रेस । पूरनपुर।** दोस्त के साथ घर से निकला बाइक सवार युवक बेसुध हालत में सड़क पर पड़ा मिला।पीलीभीत के एक निजी अस्पताल में उपचार के दौरान युवक की मृत्यु हो गई। स्वजनों ने हत्या का आरोप लगाया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। कार्रवाई के लिए कोतवाली पुलिस को तहरीर दी गई है। पूरनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव टांडा निवासी नीरज कुमार ने बताया कि उसका बड़ा भाई विनोद रविवार गांव रुदपुर निवासी एक युवक के साथ बाइक से गजरौला थाना क्षेत्र के गांव शिवनगर गया हुआ था। दोपहर बाद तक घर वापस न लौटने पर फोन से संपर्क किया।कई बार काल करने के बाद भी संपर्क नहीं हो सका।जिसके बाद तलाश शुरू की। खोजबीन के दौरान गजरौला थाना क्षेत्र के लालपुर सड़क पर युवक बेसुध हालत में पड़ा था।दोस्त ने नशे में होने की जानकारी दी।जिसके बाद बहनोई रमेश और भाई सेवाराम युवक को बेसुध हालत मे घर लाए। सोमवार सुबह तक युवक की हालत में सुधार नहीं हुआ। जिसके बाद स्वजनों ने युवक को पीलीभीत के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। सोमवार देर शाम युवक की उपचार के दौरान मृत्यु हो गई। स्वजन देर रात शव को लेकर घर पंहुचे। मंगलवार सुबह मामले की जानकारी पुलिस को दी गई। सूचना पर वरिष्ठ उप निरीक्षक ललित चौधरी गांव पंहुचे। मृतक के भाई ने दोस्त पर हत्या का आरोप लगाया। जिसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कार्रवाई के लिए पुलिस को तहरीर दी गई है। अपराध निरीक्षक गजेंद्र सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करायें बोर्ड परीक्षा, डीएम ने बैठक कर दिए अधीनस्थों को निर्देश

जन एक्सप्रेस । बाराबंकी



जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी की अध्यक्षता में लोकसभागार बारांबकी में माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा वर्ष 2025 की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा जनपद में शांति एवं शुचिता पूर्ण संपन्न करने के उद्देश्य से दो पाली में बैठक आहूत की गई। प्रथम पाली की बैठक में पुलिस अधीक्षक, अपर जिलाधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, अपर चिकित्साधिकारी, अधीक्षण अभियंता विद्युत, अधिशासी अभियंता नगरपालिका, जिला पंचायत राज अधिकारी, सहायक प्रबंधक रोडवेज, उपनियंत्रक संकलन केंद्र सहित जोन 1, 2 और 4 के अंतर्गत सेक्टर 1, 2, 3, 4, 6 एवं 7 के अंतर्गत कुल 56 केंद्रों के केंद्र व्यवस्थापक, वाह्य केंद्र व्यवस्थापक, सेक्टर मजिस्ट्रेट, जोनल मजिस्ट्रेट उपस्थित रहे। वहीं द्वितीय चरण की बैठक में पुलिस अधीक्षक, अपर जिलाधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, अपर चिकित्साधिकारी, अधीक्षण अभियंता विद्युत, अधिशासी अभियंता नगर पालिका, जिला पंचायत राज अधिकारी, सहायक प्रबंधक रोडवेज, उपनियंत्रक संकलन केंद्र सहित जोन 3, 5, 6 और 7 के अंतर्गत सेक्टर 5, 8, 9, 10 एवं 11 के अंतर्गत कुल 50 केंद्रों के केंद्र व्यवस्थापक, वाह्य केंद्र व्यवस्थापक, सेक्टर मजिस्ट्रेट, जोनल मजिस्ट्रेट उपस्थित रहे। इस बैठक में राज्य स्तरीय पर्यवेक्षक अपर शिक्षा अधिकारी जीवेंद्र सिंह उपस्थित रहे। बैठक में जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा जनपद में संचालित होने वाली परीक्षा के संबंध में परीक्षा केंद्रों, संवेदनशील केंद्रों , परीक्षार्थियों की संख्या एवं परिषदीय परीक्षा संबंधी दिशा निर्देशों से अवगत कराया। पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने निर्देश प्रदान करते हुए कहा कि बाराबंकी में नकल विहीन और शुचितापूर्ण परीक्षा की व्यवस्था हेतु पुलिस और प्रशासन सदैव आपके साथ है, किंतु सतर्कता और कानूनों का पालन करना परीक्षा से जुड़े लोगों का दायित्व है। छात्र-छात्राओं की सघन तलाशी की व्यवस्था प्रत्येक विद्यालय में हो, छात्राओं की सघन तलाशी एक अलग कक्ष में की जाने तथा परीक्षार्थियों के सामान रखने हेतु मुख्य द्वार पर टोकन से जमा करने की व्यवस्था सभी केंद्र व्यवस्थापक सुनिश्चित करें। बैठक में जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने केंद्र व्यवस्थापक, सेक्टर मजिस्ट्रेट, जोनल मजिस्ट्रेट, बाह्य केंद्र व्यवस्थापक को संबोधित करते हुए कहा कि परीक्षा में लगाए गए सभी अधिकारी अपनी उपस्थिति के तत्काल पश्चात् 21 बिंदुओं के उस चेक लिस्ट से भौतिक सत्यापन स्वयं भी सुनिश्चित करेंगे, और विसंगतियों की सूचना जिला विद्यालय निरीक्षक को अवगत कराएंगे। जिला विद्यालय निरीक्षक सचल दल की बैठक आयोजित कर उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश दें। परिवहन विभाग परीक्षा में परीक्षार्थियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए उस रूट पर वाहनों की व्यवस्था सुनिश्चित करें। स्वास्थ्य विभाग पीएचसी, सीएचसी, 108 एंबुलेंस को अलर्ट मोड पर रखे, नगरपालिका परिषद परीक्षा केंद्रों के आस-पास सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित करें तथा बेसिक शिक्षा अधिकारी, कक्ष निरीक्षकों की व्यवस्था समय पर सुनिश्चित करें। राज्य स्तरीय पर्यवेक्षक उप शिक्षा निदेशक, राज्य परियोजना कार्यालय, लखनऊ जीवेंद्र सिंह ऐरी ने कहा इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस के प्रति परीक्षा केंद्रों को विशेष सतर्कता बरतने की आश्यकता है। परीक्षा केंद्रों में परीक्षा तिथि के अलावा जिन तिथियों में परीक्षा नहीं है, उसमें सुरक्षा की अधिक आवश्यकता होगी। उपनियंत्रक प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कॉलेज द्वारा इन बैठकों में उत्तर पुस्तिकाओं की वितरण प्रणाली एवं संकलन केंद्र में बंडल जमा करने संबंधी दिशा निर्देशों के बारे में अवगत कराया अपर जिलाधिकारी नोडल परिषदीय परीक्षा प्रशासन इन्द्रसेन ने केंद्र व्यवस्थापकों से कहा कि आपके पास मजिस्ट्रेट का अधिकार है, विशेष परिस्थितियों में उसका उपयोग करे। परीक्षा से जुड़े सभी अधिकारी परीक्षा केंद्र पर एक घंटे पूर्व उपस्थित हो। सेक्टर मजिस्ट्रेट यह सुनिश्चित करें कि परीक्षा केंद्रों के आस-पास माइक, भीड़ आदि एकत्र न हो और परीक्षा अवधि में फोटोस्टेट आदि की दुकानें खुली न हो। चूंकि यह पर्वो का समय है, अतः सड़क पर जुलूस निकालने वालों से भ्रमणशील अधिकारी यह भी सुनिश्चित कराए, कि परीक्षा केंद्रों के आस-पास उनके माइक आदि बंद रहे। कोई भी अधिकारी निरीक्षण के दौरान परीक्षा केंद्रों पर फोटो आदि न खींचे।

# मानव कल्याण के लिए भगवान श्रीकृष्ण ने लिया धरती पर अवतार : वीरेंद्रानंद

जन एक्सप्रेस । बाराबंकी



**हैदरगढ़।** राजा कंस के द्वारा किए जा रहे पापों से जब धरती कराह रही थी तब हमारे लीलाधारी भगवान श्री कृष्ण का जन्म हुआ बाबा नंद के यहां पर खूब मंगल महोत्सव मनाया गया श्री कृष्ण जन्मोत्सव पर श्रोताओं ने जमकर उत्सव मनाया कस्बा हैदरगढ़ के भठखेड़ा वार्ड स्थित नई बस्ती में सुरेंद्र पांडे के आयोजन में हो रही श्रीमद् भागवत कथा मे नीमसार से आए कथा वाचक स्वामी वीरेंद्रा नंद पुरी जी महाराज ने कहा कि जब राजा कंस के अत्याचार से चारों तरफ हाहाकार मचा हुआ था धरती पापों के बोझ से दबी जा रही थी तब देवताओं की प्रार्थना पर हमारे नंद गोपाल का जन्म हुआ श्री कृष्ण जन्मोत्सव काफी धूप से मनाया गया इसके अलावा कथावाचक वीरेंद्रा नंद जी महाराज ने श्रोताओं को बताया कि भगवान का अवतार मानव कल्याण के लिए ही हुआ है श्री कृष्ण में बालपन में ही पुतना अघासुर बघासुर जैसे राक्षसों का अंत कर दिया व्यास जी ने यह भी बताया कि जिस स्थान पर जिस घर में क्षेत्र व बस्ती में श्रीमद् भागवत कथा होती है वह घर क्षेत्र बस्ती के लोग आनंदित हो जाते हैं और सारे पाप नष्ट हो जाते हैं उनका विकास नए सिरे से शुरू होता उन्होंने यह भी बताया कि लोगों के पास आज काफी धन होते हुए भी श्रीमद् भागवत कथा एवं अन्य धार्मिक आयोजन हाथों से नहीं हो पाते यह तभी हो पाता है जब पूर्वजों का आशीर्वाद पुण्य एकत्रित होता है तब उसके यहां ऐसे अनुष्ठान हो पाते हैं कथावाचक ने श्री कृष्ण लीलाओं का वर्णन बड़े ही मार्मिक ढंग से प्रस्तुत किया श्रोता भाव विभोर हो गए कथा में प्रमुख रूप से प्रेस क्लब अध्यक्ष राकेश पाठक ओम प्रकाश मिश्रा आचार्य आशीष तिवारी उमेश दत्त पांडे जमुना प्रसाद पांडे पत्रकार बृजेश मिश्रा गुड्डू मिश्रा प्रेम मिश्रा सुनील शुक्ला प्रहलाद मौर्य राजेश अवस्थी सहित भारी संख्या में पुरुष व महिलाएं उपस्थित रहे आए हुए अतिथियों का आयोजक सुरेंद्र दत्त पांडे ने स्वागत कर आभार जताया।

# दुर्घटना में घायल युवक को सीएचसी पहुंचाया गया



जन एक्सप्रेस । उन्नाव

**नवाबगंज।** मामा के घर से लौट रहे युवक का ऑटो अनियंत्रित हो कर खंती में पलट गया। गंभीर रूप से घायल युवक को एंबुलेंस ने सीएचसी पहुंचाया। चिकित्सक ने नाजुक हालत के चलते लखनऊ रेफर किया लखनऊ के थाना सरोजनी नगर में स्कूटर इंडिया निवासी पवन कश्यप पुत्र शिव शंकर 24 वर्ष का ननिहाल कुईथर गांव में है। सोमवार को वह अपने ऑटो से मामा रामबाबू के घर आया था। देर रात वापस जाने के दौरान अजगैन कोतवाली क्षेत्र के रवनहार गांव के समीप रिंग रोड पर अचानक अन्ना मवेशी आने से उसका ऑटो अनियंत्रित होकर खंती में पलट गया। जिससे पवन गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची एंबुलेंस ने उसे नवाबगंज सीएचसी में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने गंभीर हालत के चलते उसे लोक बंधु अस्पताल लखनऊ रेफर कर दिया।

# धन्नाग तीर्थ से रेस्क्यू किया गया विलुप्त प्रजाति का गिद्ध हो रहा है स्वस्थ



जन एक्सप्रेस । बाराबंकी

धन्नाग तीर्थ मंदिर से बीती 14 फरवरी को देवां रेंज की टीम द्वारा रेस्क्यू किए गए विलुप्त प्रजाति के गिद्ध का इलाज जारी है। बिजली के तारों से टकराने के कारण उसके दोनों पैर क्षतिग्रस्त हो गए थे, लेकिन अब उसका स्वास्थ्य धीरे-धीरे बेहतर हो रहा है। गिद्ध का इलाज देवां विकासखंड के पशु चिकित्साधिकारी खिलाड़ी शंकर की देखरेख में किया जा रहा है। डॉक्टरों की टीम उसकी सेहत पर लगातार नजर रख रही है और बेहतर रिकवरी के लिए उसे विशेष पोषणयुक्त आहार दिया जा रहा है। गिद्ध को मजबूती देने और उसके स्वास्थ्य में तेजी से सुधार लाने के लिए भोजन में चिकन दिया जा रहा है। विशेषज्ञों के अनुसार, यह आहार गिद्ध की प्राकृतिक खुराक से मेल खाता है, जिससे उसकी रिकवरी में मदद मिल रही है। गौतलब हो कि गिद्ध को खुज्जी ग्राम पंचायत, ब्लॉक निंदूरा के धन्नाग तीर्थ मंदिर क्षेत्र में देखा गया था, जहां वह घायल अवस्था में था। देवा रेंज की वन विभाग टीम ने तत्परता दिखाते हुए उसे सुरक्षित रेस्क्यू किया और तत्काल उपचार के लिए भेज दिया। गिद्ध विलुप्त होने की कगार पर हैं और पारिस्थितिकी तंत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इनकी घटती संख्या पर्यावरण के लिए एक गंभीर चिंता का विषय है। स्थानीय वन्यजीव प्रेमियों और प्रशासन ने इस गिद्ध के सफल रेस्क्यू और उपचार को पर्यावरण संरक्षण के लिए एक महत्वपूर्ण कदम बताया है।

वन विभाग और पशु चिकित्सकों की टीम पूरी कोशिश कर रही है कि गिद्ध जल्द से जल्द स्वस्थ हो जाए और उसे वापस प्राकृतिक वातावरण में छोड़ा जा सके।

इस घटना ने वन्यजीव संरक्षण की आवश्यकता को फिर से उजागर किया है, जिससे भविष्य में ऐसे मामलों में और भी तेजी से कार्रवाई की जा सके।

# नाबालिग बालिका से दुराचार, गांव में तनाव, पुलिस बल तैनात

जन एक्सप्रेस । बाराबंकी



**सिरौलीगौसपुर।** खेत पर फसल की रखवाली कर रही एक नाबालिग लड़की के साथ गांव के ही युवक ने जबरन दुराचार किया। घर पहुंच कर लड़की ने अपनी मां को घटना की जानकारी दी। इसके बाद पीड़िता के पिता ने पुलिस से शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के बाद हरकत में आई पुलिस ने पीड़िता को अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसका उपचार के बाद मेडिकल परीक्षण कराया गया। विषेश समुदाय के युवक द्वारा किए गए इस घिनौने कृत्य से गांव में आक्रोश फैल गया। आक्रोशित ग्रामीणों ने रात में आरोपी युवक का घर घेर लिया। इसके बाद सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों को समझा बुझाकर शांत कराया। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। गांव में तनाव को देखते हुए पुलिस तैनात की गई। कोतवाली बदोसरांय क्षेत्र के एक गांव में सोमवार को सुबह नाबालिग लड़की अपने खेत पर आलू की फसल की रखवाली कर रही थी। इसी दौरान लड़की का पड़ोसी युवक खेत पर पहुंचा और लड़की को गेहूं के खेत में हाथ पकड़ कर खींच ले गया। इसके बाद जबरन दुराचार किया। दुराचार के दौरान लड़की की हालत खराब हो गई तो युवक उसे छोड़कर भाग गया। लड़की किसी तरह घर पहुंच कर अपनी मां को घटना के बारे में बताया। इसके बाद परिवार और मोहल्ले में हड़कंप मच गया। पीड़ित लड़की के पिता की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया। पीड़ित लड़की का संयुक्त चिकित्सालय सिरौलीगौसपुर में उपचार किया गया। मंगलवार को सीओ रामनगर ने बदोसरांय पुलिस के साथ गांव पहुंच कर स्थित का निरीक्षण किया।

लड़की का मेडिकल परीक्षण कराया गया। इस सम्बन्ध में क्षेत्राधिकारी रामनगर सौरभ श्रीवास्तव ने बताया कि आरोपी को गिरफतार कर जेल भेज दिया गया है।

# पं.दीनदयाल उपाध्याय सनातन धर्म विद्यालय में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो



विनोद तहसील क्षेत्र के तातियागंज में पं दीनदयाल उपाध्याय सनातन धर्म विद्यालय तात्यागंज में मंगलवार को वार्षिक खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया प्रतियोगिता का शुभारम्भ मुख्य अतिथि विधायक राहुल बच्चा सोनकर, बिजेंद्र द्विवेदी (छुष्टक्क) कानपुर नगर एवं विद्यालय की प्रबंधिका श्रीमती नीतू सिंह जी व विद्यालय के डायरेक्टर क्षत्रवीर सिंह ने दीप प्रज्वलन एवं मशाल जलाकर किया। मुख्य अथिति ने खेलों की महत्ता एवं विद्यार्थियों के उत्तम स्वास्थ्य हेतु विचार प्रस्तुत करते हुए कहा कि आज समाज में सबसे ज्यादा समस्या मनोरोगों की हैं और हमारे व्यायाम करने से इस समस्या का निदान होता है। इसी विचार धारा पर बढ़ते हुए विद्यार्थियों ने खेलों में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। विद्यालय में 100, 200, 400 मीटर की दौड़, गोला फेक आदि प्रतियोगितायें आयोजित हुई। पूरा विद्यालय चार कुंजो में विभाजित किया गया था जिनके नाम हैं- शक्ति कुंज, सत्य कुंज, शौर्य कुंज और धैर्य कुंज इस अवसर पर इन उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को पारितोषिक एवं प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया गया। इस खेल उत्सव में विभिन्न प्रकार कर सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। जिसका संचालन विद्यालय के छात्र सिद्धी वर्मा और मुकुन्द पाण्डेय ने सयुक्त रूप से किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती रेखा निगम जी ने सभी प्रतिभागी छात्रों की भूरि- भूरि प्रशंसा की तथा भविष्य में भी अच्छी खेल भावना के साथ उत्कृष्ट खेल खेलने को प्रेरित किया ।उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों को अनुशासित रहते हुए अपने खेल को खेलना चाहिए। एक स्वस्थ्य शरीर में ही एक स्वस्थ्य मस्तिष्क का निवास होता हैं।

# शिवराजपुर खंड शिक्षा कार्यालय में हमारा आंगन हमारे बच्चे उत्सव में अभिभावकों को किया जागरूक

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर/ कानपुर नगर




बिल्हौर तहसील के शिवराजपुर ब्लॉक संसाधन केंद्र प्रांगण में सुरजीत कुमार सिंह (जि. बे. शिक्षा अधिकारी) के संरक्षण एवं कृपा शंकर यादव (खंड शिक्षा अधिकारी) के दिशा निर्देशन में हमारा आंगन हमारे बच्चे उत्सव÷ 2025 का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि श्री आनंद शुक्ला (सभासद वार्ड नंबर 35 कल्याणपुर) तथा विशिष्ट अतिथि राजेश यादव (एस.आर.जी) ने दीप प्रज्जवलन एवं मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण के साथ कार्यक्रम का शुभारंभकिया। खंड शिक्षा अधिकारी ने कार्यक्रम के उद्देश्य एवं रूपरेखा का संक्षिप्त परिचय दिया टीम एआरपी तथा नोडल शिक्षक संकुल टीम द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का परिचय, माता उन्मुखीकरण, आदर्श बाल वाटिका, वंडर बॉक्स का प्रस्तुतीकरण करके कार्यक्रम को उद्देश्यपूर्ण बनाया। राजेश यादव ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए विद्यालय को निपुण बनाने हेतु महत्वपूर्ण बिंदुओं पर शिक्षकों को सुझाव दिए। इस अवसर पर मंडलीय क्रीडा प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक विजेता प्राथमिक विद्यालय महिपालपुर के विकास एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय जादेपुर घस्सा की गोल्डी को मुख्य अतिथि ने क्रीड़ा किट तथा विशेष उपहार प्रदान करते हुए आशीर्वाद दिया।

विकासखंड की बाल वाटिका आंगनबाड़ी तथा प्राथमिक स्तर से चयनित 45 निपुण बच्चों को प्रशस्ति पत्र एवं उपहार देकर उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में दिलीप यादव, गजेंद्र सिंह, शैलेंद्र यादव, वरुण प्रजापति, प्रदीप शर्मा, सीमा कुमारी, डॉ.प्रगति रघु सक्सेना, रूपांजलि, रेनू वर्मा, संध्या यादव, नलिनी चतुर्वेदी, पद्मा शुक्ला, पुष्पेंद्र सिंह, संगीता शर्मा ने अपना पूर्ण सहयोग प्रदान किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में नोडल शिक्षक, आंगनवाड़ी कार्यकत्री एवं अभिभावकों ने प्रतिभाग किया।

# चौपाल लगाकर जानी सरकारी योजनाओं की हकीकत



जन एक्सप्रेस । उन्नाव

**नवाबगंज।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के विशेष निरीक्षक खुशवन्त सिंह सेठी ने विकास खण्ड के सोहरामऊ और अजगैन गांव में मंगलवार को चौपाल लगाकर केन्द्र सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में ग्रामीणों से बातचीत की। ग्रामीणों से मनरेगा, आवास, शौचालय, पेंशन आदि योजनाओं के बारे में जानकारी ली। सोहरामऊ में दिव्यांग धून बाजपेई और अंकित श्रीवास्तव द्वारा पेन्शन न आने की शिकायत पर मौजूद डीपीआरओ रामधर वर्मा ने बताया कि केवाईसी अपडेट न होने से पेंशन रुकती है। जिन लाभार्थियों ने अपनी केवाईसी करा ली है उनकी पेंशन आ रही है। गांव की रन्नो देवी व रामरानी ने आवास और शौचालय न मिलने की शिकायत की। प्रधान राहुल बाजपेई ने बताया कि इस बार फार्म भरे गये है। इनके आवास जल्द आ जायेगें। अजगैन में भी पंचायत भवन पर चौपाल लगाकर ग्रामीणों से सरकार की योजनाओं के बारे में चर्चा की। उन्होंने बताया कि केन्द्र सरकार की योजनाओं की क्षेत्र में हकीकत जानने आये थे। इसकी रिपोर्ट बनाकर केन्द्र सरकार के ग्राम विकास विभाग को भेजा जायेगा। इस दौरान प्रधान पूनम तिवारी, एडीओ पंचायत राजेश कुमार, एडीओ आईएसबी मनोज कुमार समेत काफी लोग मौजूद रहे।

## एक्सप्रेस खबरें...

### राज्य वित्तीय सहायता से निर्मित सार्वजनिक शौचालय का लोकार्पण

जन एक्सप्रेस । उन्नाव। शुक्लागंज। नगर के मरहला चौराहा के निकट मंगलवार को नवनिर्मित सार्वजनिक शौचालय का लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडे और अधिशासी अधिकारी मुकेश कुमार मिश्र ने फीता काटकर शौचालय का उद्घाटन किया। यह शौचालय स्वच्छ भारत मिशन और राज्य वित्तीय सहायता से निर्मित किया गया है। मॉडल शौचालय में कुल 9 सीट्स में 1 महिला 1 पुरुष और 1 दिव्यांगजनों के लिए अलग से सुविधाएं उपलब्ध हैं। इसके अलावा, यहां 2 स्नानघर भी बनाए गए हैं, जिनमें 1 महिला और 1 पुरुष के लिए अलग-अलग व्यवस्था है। शौचालय में प्रयोक्ताओं की सुविधा के लिए 2 वाश बेसिन, शीशा, हैंड ड्रायर और इंसीनरेटर जैसी आधुनिक सुविधाएं भी मुहैया कराई गई हैं। पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडे ने इस अवसर पर कहा कि यह शौचालय नगरवासियों के लिए एक बड़ी सुविधा साबित होगा और स्वच्छता अभियान को बढ़ावा देगा। उन्होंने कहा कि नगर पालिका का उद्देश्य शहर को स्वच्छ और सुविधाजनक बनाना है। अधिशासी अधिकारी मुकेश कुमार मिश्र ने भी इस परियोजना की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयासों से नगर की स्वच्छता और सुंदरता में वृद्धि होगी। इस आयोजन के दौरान नगर पालिका के अन्य अधिकारी और स्थानीय नागरिक भी मौजूद रहे। सभी ने इस शौचालय के निर्माण की सराहना की और इसे नगरवासियों के लिए एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

### दही थाना व एस ओ जी उन्नाव टीम को मिली बड़ी सफलता, चरस तस्कर गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । पंकज यादव। उन्नाव। पुलिस अधीक्षक जनपद उन्नाव के कुशल निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी व क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल



पर्यवेक्षण में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना दही पुलिस व स्वाट की संयुक्त टीम द्वारा 04 किलो 630 ग्राम चरस के साथ दो अंतर्जनपदीय तस्करों को गिरफ्तार किया गया। सोमवार की रात्रि में थाना दही पुलिस एवं स्वाट टीम द्वारा संदिग्ध व्यक्ति/वाहनों की चेकिंग के दौरान थाना दही क्षेत्रांतर्गत अंधेरी पुल के नीचे से अभियुक्तगण रशीद अहमद उर्फ छोटू अहमद पुत्र तजम्मुल उर्फ असरानी निवासी 183/08 फेस- 2 काशीराम कॉलोनी थाना चकेरी जनपद कानपुर नगर व 02. मोहम्मद अली पुत्र मोहम्मद शमी निवासी 99/234 नाला रोड कंघी मोहाल थाना बजरिया जनपद कानपुर नगर को कब्जे से 04 किलो 630 ग्राम अवैध चरस (कीमत करीब 23 लाख रुपये) बरामद कर गिरफ्तार किया गया। पूछताछ मे अभियुक्तगण द्वारा बताया गया कि उनके द्वारा जनपद बाराबंकी से चरस लाकर कानपुर व उन्नाव मे बिक्री की जाती थी। गिरफ्तारी व बरामदगी के सन्दर्भ में थाना दही पर मु0अ0सं0 36/25 धारा 18/20 एनडीपीएस एक्ट बनाम रशीद व मोहम्मद अली उपरोक्त पंजीकृत किया गया है, आवश्यक कार्यवाही की जा रही है गिरफ्तार करने वालो में मुख्य रुप से थानाध्यक्ष संजीव कुमार, उ0नि0 मो0 रफीक अरविन्द कुमार सिंह. हे0का0 रजनीश सिंहअवनीश चौधरी का0 तेजवीर सिंह कृष्ण प्रताप सिंह अमित पवार स्वाट टीम उन्नाव से निरी0 जय प्रकाश यादव (स्वाट टीम प्रभारी) उ0नि0 ज्ञान सिंह हे0का0 आशीष मिश्रा, का0 रवि कुमार गौरव कुमार विकास भदौरिया, नितीश यादव शुभम कुमार यशवीर रहे।

### नगर पालिका द्वारा अतिक्रमण हटाने का चलाया गया अभियान

जन एक्सप्रेस। उन्नाव। शुक्लागंज। नगर पालिका ने मंगलवार को फोरलेन से अतिक्रमण हटाने के लिए एक बड़ा अभियान चलाया। इस अभियान की शुरुआत



स्थानीय दुर्गा मंदिर से हुई। पालिका के कार्यकारी अधिकारी (ईओ) मुकेश कुमार मिश्रा के निर्देश पर अवर अभियंता घनश्याम मौर्या और एसवीएम प्रभारी अनूप शुक्ला ने पालिका कर्मियों के साथ मिलकर फोरलेन के किनारे जाम का कारण बने अस्थाई अतिक्रमण को हटाने के लिए जेसीबी मशीन का प्रयोग किया। अभियान के दौरान पालिका टीम ने सड़क किनारे लगे होर्डिंग, बैनर, टट्टर, टिनशेड, छप्पर आदि को ध्वस्त कर दिया। सब्जी मंडी के पास सड़क पर डंप की गई भवन निर्माण सामग्री को भी ट्रैक्टर-ट्रॉली में लादकर पालिका कार्यालय पहुंचाया गया। पालिका के इस कदम से सड़क किनारे जमा दुकानदारों में हड़कंप मच गया और उन्होंने अपना सामान बटोरना शुरू कर दिया। हालांकि, पालिका की टीम ने किसी भी तरह के अतिक्रमण को बर्दाश्त नहीं किया और सख्ती से कार्रवाई की। ईओ मुकेश कुमार मिश्रा ने बताया कि यह अभियान लगातार चलाया जाएगा ताकि सड़कों को अतिक्रमण मुक्त बनाया जा सके और यातायात व्यवस्था में सुधार हो सके। उन्होंने कहा कि नगर पालिका का उद्देश्य शहर को सुव्यवस्थित और साफ-सुथरा बनाना है। इसके लिए अतिक्रमण हटाने के साथ-साथ जनता को जागरूक करने का भी प्रयास किया जाएगा। हालांकि, अभियान की एक चौंकाने वाली बात यह रही कि पालिका की टीम के वापस लौटते ही कुछ लोगों ने सड़क किनारे फिर से ठेले, गुमटी और अन्य सामान रखना शुरू कर दिया।

# शैक्षिक गुणवत्ता बेहतर करना सरकार की मंशा : सुशील पाण्डेय

जन एक्सप्रेस । बस्ती



मंगलवार को बीआरसी हरैया के प्रांगण में मंगलवार को बेसिक शिक्षा एवं बाल विकास पुष्टाहार विभाग के संयुक्त तत्वाधान में ब्लॉक स्तरीय हमारा आंगन हमारे बच्चे उत्सव का आयोजन खंड शिक्षा अधिकारी विजय आनंद की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि खंड विकास अधिकारी हरैया सुशील कुमार पाण्डेय और प्रभारी बाल विकास परियोजना अधिकारी द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण पर और दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया। प्राथमिक विद्यालय तेनुआ की बच्चियों द्वारा सरस्वती वंदना और स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। अतिथियों द्वारा विकासखंड के कुल 11 न्याय पंचायत से 55 निपुण बच्चों को बैग और स्टेशनरी देकर पुरस्कृत किया गया। इसके साथ ही राष्ट्रीय स्तर पर खो-खो प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के लिए संविलियन उच्च प्राथमिक विद्यालय निपनिया के पांच बच्चों को स्मृति चिन्ह देकर उनका हौसला बढ़ाया गया। मुख्य अतिथि ने कहा कि सरकार की मंशा है कि परिषदीय विद्यालयों की गुणवत्ता अच्छी हो। हमारे परिषदीय विद्यालयों के बच्चे किसी भी स्तर से निजी स्कूलों से कम ना रहें इसके लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है। निपुण बच्चों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि इनकी मेहनत काबिले तारीफ है अन्य बच्चे भी इससे सीख लें और बेहतर करने का प्रयास करें ताकि वह भी पुरस्कृत हों। खंड शिक्षा अधिकारी ने कहा कि छोटे बच्चों को शिक्षित करने की जितनी जिम्मेदारी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व शिक्षकों की है उतनी ही नामांकन व नियमित उपस्थिति का ध्यान रखने की जिम्मेदारी अभिभावकों की भी है। बच्चों की नियमित उपस्थिति के लिए अभिभावकों को प्रेरित किया जाय। कहा कि अधिक से अधिक बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ना हम सभी का दायित्व है। कार्यक्रम के संदर्भदाता एआरपी गिरिजेश बहादुर सिंह, उदय प्रताप सिंह, संदीप सिंह, उमेश सिंह, सुनील बौद्ध ने विभागीय योजनाओं के बारे में जानकारी साझा की। कहा कि अच्छी शैक्षिक गुणवत्ता से हमारे बच्चे बेहतर परिणाम दे रहे हैं और पुरस्कृत हो रहे हैं। इसी तरह सभी बच्चों को मेहनत करने की आवश्यकता है। कार्यक्रम का संचालन योगेश कुमार सिंह ने किया। इस अवसर पर प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष रामसागर वर्मा, सत्यराम वर्मा, नरेंद्र पाण्डेय, इश्तियाक अहमद, सर्वदेव सिंह, अमरचंद वर्मा, मनोज मिश्र, रामतौल शर्मा, चंदा रानी, निरुपमा तिवारी, अखिलेश सिंह, आदित्य सिंह, शोभाराम, हरी सिंह, राम नरेंद्र, सुनील कुमार, ऋषि सिंह, राजेश वर्मा, दिवाकर सिंह, जमुना, राकेश आदि उपस्थित रहे।

# एनएफआरए की कंपनियों-फर्मों की होगी जांच: सुप्रीम कोर्ट

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट चार्टर्ड अकाउंटेंट और अकाउंटिंग फर्मों को कारण बताओ नोटिस जारी करने, जांच करने और कदाचार के लिए दंडित करने की शक्ति के बारे में राष्ट्रीय वित्तीय रिपोर्टिंग प्राधिकरण (एनएफआरए) की याचिका पर विचार करने के लिए सहमत हो गया। एनएफआरए ने 7 फरवरी को दिए गए एक फैसले में दिल्ली हाईकोर्ट के कुछ निर्देशों पर आपत्ति जताते हुए शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाया। हाईकोर्ट ने कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 132(4) की वैधता को बरकरार रखा, जो एनएफआरए को किसी भी ऑडिट के संबंध में व्यक्तिगत भागीदारों और सीए के साथ-साथ ऑडिटिंग फर्मों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही शुरू करने का अधिकार देता है। हालांकि, इस फैसले में कई ऑडिटिंग फर्मों, जैसे डेलॉइट हास्किन्स एंड सेल्स एलएलपी और फेडरेशन ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स एसोसिएशन को जारी किए गए कारण बताओ नोटिस को इस आधार पर रद्द कर दिया कि एनएफआरए की ओर से अपनाई गई प्रक्रिया में स्पष्ट रूप से तटस्थता और निष्पक्ष मूल्यांकन के गुणों का अभाव था। हाईकोर्ट ने कहा कि एनएफआरए के वही अधिकारी, जो ऑडिटिंग फर्मों और सीए को कारण बताओ नोटिस जारी करते हैं, मुद्दों की जांच के बाद दंड पर फैसला नहीं दे सकते। मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने एनएफआरए की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता की दलीलों पर ध्यान देने के बाद उच्च न्यायालय के फैसले के खिलाफ एनएफआरए की याचिका पर ऑडिटिंग फर्मों और अन्य को नोटिस जारी किया। हालांकि, शीर्ष अदालत प्रथम दृष्टया इस दलील से सहमत नहीं थी कि एनएफआरए के तीन अधिकारियों को ऑडिटरों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के बाद जांच निर्णय प्रक्रिया जारी रखने की अनुमति दी जाए और इस बीच उच्च न्यायालय के फैसले पर रोक लगाई जाए।



### सोलन मेयर को किया बहाल, अयोग्यता को बताया राजनीतिक गुंडागर्दी

सुप्रीम कोर्ट ने सोलन की मेयर उषा शर्मा की अयोग्यता को राजनीतिक गुंडागर्दी बताते हुए उन्हें शेष कार्यकाल के लिए उनके पद पर बहाल कर दिया। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने 20 अगस्त, 2024 के अपने आदेश को निरपेक्ष करार दिया, जिसके तहत उसने उनकी अयोग्यता पर रोक लगा दी थी। पीठ ने उन्हें हटाने को पुरुष पक्षपात का मामला करार दिया था। पीठ ने मामले को एक साल बाद स्थगित करते हुए कहा, 20 अगस्त, 2024 के अंतरिम आदेश में किसी भी तरह का हस्तक्षेप करने पर परिणाम भुगतने होंगे। प्रतिवादियों के वकील देवदत्त कामत ने हस्तक्षेप करने की कोशिश की, तो पीठ ने कहा कि वह वर्तमान में आदेश में कोई भी प्रतिबंध नहीं लगाना चाहती, क्योंकि यह राजनीतिक गुंडागर्दी का मामला है।

### 17 कोर्ट हैं, तुषार मेहता हर जगह नहीं हो सकते

जस्टिस गवई ने कहा कि यहां 17 कोर्ट हैं, तुषार मेहता हर कोर्ट में नहीं हो सकते। बाद में एक अन्य मामले पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से कहा, पश्चिम बंगाल के मामले में आपकी तरफ से कोई नहीं आया। यह बहुत दुखद तस्वीर पेश करता है कि केंद्र महत्वपूर्ण मामलों में दिलचस्पी नहीं रखता है। आपके पैनल में बहुत सारे कानूनी अधिकारी हैं, बहुत सारे वरिष्ठ वकील हैं और एक भी वकील मौजूद नहीं था। सॉलिसिटर जनरल के अनुरोध पर, पीठ ने मामले को दो सप्ताह के लिए स्थगित कर दिया।

## 3600 करोड़ के अगस्ता वेस्टलैंड घोटाले में आरोपी क्रिश्चियन मिशेल को बड़ी राहत, सुप्रीम कोर्ट ने दी जमानत

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने अगस्ता वेस्टलैंड मामले में छह साल से हिरासत में बंद ब्रिटिश नागरिक क्रिश्चियन मिशेल जेम्स को जमानत दे दी। मिशेल अगस्ता वेस्टलैंड हेलीकॉप्टर घोटाले में कथित तौर पर बिचौलिया था। सीबीआई और ईडी 3600 करोड़ रुपये के 12 वीवीआई हेलीकॉप्टर्स की खरीद में उसकी भूमिका की जांच कर रही हैं। उसे दुबई से प्रत्यर्पित किए जाने के बाद दिसंबर 2018 में हिरासत में लिया गया था। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने कहा कि जेम्स पिछले छह साल से हिरासत में है, जबकि मामले की जांच अभी भी जारी है। शीर्ष अदालत ने कहा कि जेम्स को निचली अदालत द्वारा तय शर्तों के अधीन जमानत पर रिहा किया जाएगा। जेम्स ने मामले में जमानत देने से इनकार करने के दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देते हुए शीर्ष अदालत का रुख किया था।

### सीबीआई और ईडी ने दर्ज किए हैं अलग-अलग मामले

अगस्ता वेस्टलैंड घोटाले के संबंध में सीबीआई और प्रवर्तन निदेशालय ने दो अलग-अलग मामले दर्ज किये हैं। गौरतलब है कि 3,600 करोड़ रुपये का यह कथित घोटाला अगस्ता वेस्टलैंड से 12 वीवीआईपी हेलीकॉप्टरों की खरीद से संबंधित है। क्रिश्चियन मिशेल जेम्स ब्रिटेन का निवासी है। उसे दिसंबर 2018 में दुबई से प्रत्यर्पित किया गया था।

### सर्जरी की व्यवस्था कराने के दिए थे निर्देश

12 जनवरी को दिल्ली की एक अदालत ने एम्स को अगस्ता वेस्टलैंड मामले में जेल में बंद ब्रिटिश नागरिक क्रिश्चियन मिशेल जेम्स के लिए हिप रिप्लेसमेंट सर्जरी की व्यवस्था करने का निर्देश दिया था। विशेष न्यायाधीश संजीव अग्रवाल ने मिशेल की याचिका पर यह आदेश दिया। याचिका में मिशेल ने दावा किया गया था कि उनकी टोटल हिप रिप्लेसमेंट सर्जरी को टाला नहीं जा सकता था क्योंकि वह दिन-प्रतिदिन की गतिविधियों में अत्यधिक दर्द से पीड़ित हैं। 2018 में ब्रिटेन से प्रत्यर्पित किए गए मिशेल ने दावा किया कि अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के डॉक्टरों ने सर्जरी की सलाह दी है।

### सुप्रीम कोर्ट से खारिज हो चुकी जमानत याचिका

मिशेल जेम्स की जमानत याचिका 2023 में सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दी थी। उसने सुप्रीम कोर्ट में दाखिल याचिका में कहा था कि उसे इस आधार पर जमानत पर रिहा किया जाए कि वह मामलों में आधी सजा काट चुका है।

### दुष्कर्म मामले में बिहार सरकार व आईपीएस अधिकारी को सुप्रीम नोटिस

सुप्रीम कोर्ट ने आईपीएस अधिकारी के खिलाफ दर्ज एफआईआर को रद्द करने वाले पटना हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ बिहार पुलिस की महिला अधिकारी की याचिका पर विचार करने को सहमत हो गया। महिला ने आरोप लगाया है कि उसने शादी का झूठा वादा करके उसके साथ दुष्कर्म किया था। कोर्ट ने मामले की सुनवाई अगले महीने 24 मार्च को तय की है। जस्टिस केवी विश्वनाथन और जस्टिस एसवीएन भट्टी की पीठ ने मामले में बिहार सरकार और आईपीएस अधिकारी पुष्कर आनंद को नोटिस जारी किया है। महिला वर्तमान में पटना सीआईडी में पुलिस अधीक्षक (एसपी) के पद पर तैनात है।

### इंदौर के पास भोपाल गैस त्रासदी के कचरे के निपटान पर केंद्र, मप्र सरकार को नोटिस

सुप्रीम कोर्ट ने 1984 की भोपाल गैस त्रासदी के खतरनाक कचरे का इंदौर के पास निपटान करने के मामले में केंद्र, मध्य प्रदेश और उसके प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से जवाब मांगा है। अब बंद हो चुकी यूनियन कार्बाइड फैक्ट्री के लगभग 377 टन खतरनाक कचरे को भोपाल से 250 किलोमीटर और इंदौर से लगभग 30 किलोमीटर दूर धार जिले के पीथमपुर औद्योगिक क्षेत्र में स्थानांतरित कर दिया गया। शीर्ष अदालत ने स्वास्थ्य के अधिकार और इंदौर शहर समेत आसपास के क्षेत्रों के निवासियों के लिए जोखिम के मौलिक मुद्दे को उठाने वाली याचिका पर ध्यान दिया। जस्टिस बीआर गवई व जस्टिस एजी मसीह की पीठ ने मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के 3 दिसंबर, 2024 और इस साल 6 जनवरी के आदेशों को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई करने पर सहमति जताई।

### भारतीय अमृत काल को समर्पित, सुशासन संवाद अभियान

वर्तमान जगत कालचक्र परिवर्तन की बेला को अनुभूत कर रहा है। आधुनिक भारत अपने स्वातंत्र्य एवं गणतंत्र के अमृत काल में है। हमारी दैनंदिन गतिविधियों में भारत की सांस्कृतिक विरासत की झलक परिलक्षित हो रही है। स्वाभाविकत: समस्त संसार की दृष्टि भारत की ओर है, विकास की अक्षुण्य धारा प्रत्येक घटक तक पहुंचे तथा प्रत्येक घटक की विकसित भारत की संकल्पना को मूर्तरूप देने में स्पष्ट भूमिका उल्लेखित हो यह समय की महती आवश्यकता है। किसी भी राष्ट्र के उन्नयन में शासन - प्रशासन के साथ नागरिकों की भूमिका का महत्वपूर्ण योगदान होता है। आज विकसित भारत की यात्रा में प्रत्येक भारतवासी के नागरिक कर्तव्यों एवं लोकमत परिष्कार की स्पष्ट धारा का प्रवाहमान स्वरूप अपेक्षित है। भारत की महान सांस्कृतिक विरासत ने समय-समय पर विविध स्वरूप में संसार को दिग्दर्शन प्रदान किया है। भारत की राजनैतिक परंपरा में मर्यादा पुरुषोत्तम राजा रामचन्द्र जी ने आदर्श राज व्यवस्था के परिपालक के रूप में संपूर्ण सृष्टि का परिपोषण किया।भगवान श्री राम को सृष्टि ने आदर्श राजा के रूप में अंगीकृत किया। प्रत्येक समाज के मध्य एक आदर्श राज्य व्यवस्था के रूप में राम राज्य की संकल्पना को चरितार्थ करने की भावना स्वभाविक ही है। परंतु कोई भी राज्य व्यवस्था शासन-प्रशासन के साथ-साथ नागरिकों की स्पष्ट भूमिका के बगैर अधूरी है। भारतीय गणतंत्र ने लोकतांत्रिक शासन प्रणाली को स्वीकार किया है। इसके अंतर्गत प्रत्येक नागरिक के व्यक्तिगत एवं सामाजिक कर्तव्य निर्वहन की स्पष्ट भूमिका है। हमारे नागरिक कर्तव्य एवं लोकमत का समय-समय पर परिष्करण अत्यन्त महत्वपूर्ण एवं आवश्यक कार्य है। अत: आधुनिक भारत के अमृत काल में नागरिक कर्तव्यों एवं लोकमत परिष्कार को केंद्रित एक बृहद सुशासन संवाद का अभियान प्रस्तावित है। आदर्श राज्य व्यवस्था के पर्याय रामराज्य की आधारभूमि अयोध्या परिक्षेत्र से प्रारंभ होकर यह अभियान अपनी परिणति तक पहुंच सके इस निमित्त एक विस्तृत कार्य योजना बनी है। हम आपसे इस अभियान को पूर्णता प्रदान करने में अपेक्षित सहयोग की कामना करते हैं।



ई. रवि तिवारी

*- कृपया इस कल्याणकारी अभियान में समस्त पूर्वाग्रह से मुक्त एवं परिष्कृत मनोभाव से समस्त प्रकार से आपका सहयोग हमें प्राप्त हो, इस हेतु आग्रह स्वीकार कर हमें कृतार्थ करें।*

## केरल में फर्जी सीएसआर फंड घोटाले में बड़ी कार्रवाई, ईडी ने कई इलाकों में मारे छापे




**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रवर्तन निदेशालय ने मंगलवार को कथित फर्जी सीएसआर फंड घोटाले के सिलसिले में केरल में कई स्थानों पर छापेमारी की। घोटाले में जालसाजों ने लैपटॉप, दोपहिया वाहन और घरेलू उपकरण आधी कीमत पर देने का झूठा वादा करके केरल भर में कई लोगों से पैसे ठगे थे। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक, मामले के मुख्य संदिग्ध आनंदू कृष्णन से पैसे प्राप्त करने वाली संस्थाओं, ट्रस्टों और व्यक्तियों की तलाश की जा रही है। जांच से गरीब लोगों से एकत्र किए गए अपराध की आय का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है।

### जांच के दायरे में राजनेता भी

कुछ राजनेताओं, इलेक्ट्रॉनिक डीलरों, ऑटोमोटिव डीलरों और सहकारी बैंकों और एक उर्वरक निर्माण कंपनी की भूमिका संघीय जांच एजेंसी की जांच के दायरे में हैं। धन शोधन का मामला केरल पुलिस अपराध शाखा की एफआईआर से निकला है।

### ठगी गई कुल राशि लगभग 37 करोड़ रुपये

पुलिस को मिली शिकायतों के अनुसार, जालसाजों ने झूठे प्रस्ताव दिए। दावा किया कि यह छूट विभिन्न गैर सरकारी संगठनों और धर्मार्थ संगठनों की कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी (सीएसआर) गतिविधियों का हिस्सा है। पुलिस के अनुसार इन मामलों में ठगी गई कुल राशि लगभग 37 करोड़ रुपये है।

### पुलिस भी घोटाले की जांच कर रही

पुलिस ने इडुक्की जिले के थोडुपुझा निवासी कृष्णन को स्कूटर, सिलाई मशीन, घरेलू उपकरण और लैपटॉप आधी कीमत पर देने का वादा करके लोगों से कई करोड़ रुपये ठगने के आरोप में गिरफ्तार किया था। पुलिस इस घोटाले की जांच कर रही है।

## 'शिंदे द्वारा मंत्रालय में चिकित्सा सहायता प्रकोष्ठ बनाने में कुछ भी गलत नहीं'

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मुम्बई**



महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने मंगलवार को कहा कि उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे द्वारा मंत्रालय में चिकित्सा सहायता प्रकोष्ठ बनाने में कुछ भी गलत नहीं है, क्योंकि इसका मकसद लोगों की मदद करना है। मुख्यमंत्री राहत कोष (सीएमआरएफ) होने के बावजूद इस प्रकोष्ठ को बनाया गया है। शिंदे ने सोमवार को कहा था कि इसको लेकर मुख्यमंत्री फडणवीस के साथ किसी भी प्रकार का शीतयुद्ध नहीं है। शिंदे के करीबी सहयोगी मंगेश चिवटे इस नए चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रमुख होंगे। यह कदम राज्य सरकार में महायुति सहयोगियों के बीच विभिन्न मुद्दों को लेकर जारी विवादों के बीच उठाया गया है। इन विवादों में संरक्षक मंत्रियों की नियुक्ति का मुद्दा भी शामिल है। पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए फडणवीस ने कहा, ऐसे किसी भी प्रकोष्ठ के गठन में कुछ भी गलत नहीं है, क्योंकि इसका मकसद लोगों की मदद करना है। जब मैं उप मुख्यमंत्री था, तब मैंने भी ऐसा ही एक प्रकोष्ठ बनाया था।

### सामूहिक प्रयासों की दिशा में एक और कदम: शिंदे

शिंदे ने सोमवार को कहा था कि चिकित्सा सहायता प्रकोष्ठ नागरिकों को सेवा प्रदान करने के लिए सामूहिक प्रयासों की दिशा में एक कदम है। यह मुख्यमंत्री के वार रूम से जुड़ा होगा। उन्होंने यह भी कहा था कि उनका मकसद एक नई और प्रतिस्पर्धी व्यवस्था बनाना नहीं है, बल्कि बेहतर तरीके से काम करने मौजूदा व्यवस्था को मदद करना है। उन्होंने कहा, हमारे बीच कोई शीत युद्ध नहीं है। हम उन लोगों के खिलाफ एकजुट हैं, जो विकास का विरोध करते हैं। जब मैं मुख्यमंत्री थी, तो 31 अक्तूबर 2023 को तत्कालीन उप मुख्यमंत्री फडणवीस ने भी इसी तरह का प्रकोष्ठ बनाया था। मैंने बस अपनी टीम के लोगों के साथ दोबारा इसका गठन किया है।

### संजय राउत ने साधा निशाना

इस बीच, शिवसेना (यूबीटी) के सांसद संजय राउत ने दावा किया कि राज्य सरकार के भीतर समानांतर सरकार चलाई जा रही है। उन्होंने कहा, अगर सरकार इसी तरह से चलती रही तो राजनीतिक अराजकता और बढ़ेगी। राउत ने यह भी आरोप लगाया कि भाजपा ने ईवीएम का उपयोग करके 56 से 57 विधायकों की जीत सुनिश्चित की और अब वे अपनी ही सरकार को चुनौती दे रहे हैं।

## जबलपुर में स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी से परिसर में हड़कंप, बच्चों को निकाला गया बाहर

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। जबलपुर**




जबलपुर के सेंट गेब्रियल स्कूल में बम रखे होने की सूचना से हड़कंप मच गया। स्कूल में बम प्लांट होने की यह धमकी प्रिंसिपल को ईमेल के माध्यम से दी गई। स्कूल में बम होने की खबर जैसे ही फैली अफरा तफरी का माहौल पैदा हो गया। स्कूल में बम होने की धमकी उस समय दी गई, जब कुछ कक्षाओं में पढ़ाई चल रही थी। वहीं कुछ में परीक्षाएं हो रही थी। बम की खबर अभिभावकों तक भी पहुंची तो वे भी बड़ी तादाद में स्कूल पहुंचे। इस बीच स्कूल प्रशासन के द्वारा कक्षाओं को खाली की कराया गया और सभी विद्यार्थियों को बाहर भेज दिया गया। पुलिस की सूचना पर बम डिस्पोजल स्क्वाड भी स्कूल पहुंचा और चप्पे चप्पे की तलाशी ली गई। दरअसल, जबलपुर के रांझी इलाके में संचालित सेंट गेब्रियल हायर सेकेंडरी स्कूल में सुबह के वक्त प्रिंसिपल को ईमेल के जरिए स्कूल में बम होने की धमकी दी गई। शुरुआती जांच में यह बात सामने आई है कि किसी प्रभाकर नाम के व्यक्ति ने यह ईमेल किया है और उसके द्वारा शहर के अन्य स्कूलों में भी इसी तरह बम रखने और उन्हें उड़ाने की धमकी दी गई है। स्कूल में बम की खबर पाकर स्थानीय विधायक अशोक रोहाणी भी मौके पर पहुंचे और उन्होंने भी स्कूल प्रशासन अभिभावकों और पुलिस अधिकारियों से चर्चा की। पुलिस के मुताबिक इस पूरे मामले की गहराई से जांच की जा रही है और साइबर सेल के जरिए ईमेल भेजने वाले की भी पड़ताल की जा रही।

### कामायनी एक्सप्रेस में भी बम की सूचना

बलिया से लोकमान्य तिलक तक जाने वाली कामायनी एक्सप्रेस में बम होने की सूचना के बाद हड़कंप मच गया। सागर जिले के बीना जंक्शन पर ट्रेन को रोककर जांच की जा रही है। जानकारी के अनुसार मंगलवार दोपहर में बीना रेलवे स्टेशन पर उस समय हड़कंप मच गया, जब यहां रुकी ट्रेन में बम होने की सूचना पर आरपीएफ की टीम पहुंची। बलिया से लोकमान्य तिलक टर्मिनस तक जाने वाले 11072 कामायनी एक्सप्रेस को बीना स्टेशन पर रोका गया। आरपीएफ, जीआरपी के साथ ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई है। भोपाल कंट्रोल रूम रेलवे के आदेश पर ट्रेन की जांच की जा रही है। बताया जा रहा है कि ट्रेन में बम होने की अफवाह के चलते ये सारी कवायद की गई। कुछ डिब्बों से यात्रियों को भी निकाला गया और जांच की गई।

## नए मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति के विरोध में कांग्रेस

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

देश के नए मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति का कांग्रेस ने विरोध किया है। कांग्रेस ने नियुक्ति को संविधान की भावना के खिलाफ और चुनाव प्रक्रिया को नष्ट करने वाला बताया। कांग्रेस सांसद और महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा कि सत्तारूढ़ शासन देश की चुनाव प्रक्रिया को नष्ट कर रहा है। कांग्रेस सांसद ने एक्स पर लिखा कि आधी रात को जल्दबाजी में सरकार ने नए केंद्रीय चुनाव आयुक्त की नियुक्ति की अधिसूचना जारी कर दी है। यह हमारे संविधान की भावना के खिलाफ है। इसे सर्वोच्च न्यायालय ने कई मामलों में दोहराया है कि चुनावी प्रक्रिया की पवित्रता के लिए, मुख्य चुनाव आयुक्त को निष्पक्ष हितधारक होना चाहिए। संशोधित कानून ने मुख्य न्यायाधीश को मुख्य चुनाव आयुक्त चयन पैनल से हटा दिया है। सरकार को मुख्य चुनाव आयुक्त का चयन करने से पहले 19 फरवरी को सर्वोच्च न्यायालय की सुनवाई तक इंतजार करना चाहिए था। उन्होंने लिखा कि जल्दबाजी में बैठक आयोजित करने और नए चुनाव आयुक्त की नियुक्ति करने का उनका फैसला दिखाता है कि वे सर्वोच्च न्यायालय की जांच को दरकिनार करने और स्पष्ट आदेश आने से पहले नियुक्ति करवाना चाहते हैं।

## नए सीईसी की नियुक्ति के आधी रात के फैसले पर राहुल गांधी का बड़ा हमला, बोले, यह अपमानजनक और अशिष्ट

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**



देश के नए मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने केंद्र सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि जब मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति प्रक्रिया को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी जा रही है, तब आधी रात को नए मुख्य चुनाव आयुक्त के चयन का फैसला लेना प्रधानमंत्री, गृहमंत्री के लिए अपमानजनक और अशिष्ट है। राहुल गांधी ने एक्स पर एक पत्र साझा करते हुए पोस्ट में लिखा कि अगले मुख्य चुनाव आयुक्त का चयन करने के लिए हुई समिति की बैठक के दौरान मैंने प्रधानमंत्री और गृहमंत्री को एक असहमति नोट प्रस्तुत किया था। इसमें कहा गया था कि कार्यपालिका के हस्तक्षेप से मुक्त एक स्वतंत्र चुनाव आयोग का सबसे बुनियादी पहलू चुनाव आयुक्त और मुख्य चुनाव आयुक्त को चुनने की प्रक्रिया है। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश का उल्लंघन करके और भारत के मुख्य न्यायाधीश को समिति से हटाकर मोदी सरकार ने चुनावी प्रक्रिया की ईमानदारी को लेकर करोड़ों मतदाताओं की चिंताओं को बढ़ा दिया है। विपक्ष के नेता के रूप में यह मेरा कर्तव्य है कि मैं बाबासाहब आंबेडकर और हमारे राष्ट्र निर्माताओं के आदर्शों को कायम रखूं और सरकार को जवाबदेह ठहराऊं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री और गृह मंत्री द्वारा नए मुख्य चुनाव आयुक्त के चयन का आधी रात को निर्णय लेना अपमानजनक और अशिष्टतापूर्ण है। जबकि समिति की संरचना और प्रक्रिया को सर्वोच्च न्यायालय में चुनौती दी जा रही है। इस पर 48 घंटे से भी कम समय में सुनवाई होनी है।

### राहुल गांधी ने बैठक में दिए गए अपने असहमति नोट में यह लिखा

राहुल गांधी ने अपने असहमति नोट में लिखा कि जून 1949 में एक स्वतंत्र चुनाव आयोग की स्थापना पर चर्चा के लिए संविधान सभा में बोलते हुए डॉ. बाबा साहब आंबेडकर ने भारत के लोकतंत्र और चुनाव आयोग के मामलों में कार्यपालिका के हस्तक्षेप के बारे में चेतावनी दी थी। कार्यपालिका के हस्तक्षेप से मुक्त स्वतंत्र चुनाव आयोग का सबसे बुनियादी पहलू चुनाव आयुक्तों और मुख्य चुनाव आयुक्त को चुनने की प्रक्रिया है।

## धर्मेंद्र प्रधान बोले, रोने वाले बच्चे की तरह बर्ताव कर रहे राहुल, नहीं टूटा कोई नियम



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने सीईसी कि नियुक्ति पर आलोचना को लेकर राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि वह रोने वाले बच्चों की तरह काम कर रहे हैं, जबकि कोई नियम या कानून नहीं तोड़ा गया है। प्रधान ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा, कांग्रेस ने अपने राजनीतिक हितों की पूर्ति के लिए अपनी सुविधानुसार संविधान को कई बार कुचलाा। कांग्रेस ने बाबा साहब अंबेडकर का उपहास करने और उनका अपमान करने का कोई मौका नहीं छोड़ा, फिर भी कांग्रेस के युवराज बाबा साहब और हमारे संस्थापक नेताओं के आदर्शों को कायम रखने का दुस्साहस कर रहे हैं। प्रधान ने कहा, राहुल का यह ताजा तमाशा सीईसी की नियुक्ति पर विवाद पैदा करने और दुष्प्रचार का एक और प्रयास है। न्होंने पूछा कि क्या राहुल गांधी भूल गए हैं कि कांग्रेस के शासन के दौरान चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति कैसे की जाती थी? दशकों तक सत्ता में रहने के बावजूद कांग्रेस सरकार ने चयन तंत्र में सुधार के लिए कुछ क्यों नहीं किया?

### पहली बार कानून के अनुसार हुई सीईसी की नियुक्ति

शिक्षा मंत्री ने आगे कहा, वास्तव में, यह पहली बार है कि सीईसी की नियुक्ति संसद में पारित कानून के माध्यम से की गई है। यह हमारी सरकार है जिसने मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्त की नियुक्ति के लिए एक संयुक्त प्रणाली बनाई है, जिसमें विपक्ष के नेता भी शामिल हैं। यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी बिना किसी नियम/कानून के उल्लंघन के रोते बच्चे की तरह बर्ताव कर रही है।

### राहुल ने लगाए थे गंभीर आरोप

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने नए मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) की नियुक्ति के बाद मंगलवार को आरोप लगाया कि ऐसे समय में यह निर्णय आधी रात को लेना प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह के लिए गरिमा के प्रतिकूल है, जब चयन समिति की संरचना और प्रक्रिया को उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी गई है और 48 घंटे से भी कम समय में सुनवाई होनी है। उन्होंने यह आरोप भी लगाया कि सरकार का यह कदम वर्ष 2023 में आए उच्चतम न्यायालय के आदेश की मूल भावना का घोर उल्लंघन है।

## घरेलू हिंसा अधिनियम: सुप्रीम कोर्ट ने डिफॉल्टर राज्यों को दिया कड़ा संदेश, रिपोर्ट न देने पर जुर्माना भी

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को घरेलू हिंसा कानून के क्रियान्वयन पर स्थिति रिपोर्ट दाखिल न करने के लिए कई राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को फटकार लगाई है और 5,000 रुपये का जुर्माना अदा करने का आदेश दिया। कोर्ट ने इन राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को चार सप्ताह का समय दिया है, साथ ही चेतावनी दी कि अगर वे रिपोर्ट दाखिल नहीं करते हैं, तो अगली बार जुर्माना दोगुना हो जाएगा। पीठ ने मामले की अगली सुनवाई 25 मार्च को तय की है। मामले में सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना और प्रसन्ना बी वराले की पीठ ने यह आदेश तब दिया जब याचिकाकर्ता के वकील ने बताया कि कई राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों ने सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बावजूद अपनी स्थिति रिपोर्ट दाखिल नहीं की। बता दें कि सुप्रीम कोर्ट ने पहले 2 दिसंबर 2024 को आदेश दिया था कि सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को इस कानून के कार्यान्वयन पर स्थिति रिपोर्ट दाखिल करनी चाहिए। 17 जनवरी को कोर्ट ने रिपोर्ट दाखिल करने की समय सीमा 14 फरवरी तक बढ़ा दी थी।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) (राज्य ब्यूरो प्रमुख- संतोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)